हम उस पद के प्रत्यासी हैं, जो मिले आत्म अनुशासन से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

नर जीवन दे नारी कहती, अय नर! मुझ में मत उलझो रे।
हो सके त्याग जग नारी को, निज आतम नारी समझो रे॥
इस जन्मदातृ का मान रखें, अरु बचें भोग दुश्शासन से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

कुछ सोच रहे क्या-क्या खाएँ, कुछ सोच रहे अब क्या खाएँ।
यह पुण्य पाप की बलिहारी, जो चेतन स्वाद न चख पाएँ॥
निज ज्ञान रसोई हम चाहें, प्रभु चौबीसों जिन भगवन् से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

क्या अंधे का सूरज चंदा, क्या होली है क्या दीवाली।
बस ऐसे ही हम मोही हैं, आएँ खाली जाएँ खाली।
अब दीप जला विश्वास करें, कल चमकेंगे हम भगवन् से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

हम जहाँ गए उस रूप हुए, बस इससे ही विद्रूप हुए।
सान्निध्य आपका पाकर भी, क्यों अब तक ना चिद्रूप हुए॥
यह कर्मों की बाधा हर लें भगवान भक्त सम्मेलन से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

हम अपने हुए सो जग के हुए, अपराध यही कुछ कर बैठे।
अब हमें क्षमा कर अपना लो, हम नाथ आपके हैं बेटे॥
हम तेरे होंगे तब ही तो, फल पाएंगे निज चेतन से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

ज्यों लोहे को बस उसकी ही, खुद जंग मिला दे मिट्टी में।
यों गलत धारणा जीवों को, बरबाद करे हर दृष्टि में॥

ले अर्घ्य धारणा शुचि करने, अब करें प्रार्थना भगवन् से।
सो वृषभ आदि तीर्थंकर प्रभु, हो तुमको नमोऽस्तु गवासन से॥
ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।
जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं अर्हं श्री समवसरणस्थित-चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो नमः।

जयमाला (दोहा)

चौबीसों जिनराज के, समवसरण सुखकार।
पूजा लगे सुहावनी, गुण गाए संसार॥

(रोला)

गुण गाए संसार, भक्त हम करें नमोऽस्तु।
मण्डल को विस्तार, शीघ्र हम करें ज्योऽस्तु॥
दुनियाँ की क्या बात, मुक्ति खुद राह निहारे।
ऐसे जिनवर नाथ, दीजिए हमें सहारे॥१॥
आप सर्व सम्पन्न, मोह को नष्ट किए ज्यों।
अंतराय आवरण, कर्म भी नष्ट हुए त्यों॥
तीर्थंकर पद नाम, हुआ कर्मोदय जैसे।
शीघ्र बने भगवान, पूज्य अरिहंतों जैसे॥२॥
पाए केवलज्ञान, तभी इन्द्रासन डोले।
इन्द्र अवधि से जान, शीघ्र कुबेर से बोले॥
प्रभु पाए कैवल्य, रचो तुम समवसृती को।
सुरपति का आदेश, पुण्य सुख दे धनपति को॥३॥
जाकर अतः कुबेर, नमोऽस्तु कर करे अर्चना।
समवसरण निर्माण, किए हैं सुन्दर रचना॥
जिसका वर्णन कौन, करे वचनों के द्वारा।
अतः कमा लो पुण्य, भक्ति की पाकर धारा॥४॥

(दोहा)

बारह योजन आदि का, क्रमशः घट–घट अर्द्ध।
नेमिनाथ का डेढ़ हो, सवा पार्श्व का सर्ग॥
इक योजन का वीर का, समवसरण विस्तार।
हम तो सादर पूजते, यथाशक्ति सत्कार॥

(रोला)

यथा शक्ति सत्कार, करें हम जिनवर पूजा।
चौबीसों जिनराज, देव सा दिखे न दूजा॥
घातिकर्म को नाश, दोष अट्ठारह जीते।
गुण धारें छ्यालीस, चिदातम का रस पीते॥
भक्त प्रार्थना समवसरण प्रभु हमको देना।
थामो भक्त पतंग, उड़ा शिवपुर तक देना॥
जड़ धन की क्या बात, आतमा का धन पाकर।
'सुव्रत' हों अरिहंत, चरण गुण प्रभु के गाकर॥

(सोरठा)

महाजनों के मान्य, समवसरण चौबीस जिन।
हम अर्चक सामान्य, करते नमोऽस्तु रात दिन॥

ॐ ह्रीं श्री समवसरणस्थित–चतुर्विंशति तीर्थंकरेभ्यो अनर्घपद–प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

चौबीसों जिनवर करें, विश्व शान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दें, हम पूजत भगवान॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, चौबीसों जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

सहस्त्रकूट पूजन

स्थापना (ज्ञानोदय)

एक हजार आठ नामों के, बिम्ब जिनालय धाम रहे।
वही सहस्त्रकूट चैत्यालय, जिनशासन की शान रहे॥
कोटिभट श्रीपाल उसी का, दर खोले जय बोलें हम।
पूज्य सहस्त्रकूट के दर्शन, करके पूजन कर लें हम॥

(दोहा)

सहस्त्रकूट जिन बिम्ब के, हम पूजें जिन धाम।
हृदय कमल आसीन कर, नमोऽस्तु करें प्रणाम॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बसमूह! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलि...)

(लय—माता तू दया करके...)

जन्मों में शोर भरा, मरणों में है मातम।
दुख दर्द भरे जग में, कब पूजें परमातम॥
परमातम-जल पाने, यह नीर समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

रिश्तों में आग भरी, माया में है ज्वाला।
जब मोह करे आतम, तो हो जाता काला॥
जिन शरण मिले शीतल, यह गंध समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

कितने भव घूम चुके, प्रभु! तुम्हें भूल के हम।
चौरासी चक्कर में, हम पा न सके आतम॥

अब तुमसे मिलने को, ये पुंज समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

जो काम कामना में, आनन्द तृप्ति चाहें।
बदनाम वही होकर, पाते दुख की राहें॥
प्रभु चरणों में रमने, ये पुष्प समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

इन इन्द्रिय-विषयों में, रस जिन को आते हैं।
साँचे भगवन उन पर, खुश नहिं हो पाते हैं॥
अब प्रभु-कृपा पाने, नैवेद्य समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

ज्यों अधिक रोशनी में, कुछ दिखे न आँखों से।
त्यों अधिक सफलता में, सब भटकें राहों से॥
सन्मार्ग दिखा देना, शुभ दीप समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...।

कर्मों के खेलों में, जय किसने पाई है।
जिसने सब सहकर के, प्रभु महिमा गाई है॥
हों कर्म विजेता हम, यह धूप समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं...।

क्या योग्य हमारे है, यह तुम तो पहचानो।
बस वही भक्ति फल दो, जो उचित आप जानो॥
अब अपने सम कर लो, फल आज समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

कितने भव गुजर गए, हित हुए नहीं अपने।
प्रभु! आप बिना ये तो, क्या पूरे हों सपने॥
कल्याण विश्व का हो, यह अर्घ्य समर्पित है।
सो सहस्त्रकूट के सब, बिम्बों को नमोऽस्तु है॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद प्राप्तये अर्घ्यं...।

(ज्ञानोदय)

सहस्त्रकूट के पूर्व दिशा वा, विदिशा में जो चैत्य रहे।
दो सौ बावन बिम्ब वही तो, सुर-इन्द्रों से पूज्य रहे॥
सहस्त्रकूट से ज्ञान प्राप्ति को, अर्घ्य चढ़ा हम पूज रहे।
अलग-अलग वा साथ-साथ में, नमोऽस्तु के स्वर गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्य-पूर्वदिशा-विदिशा-सम्बंधी-सर्व-जिन-बिम्बेभ्यो अर्घ्यं...।

सहस्त्रकूट के दक्षिण दिशि वा, विदिशा में जो चैत्य रहे।
दो सौ बावन बिम्ब वही तो, नर-इन्द्रों से पूज्य रहे॥
सहस्त्रकूट से ध्यान प्राप्ति को, अर्घ्य चढ़ा हम पूज रहे।
अलग-अलग वा साथ-साथ में, नमोऽस्तु के स्वर गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्य-दक्षिण-दिशा-विदिशा-सम्बंधी-सर्व-जिन-बिम्बेभ्यो अर्घ्यं...।

सहस्त्रकूट के पश्चिम दिशि वा, विदिशा में जो चैत्य रहे।
दो सौ बावन बिम्ब वही तो, मुनि-इन्द्रों से पूज्य रहे॥

सहस्त्रकूट से तपो प्राप्ति को, अर्घ्य चढ़ा हम पूज रहे।
अलग-अलग वा साथ-साथ में, नमोऽस्तु के स्वर गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्य-पश्चिम-दिशा-विदिशा-सम्बंधी-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं...।

सहस्त्रकूट के उत्तर दिशि वा, विदिशा में जो चैत्य रहे।
दो सौ बावन बिम्ब वही तो, हम भक्तों से पूज्य रहे॥
सहस्त्रकूट से मोक्ष प्राप्ति को, अर्घ्य चढ़ा हम पूज रहे।
अलग-अलग वा साथ-साथ में, नमोऽस्तु के स्वर गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्य-उत्तर-दिशा-विदिशा-सम्बंधी-सर्व-जिन-बिम्बेभ्यो अर्घ्यं...।

(दोहा)

चउ दिशि विदिशा के सभी, सहस्त्रकूट के बिम्ब।
नमोऽस्तु कर हम पूजते, कल्याणक प्रतिबिम्ब॥

ॐ ह्रीं पंचकल्याणक मण्डित सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो नमो नमः।

जयमाला (दोहा)

सहस्त्रकूट के बिम्ब भज, आदिप्रभु के नाम।
भजें कहें जयमालिका, जिनशासन के धाम॥

(चौपाई)

धर्मों का सरताज रहा जो, जिनशासन का राज रहा वो।
सच्चे देव-शास्त्र-गुरु वाला, पूज्य पंच परमेष्ठी वाला॥१॥
नवों देवताओं के वाला, शुद्धातम आतम सुख वाला।
भक्त इसी का आश्रय पाके, खुश होते धन द्रव्य लगा के॥२॥

तरह-तरह मंदिर बनवा के, रचें आयतन दर्शन पाके।
जिनमें सहस्त्रकूट जिनालय, एक हजार आठ प्रभु की जय॥३॥
पद्मासन खड्गासन धारी, परम वीतरागी मनहारी।
सम्यग्दर्शन के साधन हैं, मोक्षमार्ग देते चेतन हैं॥४॥
अतः बुजुर्गों ने बनवाए, जैन धर्म की ध्वज फहराए।
यही भाव जब मन में आए, तो विद्यागुरु भक्त जगाए॥५॥
दे आशीष कराये जय-जय, सहस्त्रकूट के बने जिनालय।
जगह-जगह गुरु विद्या देते, वीतरागता दरशा देते॥६॥
हमको भी गुरु विद्या देना, सहस्त्रकूट सम शरणा लेना।
हम भी तुम सम बनें विरागी, शुद्धातम के हों अनुरागी॥७॥
हो अरिहंत सिद्ध आगामी, मुक्तिवधू के हम हों स्वामी।
'सुव्रत' यही भावना भाएँ, अपना नाम अमर कर जाएँ॥८॥

(सोरठा)

जपकर प्रभु के नाम, सहस्त्रकूट हम पूजते।
नमोऽस्तु करें प्रणाम, अपनी आतम खोजते॥

ॐ ह्रीं सहस्त्रकूट-चैत्यालयस्थ-सर्व-जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

सहस्त्रकूट स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, सहस्त्रकूट जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

सहस्रनाम पूजन

स्थापना (ज्ञानोदय)

श्री जिनसेनाचार्य गुरु ने, सहस्रनाम स्तोत्र रचा।
एक हजार आठ नामों का, तीर्थंकर संस्तोत्र रचा॥
आओ! हम भी प्रभु नामों का, पूजन पाठ भजन कर लें।
मन मंदिर के उच्चासन पर, प्रभु का आह्वानन कर लें॥

(दोहा)

हृदय वेदिका पर वसें, तीर्थंकर के नाम।
नमोऽस्तु कर हम पूज लें, चित् चैत्यालय धाम॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-श्री जिनेन्द्रसमूह अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

जनम-मरण के दुख हरें, करें आत्म उद्धार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, दें प्रासुक जल धार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

भव-भव का तपना हरें, पाएँ शान्ति अपार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, दें चंदन की धार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

राग-द्वेष भय को हरें, चलें जगत के पार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, हों अक्षत उपहार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

काम-भोग पीड़ा हरें, कर लें ब्रह्म विहार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, भेंट पुष्प का हार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

जड़-पुद्गल के रस तजें, हो अपना आहार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, सौंपें चरु रसदार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

मोह अँधेरा हर सकें, दीवाली त्यौहार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, करें दीप उजयार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

कर्मों के संग्राम में, करने जय-जयकार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, खे लें धूप बहार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

अपने-अपने कर्म के, फल भोगे संसार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, मिले मोक्षफल सार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

पाप रूप ब्रह्माण्ड है, सुख-दुख का विस्तार।
सहस्रनाम को नमोऽस्तु कर, अर्घ्य भेंट सुख द्वार॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

सहस्रनाम के नाथ के, कल्याणक त्यौहार।
अर्घ्य चढ़ा हम पूज लें, कर नमोऽस्तु सत्कार॥

ॐ ह्रीं पंचकल्याणक-प्राप्त-अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी जिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

सहस्रनाम का कर सकें, हम भी पथ स्वीकार।
सो जयमाला कह करें, नमोऽस्तु बारम्बार॥

(हाकलिका)

सहस्रनाम स्तोत्र रहा, जिनवर का संस्तोत्र महा।
प्रभु तीर्थेश नाम-माला, प्यारी पूज्य भजन-माला॥१॥

समवसरण में प्रभु बैठें, चरणों में सुर नर लेटें।
तब सौधर्म-इन्द्र आके, सहस्रनाम के गुण गाके॥२॥
करे निवेदन नत होकर, हो विहार प्रभु धरती पर।
आवेदन स्वीकार हुआ, प्रभु का भव्य-विहार हुआ॥३॥
भक्तों का उद्धार हुआ, ऐसा बारम्बार हुआ।
सहस्रनाम तब से सबको, प्यारा न्यारा भक्तों को॥४॥
इसकी महिमा सुख वाली, करे दशहरा दीवाली।
रोग शोक दुख कष्ट हरे, ऋद्धि-सिद्धि समृद्ध करे॥५॥
जग के सुख का क्या कहना, मोक्ष राज्य का दे गहना।
अतः मनन चिंतन कर लो, पूजन पाठ भजन कर लो॥६॥
जिससे दुख संकट ना हों, नहीं कष्ट दुर्घटना हों।
रोग शोक भय वैर टलें, लोग शान्ति की राह चलें॥७॥
प्रभु सम नाम कमाओ रे, 'सुव्रत' काम बनाओ रे।
प्रभु को नहीं भुलाओ रे, प्रभु जैसे बन जाओ रे॥८॥

(सोरठा)

प्रभु का सहस्रनाम, पढ़ें सुनें अर्चन करें।
पाने आतम राम, नमोऽस्तु कर वन्दन करें॥

ॐ ह्रीं अष्टोत्तरसहस्र-नामधारी-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

सहस्रनाम स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, सहस्रनाम जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

चारित्रशुद्धि पूजन

स्थापना (ज्ञानोदय)

जय-जय श्री अरिहंत जिनेश्वर, हरे घातिया चारों जो।
हे! छ्यालीस मूलगुणधारी, हमको जरा निहारो तो॥
रत्नत्रय दे समवसरण में, थोड़ी जगह हमें दे दो।
अपने जैसा हमें बनाने, अपनी शरण हमें ले लो॥

(दोहा)

व्रत चारित्र शुद्धि करें, अरिहंतों को पूज।
श्रद्धा गृह में आ वसो, गूँजें नमोऽस्तु गूंज॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिन्! अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(जोगीरासा)

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, जनम-मरण दुख पीते।
रत्नत्रय के अमृत जल से, शुद्धातम को सींचें॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को प्रासुक जल ले, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, भव ज्वाला सुलगाते।
रत्नत्रय का चंदन लेकर, चिदानन्द महकाते॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को चंदन लेकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, दर-दर दुख से घूमें।
रत्नत्रय के अक्षत लेकर, सिद्ध शहर में झूमें॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को पुंज चढ़ाकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, होते रागी कामी।
रत्नत्रय से निज रमणी के, हों दूल्हे आगामी॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को पुष्प चढ़ाकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्य: कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, जड़ रस भोजन चाहें।
रत्नत्रय की बना रसोई, निज रस चेतन चाखें॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को नेवज लेकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्य: क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, पाते घोर अँधेरे।
रत्नत्रय के दीप जलाकर, करते ज्ञान सबेरे॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को दीप जलाकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, सहें कर्म की जेलें।
रत्नत्रय के न्याय धरम से, मुक्ति बाग में खेलें॥

बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को धूप चढ़ाकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, बीज पाप के बोते।
रत्नत्रय की खेती करके, मोक्ष महल में होते॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को फल अर्पित कर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

बिन चारित्र शुद्धि के प्राणी, अपने से अनजाने।
रत्नत्रय के रत्न अर्घ्य से, पाते आत्म खजाने॥
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, शुद्धि हेतु पथ खोजें।
अरिहंतों को अर्घ्य चढ़ाकर, करके नमोऽस्तु पूजें॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतु:त्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्य मंत्र—ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा चारित्रशुद्धि व्रतेभ्यो नम:।

जयमाला

(दोहा)

कर चारित्रशुद्धि मिले, महा मोक्ष सुख धाम।
जयमाला गाकर करें, नमोऽस्तु नम्र प्रणाम॥

(चौपाई)

जय-जय श्री अरिहंत जिनन्दा, भक्तों के हो परमानन्दा।
समवसरण के ईश निराले, हो छ्यालीस मूलगुण वाले॥१॥

धर्मचक्र के जिनवर स्वामी, सिद्ध चिदातम हो आगामी।
दोष अठारह के जय कर्त्ता, मोक्षमार्ग तत्त्वों के नेता॥२॥
रत्नत्रय के पालक दाता, शुद्ध ब्रह्म वैदेही ज्ञाता।
आप रहे चारित्र खजाने, सो कमलासन आसन थामे॥३॥
परिग्रह के हो आप विजेता, सो सिंहासन चरणों लेटा।
मुक्तिवधू भी राह निहारे, नत नयना हो चरण पखारे॥४॥
अतः शरण में हम भी आए, रत्नत्रय पर हम ललचाए।
तेरह विध चारित्र धरें हम, पाँच महाव्रत को पालें हम॥५॥
पाँच समितियाँ तीन गुप्तियाँ, इस बिन किसकी हुईं मुक्तियाँ।
बारह सौ चौंतीस व्रतों की, करें शुद्धि चारित्र पदों की॥६॥
मिले स्वरूपाचरण चरित्रा, करें चेतना शुद्ध पवित्रा।
हे! चारित्र शिरोमणि ज्ञानी, सुनो! हमारी करुण कहानी॥७॥
सदाचार की शिक्षा दे दो, रन्तत्रय की दीक्षा दे दो।
अंत समाधिमरण कराना, 'सुव्रत' के व्रत शुद्ध बनाना॥८॥

(दोहा)

जो चारित्र शुद्धि करे, पाए पद अरिहंत।
बने सिद्ध सो कर रहे, नमोऽस्तु 'सुव्रत' संत॥

ॐ ह्रीं द्वादश-शताधिक चतुःत्रिंशत् (१२३४) रूप चारित्रशुद्धि शिरोमणि श्री अरिहंत परमेष्ठिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

करें पूज्य अरिहंत जी, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, अरिहंता जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

रविव्रत पूजन

स्थापना (दोहा)

पारसनाथ जिनेश को, हो नमोऽस्तु नत शीश।
रविव्रत की पूजा करें, पाने प्रभु आशीष॥

(शंभु)

हे पार्श्वनाथ! हे पार्श्वनाथ, उपसर्ग निवारक पार्श्वनाथ।
जो तुम्हें पूजते श्रद्धा से, वे मोक्षमहल के बनें नाथ॥
हम रविव्रत की पूजा करने, मन आंगन आज बुहार रहे।
अखियों से नाथ प्रवेश करें, नत हो कर जोड़ पुकार रहे॥

(दोहा)

इस अपार संसार में, पार्श्वनाथ शरणार्थ।
इच्छा पूरण कीजिये, सफल करें पुरुषार्थ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(जोगीरस)

क्षमा नीर पीकर प्रभु पारस, कषाय मल को धोएँ।
जन्म मरण से ना घबराएँ, तो संकट दुख खोएँ॥
इन संसार दुखों से बचके, ऋद्धि-सिद्धि सुख चाहें।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

कमठ क्रोध से जले जलाए, पर पारस बन ध्यानी।
समता का साम्राज्य लुटाए, कमठ हो गया पानी॥
राग द्वेष संताप मिटाने, चेतन चंदन चाहें।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं...।

अक्षयपद के अभिलाषी का, क्या कर लें बाधाएँ।
किन्तु स्वयं शर्मिंदा होकर, चरणों में झुक जाएँ॥
संकट में पथ धैर्य न छोड़ें, हम पारस बन जाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

कमठ करे उपसर्ग पार्श्व पर, चट्टानें बरसाए।
पर फूलों सी उन्हें लगें जो, आतम ध्यान लगाए॥
बंजर धरती कर उपजाऊ , ब्रह्म पुष्प महकाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

पारस का पा-रस हो जाते, बंजर कमठ रसीले।
आतम के रसिया बन जाते, क्यों न हुए हम गीले॥
भव-तृष्णा की भूख मिटाने, हम नैवेद्य चढ़ाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

मोह अंधेरे में फिर-फिर के, बना कमठ अज्ञानी।
रत्नत्रय का दीप जला के, पार्श्व बने निज ज्ञानी॥
केवलज्ञान प्रकाशी बनने, घी के दीप जलाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

द्वेष भाव से धूँ-धूँ जल के, कमठ करे उपसर्गा।
कर्मोदय को सहकर पारस, जीत लिए उपसर्गा॥
प्रभु सम कर्मविजेता बनने, खेकर धूप चढ़ाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

पारसमणि को छूकर लोहे, सोने के बन जाते।
पर पारस को छू श्रद्धालु, खुद पारस बन जाते॥
हमें भक्ति का फल यह देना, दुख संकट सह जाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

कमठ देखकर पारस प्रभु की, वीतराग मुद्रा को।
राग-द्वेष भूला हम धारें, वीतराग मुद्रा को॥
अर्घ्य चढ़ा वरदान मिले ये, यही भावना भाएँ।
पारस प्रभु को करके नमोऽस्तु, रविव्रत पूजा गाएँ॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

पारस प्रभु का नाम ले, रविव्रत पूजें लोग।
सुख संपति आनन्द पा, बनें मुक्ति के योग॥

(विष्णु)

जय-जय पारस, जय-जय पारस, जय पारस देवा।
देवों के तुम देव कहाते, भक्त करें सेवा॥
अश्वसेन के राज दुलारे, वामा के श्यामा।
पारस नगर बनारस जन्मे, गए मुक्ति धामा॥१॥
उपसर्गों के सांप भागते, ज्यों प्रभु नाम सुनें।
भक्तों के मन मोर मचल के, पारस नाम चुनें॥
पारस-पारस जप के पापी, परमेश्वर बनते।
रविव्रत का आधार बना के, पारस को भजते॥२॥

रविव्रत की है कथा निराली, आओ! कुछ वाँचें।
कथा व्यथा को हरने वाली, सुनकर के नाँचें॥
एक सेठ मतिसागर जिसका, पाप कर्म आया।
जिसका बेटा विदेश में जो, मिलने ना पाया॥३॥
मिलने की जब आशा टूटी, तो मुनि से पूछा।
मुनि बोले दुख हरने कर लो, रविव्रत की पूजा॥
सेठ किए ज्यों रविव्रत पूजा, विधि विधान करके।
हुई पुत्र से भेंट तभी तो, दुख वियोग हरके॥४॥
जो प्रभु की पूजा करते वो, भक्त इन्द्र जैसे।
ऋद्धि-सिद्धि सुख सम्पत्ति पाते, उन्हें कष्ट कैसे॥
काक बीट सम वो गिनते हैं, जड़ धन सुख नाते।
संकटमोचक, निज ज्ञायक वो, पारस बन जाते॥५॥
हम भी रविव्रत पूजा करके, देखें ये सपने।
झट अरिहंत सिद्ध बन जाएँ, गुण पाकर अपने॥
जब तक ऐसा हो ना तब तक, पारस को पूजें।
'सुव्रत' को लख लोगों के मुख, सूजें तो सूजें॥

(सोरठा)

रविव्रत की कर जाप, संकट दुख का नाश हो।
कटें कर्म अभिशाप, अपना मोक्ष निवास हो॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्री पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

पार्श्वनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, पार्श्वनाथ जिनराय ॥

(पुष्पांजलिं...)

जिनवाणी सरस्वती पूजन

स्थापना (दोहा)

जिनवाणी जिन भारती, हरती दुख अज्ञान।
सो पूजें जिन सरस्वती, कर नमोऽस्तु सम्मान॥

(त्रिभंगी)

तीर्थंकर वाणी, जगकल्याणी, सुनकर प्राणी, ज्ञान करें।
जिन तत्त्व प्रकाशी, धर्म विकासी, मोक्ष निवासी, दान करें॥
हम करें अर्चना, यही प्रार्थना, करें साधना, तत्त्वों को।
माँ हृदय पधारें, रूप निखारें, पार उतारें, भक्तों को॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

तन होता निर्मल, खोता जग-मल, गंगा के जल-पानी से।
निज चेतन चमके, दुनियाँ महके, प्रभु की सुन के, वाणी से॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, जल से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं...।

हम जग के ध्यानी, लोभी मानी, हो अज्ञानी, पाप करें
यह दुनियाँ सपना, फिर क्यों तपना, पाके अपना, ताप हरें॥
तीर्थंकर वाणी सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, चंदन अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

वाणी तो नश्वर, पर अविनश्वर, देती शिवपुर, ज्ञानी को।
पर में क्यों फूले, आतम भूले, अब तो छूले, वाणी को॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, अक्षत अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

भव सुमन महकते, जीव चहकते, इनमें फँसते, बन भोगी।
जिन सुमन वचन सुन, अंतस में गुन, ब्रह्म रमण चुन, बन योगी॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, पुष्पक अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

यह क्षुधा हमारी, है बीमारी, दुख दे भारी, कब तज लें।
जिन वचन सहाई, क्षुधा दवाई, निज रस दायी, कब चख लें॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, नैवज अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

हे! प्रभु बिन तेरे, घोर अँधेरे, कहाँ सबेरे, होंगे रे।
दो हमें उजाले, आतम वाले, फिर क्यों काले, होंगे रे॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, दीप से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

ये कर्म कषैले, ऐसे खेले, भव-भव मैले, हमें करें।
जिन वचन तरंगी, सात सुभंगी, विमल तरंगी, कर्म हरें॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, धूप से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

बिन श्री जिनवाणी, सुन निज वाणी, सारे प्राणी, दुख भोगें।
जिनवाणी गा के, पाप नशा के, आतम ध्याके, सुख भोगें॥
तीर्थंकर वाणी सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, फल से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

जिनवाणी मैया, संयम नैया, दे के भैया, मुक्त करें।
सो करें सवारी, हों अनगारी, मुक्ति नारी, प्राप्त करें॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, अर्घ्य से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

प्रथमानुयोग-अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

जो परमार्थ बताने वाले, चरित पुराण शास्त्र होते।
शंका रहित रहें ज्यों के त्यों, देकर पुण्य-पाप धोते॥
बोधि-समाधि के भण्डारे, जो श्रद्धा मजबूत करें।
वो प्रथमानुयोग उन्हीं को, लेकर अर्घ्य नमोऽस्तु करें॥

ॐ ह्रीं श्री प्रथमानुयोग संबंधिनः जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं...।

करणानुयोग-अर्घ्य

लोकालोक विभाग बताएँ, षट्कालों के परिवर्तन।
सभी योनियों सब गतियों के, हाल बताएँ दर्पण सम॥
अपने भावों के फल क्या हों, भवदुख से भयभीत करें।
वो करणानुयोग उन्हीं को, लेकर अर्घ्य नमोऽस्तु करें॥

ॐ ह्रीं श्री करणानुयोग संबंधिनः जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं...।

चरणानुयोग-अर्घ्य

श्रावकचर्या मुनिचर्या का, सम्यग्ज्ञान सिखाए जो।
यम-संयम चारित्र धारने, रक्षासूत्र बताए जो॥
राग-द्वेष की वृत्ति त्यागने, चेतन शुद्ध स्वरूप करें।
वो चरणानुयोग उन्हीं को, लेकर अर्घ्य नमोऽस्तु करें॥

ॐ ह्रीं श्री चरणानुयोग संबंधिनः जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं...।

द्रव्यानुयोग-अर्घ्य

जीवाजीव पुण्य-पापों के, बंध-मोक्ष के तत्त्वों के।
सत्य स्वरूप बताकर हरते, मोह अँधेरे भक्तों के॥
'सव्वे सुद्धा हु सुद्ध णया' से, सिद्ध रूप चैतन्य करें।
वो द्रव्यानुयोग उन्हीं को, लेकर अर्घ्य नमोऽस्तु करें॥

ॐ ह्रीं श्री द्रव्यानुयोग संबंधिनः जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अर्घ्यं...।

सम्पूर्ण श्रुत-अर्घ्य

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं, नमः रूप ओंकारमयी।
द्रव्यभावश्रुत आत्म स्वरूपा, द्वादशांग अनेकान्तमयी॥
जग कल्याणी जो जिनवाणी, माँ जैसा उपकार करें।
हीनाधिक बिन जिन-आगम को, लेकर अर्घ्य नमोऽस्तु करें॥

(दोहा)

इक सौ बारह कोटियाँ, कुल तेरासी लाख।
अट्ठावन हजार तथा, द्वादशांग पद पाँच॥

ॐ ह्रीं श्री दिव्यध्वनिरूप-सम्पूर्णजिनागम-स्वरूप जिनमुखोद्भव सरस्वती-देव्यै अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै नमः।

जयमाला (दोहा)

दिव्य ध्वनि ओंकारमय, दे निज-पर का ज्ञान।
सो जयमाला हम कहें, कर नमोऽस्तु सम्मान॥

(ज्ञानोदय)

पहला आचारांग इसी में, पद अष्टादस रहे हजार।
दूजा सूत्र कृतांग अंग है, जिसमें पद छत्तीस हजार॥
स्थानांग है अंग तीसरा, जिसमें पद ब्यालीस हजार।
चौथा समवायांग जहाँ पद, एक लाख चौंसठ हज्जार॥१॥

पंचम व्याख्या प्रज्ञप्ति में, पद दो लख अठबीस हजार।
छठवें ज्ञातृकथा में पद हैं, पाँच लाख छप्पन हज्जार॥
उपासकाध्यानंग सातवाँ, ग्यारह लख सत्तर हज्जार।
रहे अन्तकृत अष्टम में पद, तेइस लख अठबीस हजार॥२॥
नौवें अनुत्तर दशांग में, बानवें लख चवालीस हजार।
अंग प्रश्नव्याकरण दसम में, लाख तिरानवें सोल हजार॥
सूत्र विपाक ग्यारवें में पद, एक करोड़ चौरासी लाख।
बारहवाँ तो दृष्टिवाद है, पाँच भेद हैं जिसकी शाख॥३॥
जहाँ एक सौ आठ कोटि अरु, इकसठ लाख छप्पन हजार।
और पाँच पद बारहवें में, जिनकी होती जय-जयकार॥
एक अरब बारह करोड़ अरु, जोड़े पद तेरासी लाख।
फिर अट्ठावन हजार पाँच पद, द्वादशांग के कुल पद शाख॥४॥
पद का प्रमाण श्लोकों में, कुल इक्यावन करोड़ हैं।
आठ लाख हजार चौरासी, छह सो साढ़े इक्कीस हैं॥
इस विध तीर्थंकर के द्वारा, कथित ज्ञान श्रुतसागर का।
गणधर देवों ने ग्रन्थों में, गूँथा सम्यक् गागर का॥५॥
अंग उपांग प्रकीर्णक पाहुड, सूत्र पूर्वगत धर्म कथा।
थुति परिकर्म प्रथम अनुयोगा, ठवन चूलिका ज्ञान कथा॥
समीचीन जिन सरस्वती की, पूजा कर अज्ञान हरें।
रत्नत्रय संयम धारण कर, शाश्वत केवलज्ञान करें॥६॥
भजें द्रव्यश्रुत मिले भावश्रुत, अतः अर्चना रचा रहे।
भाव भक्ति से पर्व मनाकर, शिखर मान का गला रहे॥
संकट दुख कर्मों का क्षय हो, बोधि लाभ हो सुगति गमन।
अंत समाधि मरण करें हम, 'सुव्रत' पाएँ जिनगुण धन॥७॥

(दोहा)

जिनवाणी के ज्ञान से, समझें सार असार।
सो नमोऽस्तु हम सब करें, पाने को भव पार॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

जिनवाणी माता करें, विश्व शान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत श्रुतज्ञान॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दु:खों को मेंट दो, जिनवाणी श्रुतराय॥

(पुष्पांजलिं...)

विद्यागुरु पूजन

स्थापना (दोहा)

नन्दन हैं तीर्थेश के, भवसागर के पार।
विद्या गुरु ज्ञानेश को, नमन अनन्तों बार॥

(ज्ञानोदय)

हे विद्या गुरु! हे विद्या गुरु! करें आपका हम वन्दन।
नहीं भरे मन वन्दन से तो, करें आपकी पद पूजन॥
पूजन करके भी प्यासा मन, खाली-खाली सा रहता।
तभी भक्ति के इस साधन से, गुण गाकर मन खुश रहता॥१॥
हमने गुरुवर यही सुना कि, गुणी बनें गुण गाकर के।
पाप गले झट मिले सफलता, गुरुचरणों में आकर के॥
तभी लिखें हम मानस तल पर, विद्या नाम महा न्यारा।
आओ गुरुवर! इस आसन पर, करें समर्पण हम सारा॥ २॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्र! अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं..)

नीर तीर दे पीर चीर दे, प्राणी को सुख दे पानी।
उदक फुदक कर जल मल हरता, पयस् सरस जग कल्याणी॥
किन्तु कभी ये घातक भी हों, इस पर अपना ध्यान नहीं।
लेकिन प्रासुक जल से गुरु की, पूजा दे वरदान सही॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

छेदन भेदन ताड़न में भी, सदा महकता चन्दन है।
किन्तु आग में राख बने फिर, निज गुण खोता चन्दन है॥
लेकिन गुरु हर दिशा दशा में, धैर्य धार समता ध्याते।
तभी आपके चरणों में हम, चन्दन वन्दन को लाते॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

ये संसार चक्र है देखो, कुछ भी यहाँ अवस्थित ना।
धन दौलत कुर्सी के खातिर, भ्रात-भ्रात में बैर तना॥
तभी आप ये जग माया तज, बनें निरम्बर अविकारी।
अक्षयपद के तुम अभिलाषी, मोक्ष राज्य के अधिकारी॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

जिसने लाँघीं सब सीमाएँ, सब पर रौब जमाता जो।
सब पर अपना हुकुम चलाता, कामदेव कहलाता वो॥
किन्तु आपसे वही हारकर, चरणों में टेके माथा।
वाह! वाह! उस ब्रह्मचर्य की, अर्चन कर गाएँ गाथा॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

सारा जग खाने को जीता, पर तुम जीने को खाते।
उस पर भी संयम पालन को, भांति-भांति तप अपनाते॥

भोजन त्याग भजन करते हो, ज्ञानामृत का पान करो।
ज्ञानामृत गुरु हमें पिलाकर, भूख प्यास दुख शान्त करो॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

मोह धुन्ध भव कन्द मोह है, द्वन्द्व-फन्द दुर्गन्ध नसा।
धूप भूख विष-कूप भूप है, मोह-चोर चहुँ ओर वसा॥
बन वैरागी ज्ञान-कला से, आप किए हल इन सबका।
दीपक से हम करें आरती, मिटे अँधेरा भव-भव का॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

फूलों का जो सार इत्र वह, घर आँगन जग महकाता।
किन्तु देह को छूकर क्षण में, मल जैसा वह बन जाता॥
जो चारित्र सार जीवन का, वो तुम पाकर महक रहे।
धूप चढ़ाकर गुरु चरणों में, खुशी-खुशी हम चहक रहे॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

फल से फसल फसल से फल हों, प्रथम कौन यह पता नहीं।
किन्तु परस्पर कारण बनते, कर्म कर्म फल कथा यही॥
कर्म कर्मफल तुम्हें न रुचते, तुम्हें मोक्ष फल को पाना।
यही हमारी भी इच्छा है, फल अर्पित कर फल पाना॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

अर्घ्य चढ़ाने वालों को गुरु, बस ऐसा वरदान रहे।
नयनों में हो चित्र आपका, होठों पर गुरु नाम रहे॥
कान आपकी सुनें कहानी, मन में गुरु का ध्यान रहे।
गात-माथ गुरु सेवा में हो, साँस-साँस गुरु नाम रहे॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय नमः।

जयमाला

(दोहा)

गुण पाना दुर्लभ रहा, बहुत कठिन गुणगान।
गुण पाने गुण गा रहे, जयमाला के नाम॥

(ज्ञानोदय)

सारी की सारी यह दुनियाँ, अटक रही जब भोगों में।
तभी आप भोगों को तजकर, मगन रहो निज योगों में॥
दुनियाँ में गुरु ऐसे रहते, कीच बीच ज्यों कमल रहे।
जंगदार लोहे जैसे हम, तुम सोने से अमल रहे॥ १॥
दिन में हम सारे जग वाले, दुखवर्धक ही काम करें।
और रात को चूर-चूर हो, सुख नाशक आराम करें॥
किन्तु आप दिन में तत्त्वों के, राज समझते समझाते।
और रात में सावधान हो, ध्यान लगाते सुख पाते॥ २॥
ठण्डी से डरकर हम भागें, शीत लहर से जब काँपें।
कोट रजाई गद्दा कंबल, तरह-तरह से तन ढाँकें॥
किन्तु आप तो रहो निरम्बर, और खुले नभ में सोते।
देख आपकी कठिन साधना, कर्म काँप फक-फक रोते॥ ३॥
गर्मी से जब ताल तलैया, नदी सरोवर सूख रहे।
हरियाली का नाम न दिखता, ठूँठ-ठूँठ से रूख रहे॥
दुनियाँ वाले पंखा कूलर, ए.सी. में आराम करें।
तभी आप तन से ममता तज, उच्च शिखर पर ध्यान करें॥ ४॥
वर्षा की क्या बात कहें हम, वर्षा ऋतुओं की रानी।
बिजली बादल इसी बहाने, पद प्रक्षाल करे पानी॥

जहाँ इन्द्रियाँ इस दुनियाँ पर, हुकुम चलाती मनमानी।
वहीं इन्द्रियाँ देख साधना, हो जातीं पानी-पानी॥ ५॥

नाथ! हमारी विनती सुनकर, हमें निहारो अपनाओ।
विद्यारथ पर हमें बिठाकर, मोक्ष महल तक पहुँचाओ॥
बस इतना सा काम करा दो, फिर ना भीड़ बढ़ाएंगे।
ना पकड़ेंगे पाँव आपके, ना ही शोर मचाएंगे॥ ६॥

काम हमारा नहीं हुआ तो, बार-बार आना होगा।
भीड़ बढ़ाना भजन सुनाना, चरणों को छूना होगा॥
करें समर्पित 'सुव्रत' सब कुछ, समाधान तुम प्रश्नों के।
धरती अम्बर रोशन तुमसे, आन वान तुम जश्नों के॥

(दोहा)

सरल रहा बनना गुणी, दुर्लभ है गुणगान।
पाकर गुरु आशीष हों, सभी कार्य आसान॥

ॐ ह्रूं आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागरजी मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घं...।

(दोहा)

विद्या विद्या दे करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत गुरुनाम॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे विद्या गुरुराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

पर्व पूजन खण्ड

सोलहकारण पूजन

स्थापना (दोहा)

सोलहकारण भावना, भव्य जीव जो भाएँ।
तीर्थंकर वो हम भजें, कर नमोऽस्तु गुण गाएँ॥

(ज्ञानोदय)

मिथ्या हर सम्यग्दर्शन कर, सोलहकारण जो भाएँ।
तीर्थंकरप्रकृति वो बाँधे, पाँचों कल्याणक पाएँ।
धर्म चक्र के बनें प्रवर्तक, निज पर का उद्धार करें।
लोक पूज्य को हम भी पूजें, नमोऽस्तु बारम्बार करें॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणाणि अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(आंचली बद्ध चौपाई)

जल धोता मिथ्या मल गाँव, देता रत्नत्रय का गाँव।
अतः ले नीर, भवसागर तैरें बन वीर।
भजें भावना सोलह रोज, तीर्थंकर पद की हो खोज।
बनें जिनराज, सो नमोऽस्तु कर पूजें आज॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं...।

चंदन हरता तन का ताप, पथ दे हर ले भव संताप।
अतः ले गन्ध, पाएँ संयम परमानन्द॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

क्षत-विक्षत में कर विश्वास, धर न सके अक्षय संन्यास।
अतः ले पुंज, हम भी पाए आतम कुंज॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

विषयों की नित उड़ती धूल, सो कर बैठे कामी भूल।
अतः ले फूल, विषय भोग के त्यागें शूल॥
भजें भावना सोलह रोज, तीर्थंकर पद की हो खोज।
बनें जिनराज, सो नमोऽस्तु कर पूजें आज॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यः कामबाण विध्वंसानाय पुष्पाणि...।

बिन विवेक हम कर आहार, दुखी हुए होकर बीमार।
अतः नैवेद्य, भेंट करें बनने निज-वैद्य॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

भेद-ज्ञान के खोलें नैन, सो हम करें आरती जैन।
मिटे अँधयार, दीपों वाला हो त्यौहार॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

शुद्ध भाव तो मिल न पाएँ, शुभ भावों पर हम ललचाएँ।
अतः ले धूप, खे महकाएँ चिन्मय रूप॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

विष-फल है सारा संसार, जिसे भोगकर हों लाचार।
अतः फल भेंट, पूजा कर पाएँ निज-भेंट॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

प्रासुक द्रव्य मिलाकर आठ, अर्घ्य बना करलें जिन पाठ।
करें कल्याण, पूजन कर पाएँ निर्वाण॥ भजें...

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

अर्घ्यावली (दोहा)

देव-शास्त्र-गुरु पूज के, सम्यग्दर्शन होए।
विश्व शान्ति से शुद्ध कर, दर्शन विशुद्धि होए॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शन विशुद्धि-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१॥

गुणियों का सम्मान ही, धर्म–महल आधार।
यही विनयसम्पन्नता, मोक्ष महल का द्वार॥

ॐ ह्रीं श्री विनयसम्पन्नता–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥२॥

सप्तशील व्रत हैं जहाँ, वहाँ झुके संसार।
निरतिचार यह शीलव्रत, है सुख का भण्डार॥

ॐ ह्रीं श्री निरतिचार शीलव्रत–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥३॥

सदा ज्ञान अभ्यास जो, करें आत्म का ज्ञान।
अभीक्ष्णज्ञानोपयोग ये, करे स्व–पर कल्याण॥

ॐ ह्रीं श्री अभीक्ष्णज्ञानोपयोग–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥४॥

जगत दुखों से जो डरे, मुनि बन बने जिनेश।
यही भाव संवेग है, सुख दे हमें विशेष॥

ॐ ह्रीं श्री संवेग–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥५॥

यथाशक्ति से त्याग कर, जो करते निज दान।
मिलें रत्न निधियाँ उन्हें, वो बनते भगवान्॥

ॐ ह्रीं श्री शक्तितस्त्याग–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥६॥

यथाशक्ति से तप तपें, इच्छा करें निरोध।
बारह तप से कर्म हर, कर लें आतम शोध॥

ॐ ह्रीं श्री शक्तितस्तप–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥७॥

नग्न दिगम्बर साधु के, करे विघ्न जो दूर।
साधुसमाधि है यही, सुख यश दे भरपूर॥

ॐ ह्रीं श्री साधुसमाधि–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥८॥

मुनि–सेवा करना सदा, चर्या में सहयोग।
वैयावृत्यकरण यही, बने मुक्ति के योग॥

ॐ ह्रीं श्री वैयावृत्यकरण–भावनायै नमः अर्घ्यं...॥९॥

अरिहंतों की अर्चना, भाव भक्ति गुणगान।
अर्हद्भक्ति है यही, वीतराग विज्ञान॥

ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भक्ति-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१०॥

शिक्षा दीक्षा दें हमें, मोक्षमार्ग दें दान।
आचार्यों की भक्ति कर, पा जाते निर्वाण॥

ॐ ह्रीं श्री आचार्यभक्ति-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥११॥

उपाध्याय की भक्ति कर, मिटे पाप अज्ञान।
जीवों में हो मित्रता, पाते केवलज्ञान॥

ॐ ह्रीं श्री बहुश्रुतभक्ति-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१२॥

आगमोक्त स्वाध्याय कर, अंतरतम हो नाश।
प्रवचनभक्ति दे यही, चित् चैतन्य प्रकाश॥

ॐ ह्रीं श्री प्रवचनभक्ति-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१३॥

छह आवश्यक पालना, पूरे निज-निज काल।
आवश्यकापरिहाणि ये, करती मालामाल॥

ॐ ह्रीं श्री आवश्यकापरिहाणि-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१४॥

ज्ञान ध्यान चारित्र से, रागद्वेष हर मान।
करके मार्गप्रभावना, बढ़े धर्म की शान॥

ॐ ह्रीं श्री मार्गप्रभावना-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१५॥

साथी से गोवत्स सम, रखें प्रेम वात्सल्य।
ये प्रवचन-वत्सलत्व है, हरे जगत की शल्य॥

ॐ ह्रीं श्री प्रवचन-वात्सल्य-भावनायै नमः अर्घ्यं...॥१६॥

पूर्णार्घ्य

सोलह कारण भावना, भाकर बने अनर्घ।
पृथक्-पृथक् वा साथ में, हो नमोऽस्तु ले अर्घ्य॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये पूर्णार्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो नमः।

जयमाला

भाकर सोलह भावना, हों तीर्थंकर सिद्ध।
नमोऽस्तु कर जयमाल कर, होते भक्त प्रसिद्ध॥

(चौपाई)

प्राणी अनादि मिथ्यादृष्टि, पाकर साँची करुणा दृष्टि।
मिथ्या हर हों सम्यग्दृष्टि, भाएँ भावना बदले सृष्टि॥१॥
जीवमात्र के हों हितकारी, दरशविशुद्धि धरें उपकारी।
विनय मोक्ष का महल घुमाये, सब में मैत्री भाव जगाए॥२॥
जो निर्दोष शील आचारी, उसे पूजते सब संसारी।
ज्ञान तत्त्व का जो अभ्यासी, मोक्ष चले बनकर संन्यासी॥३॥
धर संवेग तजे जग-जाला, निज वैभव का खोले ताला।
दान-त्याग जो खुश हो करते, ऋद्धि-सिद्धि से निज घर भरते॥४॥
यथाशक्ति जो करें तपस्या, निज पर की वह हरें समस्या।
साधुसमाधि करें जो प्राणी, अंत समाधि हो कल्याणी॥५॥
वैयावृत्य करें जो सेवा, वही बनें देवों के देवा।
अरिहंतों के जो अनुरागी, वही बनें आतम के स्वादी॥६॥
आचार्यों के जो श्रद्धालु, धर्म अहिंसा धरें दयालु।
उपाध्याय बहुश्रुत की ज्योति, पाप हरें दे आतम मोती॥७॥
प्रवचन शास्त्रों के अध्येता, मोक्षमार्ग के बनते नेता।
जो अवश्य आवश्यक पालें, दुख संकट से नाँव तिरा लें॥८॥
जिनशासन ध्वज जो फहराएँ, वो शुद्धातम को चमकाएँ।
गौ-बछड़े सी ममता धारें, निजानन्द चैतन्य निखारें॥९॥
यही भावना भव की नाशी, परमातम गुण आत्म विकासी।
'सुव्रत' यही भावना भाएँ, तीर्थंकर बन सिद्ध कहाएँ॥१०॥

(सोरठा)

तीर्थंकर के योग्य, सोलहकारण भावना।
कर नमोऽस्तु हम लोग, भाएँ करने साधना॥

ॐ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्ध्यादि षोडशकारणेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

सोलहकारण नित करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, सोलहकारण भाय॥

(पुष्पांजलिं...)

पंचमेरू पूजन

स्थापना (दोहा)

पंचमेरू जिन बिम्ब की, महिमा बड़ी महान।
द्रव्य भाव से हम करें, जिनपूजन गुणगान॥

(हरिगीतिका)

तीर्थंकरों के बिम्ब दर्शन, इन्द्र करके पूजते।
अभिषेक कर देकर प्रदक्षिण, आत्म अपनी खोजते॥
वो पंचमेरू के जिनालय, दिव्य अस्सी सुख सजें।
हैं एक सौ अठ बिम्ब हर में, कर नमोऽस्तु हम भजें॥

(दोहा)

मन वेदी पर आइए, पंचमेरू भगवान्।
हम को स्वस्थ बनाइए, सुनकर यह आह्वान॥

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्ब समूह ! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...।

(पुष्पांजलिं...)

(आँचलीबद्ध चौपाई)

जन्म आदि से हो भयभीत, जिनवर से कर बैठे प्रीत।
सुनो भगवान्, भव जल तिरने दो सुख यान॥
पंचमेरू मंदिर जिन ईश, आठ हजार छह सौ चालीस।
भजें सुर लोग, कर नमोऽस्तु पूजें हम लोग॥

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

शीतल तन है मृतक समान, जो देता हमको यह ज्ञान।
तजो यह काय, चेतन चंदन सी हो जाय॥ पंचमेरू...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं...।

पंचमेरू हैं अक्षय धाम, दिखे वहीं से मोक्ष मुकाम।
रहे आदर्श, दें निज दर्श दिलाएँ हर्ष॥ पंचमेरू...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

खिलें कीच में फूल समान, पंचमेरू यों उच्च महान।
नशायें राग, निज में रमने दें वैराग्य॥ पंचमेरू...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

पंचमेरू की करके याद, यदि आहार लगे बेस्वाद।
तभी चैतन्य, लगे रसीला दे आनन्द॥ पंचमेरू ...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

पंचमेरू उज्ज्वल मालाएँ, आतम झिलमिल सी झलकाएँ।
जला के दीप, हम प्रभु के जा वसें समीप॥ पंचमेरू ...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

पंचमेरू सम निश्चल होएँ, करें तपस्या तो क्यों रोएँ।
कटें सब कर्म, सिद्धालय का पायें धर्म॥ पंचमेरू ...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

दुनियाँ पापों का विस्तार, पुण्यफला अरिहंता द्वार।
दिलाए मोक्ष, पूजा का फल आतम सौख्य॥ पंचमेरू ...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

पंचमेरू जिनशासन पर्व, भक्त चढ़ाके जिनको अर्घ्य।
करें त्यौहार, कर लें प्रभु सा निज उद्धार॥ पंचमेरू ...

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो नमः।

जयमाला (दोहा)

प्रथम सुदर्शन फिर विजय, अचल रु मन्दर चार।
विद्युन्माली नाम के, पंचमेरू सुखकार॥

(ज्ञानोदय)

अनन्त जो आकाश तत्त्व के, बीचों-बीच लोक शोभे।
जिसके अंदर त्रसनाली में, मध्यलोक मन को मोहे॥
वहीं केन्द्र में जम्बूद्वीप के, मध्य सुदर्शन मेरु रहे।
मूल एक हजार योजन कुल, इक लख योजन उच्च रहे॥१॥
सोने के मणियों से निर्मित, जग में रहे मुकुट के सम।
जिस पर भद्रशाल नन्दन वन, रहे सौमनस पाण्डुक वन॥
चार दिशाओं के ये वन हैं, जहाँ शिलाएँ हैं चारों।
वहीं जन्म अभिषेक करें सुर, ढारो रे! कलशा ढारो॥२॥

इन्हीं वनों में रहे जिनालय, जिनकी है सोलह संख्या।
एक जिनालय में बिम्बों की, इक सौ आठ रही संख्या॥
भद्रशाल पूरव पश्चिम में, बाईस हजार योजन है।
हरा भरा नाना वृक्षों से, रत्न रचित मन मोहन है॥३॥
भद्रशाल के ज्यों वैभव हों, तीन मेरुओं के वैसे।
जंबूद्वीप के मेरु जैसे, चार मेरु भी हैं वैसे॥
पूरे अस्सी रहे जिनालय, अकृत्रिम को टेको शीश।
बिम्बों की संख्या भी सुन लो, अठ हजार छह सौ चालीस॥४॥
उज्ज्वल-उज्ज्वल गन्ध सुगंधित, अचिन्त्य महिमावान् रहे।
अनादि अनिधन सुरासुरों से, पूजित जिन भगवान् रहे॥
जिनकी महिमा कही न जाए, सजे नाट्यशालाओं से।
हम तो सादर करें नमोऽस्तु, भक्ति समर्पण भावों से॥५॥
पंचमेरू की बिम्ब अर्चना, थापन कर हम आज करें।
पूजा का फल यही चाहते, साक्षात् पूजन शीघ्र करें॥
फिर संवेग धरे वैरागी, रत्नत्रय धर संत बनें।
भेदाभेद भावना करके, वीतराग अरिहंत बनें॥६॥
मुक्तिवधू से परिणय करने, ध्यान बराती ले दौड़ें।
सिद्ध अवस्था पाकर हम भी, निज से निज नाता जोड़ें॥
पंचमेरू सम अचल बनें हम, अतः रचाई पूजा है।
'विद्या' के 'सुव्रत' का नमोऽस्तु, अंतर्मन से गूँजा है॥७॥

(सोरठा)

पंचमेरू को पूज, भाव हमारे यों हुए।
कर लें निज की खोज, छुएँ सौख्य ज्यों प्रभु छुए॥

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरूसंबंधि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

पंचमेरू स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, पंचमेरू जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

नन्दीश्वर पूजन

स्थापना (दोहा)

शाश्वत है अष्टाह्निका, जिनशासन के पर्व।
नन्दीश्वर जिन बिम्ब को, करें नमोऽस्तु सर्व॥

(हरिगीतिका)

आषाढ़ कार्तिक और फाल्गुन, अंत में आठों दिना।
अष्टाह्निका के पर्व आते, अष्टमी से पूर्णिमा॥
सुर द्वीप नन्दीश्वर पधारें, चैत्य चैत्यालय भजें।
ना जा सकें नर सो यहाँ पर, थापना कर हम भजें॥

(दोहा)

मन को नन्दीश्वर बना, बिम्बों का कर ध्यान।
कर नमोऽस्तु हम पूजते, आओ! श्री भगवान्॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तरदिक्षु विद्यमान द्विपंचाश-ज्जिनालयस्थ जिनप्रतिमासमूह अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(लय-नन्दीश्वर श्री जिनधाम)

नन्दीश्वर का कर ध्यान, नयन बरसते हैं।
झट दर्शन दो भगवान, भक्त तड़पते हैं॥

जल थल का पाकर तीर, प्रभु से जाएँ मिलें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

हों आकुल व्याकुल रोज, नन्दीश्वर जाने।
पर जा न सकें हम लोग, तीरथ कर पाने।
दो आश्रय हर भव पीर, चेतन महक उठें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

नन्दीश्वर तीर्थ महान, बावन चैत्यालय।
सिद्धों जैसे भगवान्, झलके सिद्धालय॥
पूरी हो इच्छा तीव्र, अक्षय धाम चलें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

नन्दीश्वर गोलाकार, जैसे फूल खिले।
सुर भौरों सम गुंजार, करके पूज चले॥
हम हरें काम का कीच, परमानन्द चखें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

नन्दीश्वर का रसपान, जो भी कर लेते।
भोजन का तज रसपान, आतम चख लेते॥
भोगों का त्यागें बीज, निज का स्वाद चखें।

छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्य: क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

नन्दीश्वर अष्टम दीप, झिलमिल झलक रहा।
ले भक्त भक्ति का दीप, प्रभु को निरख रहा॥
प्रभु मोती हम हैं सीप, उज्ज्वल रूप सजें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

नन्दीश्वर इतना शुद्ध, जैसे ज्ञायक हों।
हम भजकर बनें विशुद्ध, निज के लायक हों॥
हम कर्म हरें बन वीर, करके ध्यान भजें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

नन्दीश्वर के बागान, रत्नत्रय फल दें।
हर के सारे अज्ञान, उज्ज्वल सुख फल दें॥
हों कर्मों से भयभीत, निज श्रृंगार करें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

यह अर्घ्य दिखे कमजोर, पर बलवान बड़े।
जो खींचे प्रभु की ओर, सो हम आन खड़े॥
हम दुख संकट लें जीत, निज पर राज करें।
छप्पन सौ सोलह बिम्ब, नन्दीश्वर सोहें॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो नमः।

जयमाला

(दोहा)

त्रय अष्टाह्निक पर्व में, नन्दीश्वर जिनधाम।
देव भजें साक्षात् हम, भजें यहीं कर ध्यान॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! नन्दीश्वर की, जय हो! सभी मंदिरों की।
जय हो! जय हो! वहाँ विराजित, चैत्यालय जिन बिम्बों की॥
देव वहाँ त्रय अष्टाह्निक में, दिव्य द्रव्य ले जाते हैं।
भक्ति-भाव से करें अर्चना, हम तो यहीं रचाते हैं॥१॥
अनगिन दीप सागरों से जो, निर्मित मध्यलोक प्यारा।
उसका अष्टम दीप मनोहर, नन्दीश्वर गोलाकारा।
एक अरब त्रेसठ लाखों अरु, चौरासी हजार योजन।
एक दिशा में इतना फैला, चंदा जैसा आभूषण॥२॥
जहाँ चार दिशि में अंजन वन, चार-ढोल सम बढ़िया हैं।
एक-एक अंजन सम्बन्धी, चार-चार बावड़ियाँ हैं॥
मध्य बावड़ी में इक दधिमुख, वन हैं कुल दधिमुख चारों।
वहाँ बावड़ी के दो कोने, जिनके रतिकर वन आठों॥३॥
एक दिशा में इक अंजन वन, दधिमुख चार आठ रतिकर।
कुल तेरह वन चार बावड़ी, जोड़ो चारों को गिनकर॥
कुल बावन वन की शिखरों पर, बावन पूज्य जिनालय हों।
इक मंदिर में बिम्ब एक सौ-आठ रहे जिनकी जय हों॥४॥
पाँच हजार छः सौ सोलह कुल, बिम्ब रहे नन्दीश्वर में।
उच्च पाँच सौ धनुष रहे जो, रत्नमयी पद्मासन में॥

नीले केश, दांत हीरे सम, ओठ रहे मूंगा जैसे।
श्याम श्वेत हैं नयन मनोहर, हाथ पैर कोयल जैसे॥५॥
बिम्ब रहे यों देख रहे ज्यों, बोल रहे जैसे लगते।
जिनके आगे कोटि-कोटि भी, सूर्य चाँद फीके पड़ते॥
प्रातिहार्य मंगल द्रव्यों मय, सुरा-सुरों से पूजित हैं।
वीतरागता की शिक्षा दें, पुण्य धर्म से संचित हैं॥६॥
जिनके वर्णन कर पाने में, सरस्वती थक जाती है।
इसीलिए तो श्रद्धा अपनी, सादर शीश झुकाती है॥
पाप नष्ट कर पुण्य प्राप्त कर, सुख पाने अरिहंत बनें।
नन्दीश्वर की यात्रा करके, 'सुव्रत' सिद्ध महंत बनें॥७॥

(सोरठा)

नन्दीश्वर जिन धाम, देव भजें त्यौहार कर।
हम भी करें प्रणाम, मोक्ष चलें भव पार कर॥

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थ जिनबिम्बेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

नन्दीश्वर स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, नन्दीश्वर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

दसलक्षण धर्म पूजन

स्थापना (दोहा)

श्री जिनशासन में रहें, दसलक्षण त्यौहार
पूजा नमोऽस्तु कर करें, आतम का शृंगार॥

(ज्ञानोदय)

उत्तम क्षमा धर्म फिर मार्दव, आर्जव शौच सत्य संयम।
तप त्यागाकिंचन्य धर्म फिर, ब्रह्मचर्य दस पूज्य धरम॥
तीन काल में तीन लोक में, यही मोक्षसुख भवसुख दें।
मन मंदिर में धर्म धार कर, करके नमोऽस्तु हम नाचें॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्म अत्र अवतर अवतर... ।अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः... । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्... । (पुष्पांजलिं...)

(सखी)

दसलक्षण के केशरिया, हम रंग में रंगने आए।
पूजा में करके नमोऽस्तु, दस धर्म मनाने आए॥
दस धर्मों का जल पाएँ, हम आतम को चमकाएँ।
प्रभु करुणा धार बहा दो, भव-भव के रोग मिटा दो॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं... ।

ये जग के रिश्ते-नाते, ये अनादि से झुलसाते।
सो हुई चेतना काली, दो चंदन सी खुशहाली॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो संसारताप-विनाशनाय चंदनं... ।

हैं धर्म बड़े वरदानी, दें अक्षय मुक्ति रानी।
जग के सब कार्य बनाते, सो हमको धर्म लुभाते॥ दस....

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्... ।

हम ज्यों ही धर्म भुलाए, सो शूल दुखों के पाए।
प्रभु सारी भूल भुला दो, अब आतम पुष्प खिला दो॥

दसलक्षण के केशरिया, हम रंग में रंगने आए।
पूजा में करके नमोऽस्तु, दस धर्म मनाने आए॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

है भूख बड़ी बीमारी, सो भोजन की लाचारी।
इनसे सब दुनियाँ हारी, दो दवा हमें हितकारी॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

है घोर अँधेरा जग में, हम भटक रहे पग-पग में।
दे धार्मिक दीप संभालो, प्रभु हमको शिष्य बनालो॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

कर्मों के खेल निराले, सबको तड़पाने वाले।
धर्मों बिन सहे न जाएँ, सो खेकर धूप जलाएँ॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

है धर्म सदा सुखदायी, सो धर्म न त्यागो भाई।
सुख-दुख में धर्म न भूलें, फल मुक्तिवधू को छू लें॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

यह अर्घ्य चढ़ा हो जादू, झट धर्म बना दे साधु।
ले पिछी कमण्डल डोलें, पट मोक्षमहल के खोलें॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

ये धर्म बड़े अलबेले, सो लगें धर्म के मेले।
हर वस्तु धर्म दे प्यारी, हम चाहें मोक्ष सवारी॥ दस...

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षणधर्मेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये पूर्णार्घ्यं...।

अर्घ्यावली

(ज्ञानोदय)

तन-रक्षा करने को मुनि जब, भिक्षुक बनकर भ्रमण करें।
तभी दुष्ट यदि निंद्य वचन कह, हँसी उड़ा अपमान करें॥

मरण तुल्य दुख होने पर भी, क्रोध न कर सब सहा करें।
उत्तम क्षमा पूज कर हम भी, क्रोध त्याग कर क्षमा धरें॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ १॥

जाति रूप तप ज्ञान आदि के, आठ मदों में सब फूलें।
वंश कंश रावण कौरव सम, मानी निज-निधियाँ भूलें॥
अहं त्याग कर अर्हम् बनने, मोक्ष द्वार मुनि विनय धरें।
उत्तम मार्दव धर्म पूज कर, मान त्याग हम विनय करें॥

ॐ ह्रीं उत्तममार्दव-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ २॥

मन में छल वचनों में छल हो, छल परिपूर्ण अगर हो तन।
तो जग के हर काम सरल पर, सरल बनो यह बहुत कठिन॥
जीवमात्र से मैत्री करने, माया छल का गरल तजें।
उत्तम आर्जव धर्म पूजकर, कपट त्याग हम सरल बनें॥

ॐ ह्रीं उत्तमआर्जव-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ३॥

लोभ पाप का बाप बखाना, जो संतोष न रखने दे।
लोभी और लालची जन को, पूजा भक्ति न करने दे॥
लोभी योगी बन न सके सो, मुनि दुनियाँ की आश तजें।
उत्तम शौच पूजकर हम भी, लोभ त्याग संतोष धरें॥

ॐ ह्रीं उत्तमशौच-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ४॥

सच्चा व्यक्ति ना हो आस्तिक, वह ना ही नास्तिक होता।
सत्य धर्म हित मित वाणी से, वह केवल वास्तविक होता॥
सदा झूठ पर परदे लटकें, सत्य दिगम्बर मुनि सम हों।
उत्तम सत्य पूजकर हम भी, सत्यं शिवं सुन्दरं हों॥

ॐ ह्रीं उत्तमसत्य-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ५॥

अणुबम महाबमों से जग का, सत्यानाश सदा होता।

अणुव्रत महाव्रतों के द्वारा, जीवमात्र का हित होता॥
जग के काम कराए संयम, संयम से मुनि धर्म रुके।
उत्तम संयम धर्म पूजने, हम भक्तों के शीश झुके॥

ॐ ह्रीं उत्तमसंयम-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ६॥

सब जग की इच्छाओं के तो, बारह तप यमराज रहे।
सबसे बड़े तपस्वी मुनि हैं, जिसे चाह सुर-राज रहे॥
तप से ही यह दुनियाँ चलती, तप से हो कर्मों का क्षय।
उत्तम तप हम भक्त पूजकर, करके नमोऽस्तु बोलें जय॥

ॐ ह्रीं उत्तमतप-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ७॥

ज्ञान अभय आहार औषधी, संयत के जो लायक हो।
चारों दान सात क्षेत्रों में, देना त्याग धर्म समझो॥
त्याग बिना तो चले न जीवन, त्याग बिना हो मोक्ष नहीं।
उत्तम त्याग पूजकर हम भी, पाएँ निज के भोग सही॥

ॐ ह्रीं उत्तमत्याग-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ८॥

जग जन सिर पर रखे परिग्रह, अतः पतन के पात्र हुए।
आशा तृष्णा थारी-मारी, इससे हर उत्पात हुए॥
चौबीसों परिग्रह के त्यागी, ग्रन्थ रहित निर्ग्रन्थ रहें।
उत्तम आकिंचन्य पूजकर, हम आतम में स्वस्थ रहें॥

ॐ ह्रीं उत्तमआकिंचन्य-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ ९॥

माँ बहना बेटी के दर्शन, नारी जन में जो कर लें।
नारी त्याग रहें गुरुकुल में, मुक्तिवधू वे ही वर लें॥
भोगे भोग न याद करें मुनि, सबसे बड़े ब्रह्मचारी।
उत्तम ब्रह्मचर्य हम पूजें, बनने को मुनि अनगारी॥

ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्य-धर्माङ्गाय अर्घ्यं...॥ १०॥

पूर्णार्घ्य (शंभु)

दस धर्म पुण्य से मिलते हैं, जो लौकिक नहीं, अतः उत्तम।
हर वर्ष यही त्रय शाखा में, आकर करते हैं शमन दमन॥
अध्यात्म दिवाली मना-मना, हम दुखियों के आँसू पौंछें।
हम करके नमोऽस्तु अर्घ्य चढ़ा, शुद्धात्म धर्म तक भी पहुँचे॥

(दोहा)

धर्म करे संसार सुख, धर्म करे निर्वाण।
सो दसलक्षण धर्म भज, सादर करें प्रणाम॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण-धर्मेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जयमाला

(दोहा)

करके नमोऽस्तु धर्म को, हो जग का कल्याण।
दसलक्षण की हम कहें, जयमाला गुणगान॥

(चौपाई)

पर्वराज पर्यूषण की जय।
जो भक्तों के दोष करे क्षय॥

उत्तम क्षमा क्रोध परिहारी, उत्तम मार्दव मान विदारी।
उत्तम आर्जव माया पर जय, पर्वराज पर्यूषण की जय॥१॥

उत्तम शौच लोभ को मारे, उत्तम सत्य वचन जग धारे।
उत्तम संयम कर्म करे क्षय, पर्वराज पर्यूषण की जय॥२॥

उत्तम तप शुद्धात्म प्रदाता, उत्तम त्याग सभी गुण दाता।
उत्तम आकिंचन निज-आलय, पर्वराज पर्यूषण की जय॥३॥

उत्तम ब्रह्मचर्य सुख भरता, कर्म कलंक पाप को हरता।
यही धर्म दस दें मोक्षालय, पर्वराज पर्यूषण की जय॥४॥

भूलों को जो दूर कराए, अपनों को जो गले लगाए।
दे आनन्द हरे सारे भय, पर्वराज पर्यूषण की जय॥५॥

पर्वराज पर्यूषण की जय।
जो भक्तों के दोष करे क्षय॥

(दोहा)

पाप हरें मंगल करें, करें कर्म का नाश।
करके नमोऽस्तु चाहते, निज मैत्री संन्यास॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण-धर्मेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

दसलक्षण स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, दसलक्षण गुरुराय॥

(पुष्पांजलिं...)

भाद्रमास के व्रत जाप्य मंत्र

पुष्पांजली व्रत– ॐ ह्रीं पंचमेरु सम्बंधी असीति-जिनालयेभ्यो नमः।

दसलक्षण व्रत–(ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दशलक्षण-धर्मांगाय नमः।)

१. ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा-धर्मांगाय नमः। २. ॐ ह्रीं उत्तममार्दव-धर्मांगाय नमः।
३. ॐ ह्रीं उत्तमार्जव-धर्मांगाय नमः। ४. ॐ ह्रीं उत्तमशौच-धर्मांगाय नमः।
५. ॐ ह्रीं उत्तमसत्य-धर्मांगाय नमः। ६. ॐ ह्रीं उत्तमसंयम-धर्मांगाय नमः।
७. ॐ ह्रीं उत्तमतप-धर्मांगाय नमः। ८. ॐ ह्रीं उत्तमत्याग-धर्मांगाय नमः।
९. ॐ ह्रीं उत्तमाकिंचन्य-धर्मांगाय नमः। १०. ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्य-धर्मांगाय नमः।

रत्नत्रय व्रत–ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो नमः। (समुच्चय जाप्य)

१. ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनाय नमः। २. ॐ ह्रीं सम्यग्ज्ञानाय नमः। ३. ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्राय नमः।

अनन्तचतुर्दशी व्रत–ॐ ह्रीं हं सः अनन्त-केवलिने नमः।

रोट तीज व्रत–ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बंधी अकृत्रिम जिनचैत्य-चैत्यालेभ्यो नमः।

रत्नत्रय पूजन

स्थापना (दोहा)

सम्यग्दर्शन पूज के, पाएँ सम्यग्ज्ञान।
फिर सम्यक्चारित्र भज, रत्नत्रय गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

मिथ्या हर ज्यों सम्यक् पाए, त्यों ही सम्यग्ज्ञान हुआ।
धर चारित्र बनें ज्यों मुनिवर, रत्नत्रय सम्पूर्ण हुआ॥
भेदाभेद ध्यान कर आतम, शुद्धातम सी चमक उठे।
सिद्धों सा रत्नत्रय पाएँ, करके नमोऽस्तु भक्त झुके॥

(सोरठा)

भव जल करने पार, रत्नत्रय नौका रही।
पाए निज त्यौहार, जिनपूजा मौका सही॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रय धर्म अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

आशाओं के जलाशयों ने, डुबा-डुबाकर जब मारा।
हुआ जन्म फिर हुआ मरण फिर, मिला न दुख से छुटकारा॥
रत्नत्रय नौका से मौका, दुख हरने का दो हमको।
सो प्रासुक जल करके अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं...।

तीन लोक के हम संसारी, आकुल व्याकुल हो जलते।
रत्नत्रय की छाया के बिन, ताप हमारे कब टलते॥
सारे कष्ट समाप्त करें हम, निज शीतलता दो हमको।
सो चंदन यह करके अर्पित,हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

रत्नत्रय के स्वामी हैं पर, दर-दर की ठोकर खाएँ।
इसीलिए धिक्कार हमें है, अब तो आँखें खुल जाएँ॥
अक्षयपुर का निवास पाने, शुद्धातम सुख दो हमको।
सो अक्षत यह करके अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

नित्य वासना की ज्वाला में, शील तथा पुरुषत्व जला।
मृगनयनी माया के छल ने, हम को अनगिन बार छला॥
छले न जाएँ आगे अब हम, मिलें काम-हर्त्ता हमको।
सो पुष्पों को करके अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

एकासन उपवास आदि से, क्यों जीवन को दुखी करो।
रत्नत्रय धर क्या करना है, खाओ पीओ मौज करो॥
यही धारणा क्षुधा रोग दे, इसे तजें पथ दो हमको।
सो नैवेद्य करें यह अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

हम ने सब कुछ देखा लेकिन, देख सके ना अपने को।
तभी उजाले में रहकर भी, खोज सके ना अपने को॥
रत्नत्रय के दीप जला के, खोज स्वयं की हो हमको।
सो दीपक से करें आरती, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

ईर्ष्या हमको रोज जलाती, कौन जलाए ईर्ष्या को।
रत्नत्रय बिन कोई न सक्षम, अतः धार लें दीक्षा को॥
दीक्षा लेकर कर्म नशाएँ, ध्यान अग्नि दे दो हमको।
सो यह धूप सुगन्धी खेकर, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

अशुभ कर्म से होते पापी, शुभ से होते पुण्यात्मा।
पुण्य हमें रत्नत्रय देकर, संत बनाए धर्मात्मा॥
संत बनें अरिहंत सिद्ध यह, रत्नत्रय फल दो हमको।
सो प्रासुक फल अर्पित करके, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

उपसर्गों से परीषहों से, डरकर रत्नत्रय न लिया।
हीरे जैसा मानव जीवन, कौड़ी जैसा गवां दिया॥
जड़ द्रव्यों के विकल्प तज के, चेतन धाम मिले हमको।
सो यह अर्घ्य करें हम अर्पित, हो नमोऽस्तु रत्नत्रय को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

सम्यग्दर्शन अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

देव-शास्त्र-गुरु की श्रद्धा बिन, तत्त्वों की रुचि हो न सके।
कुल पच्चीस दोष बिन सम्यक्, आत्म मुक्ति भी हो न सके॥
अतः त्याग शंका कांक्षादिक, अष्टगुणी श्रद्धान मिले।
क्षायिक सम्यग्दर्शन करके, सिद्ध स्वरूपी धाम मिले॥

(सोरठा)

मिथ्यादर्शन त्याग, सम्यग्दर्शन पा सकें।
अतः किया अनुराग, जिन से निज को पा सकें॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शनाय नमः अर्घ्यं...।

सम्यग्ज्ञान अर्घ्य

तीर्थंकर की जिनवाणी सुन, संशय विभ्रम मोह तजो।
मिथ्याज्ञान त्याग कर सम्यग्ज्ञान आठ गुण शीघ्र भजो॥
आगम चक्खु साहू बनकर, पंच गुणी स्वाध्याय करो।
समयसार के ज्ञानी बनकर, परमानन्दी ध्यान धरो॥

(सोरठा)

पाकर सम्यग्ज्ञान, आत्मज्ञान में लीन हों।
सो हो केवलज्ञान, सोऽहं पा स्वाधीन हों॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्ज्ञानाय नमः अर्घ्यं...।

सम्यक्चारित्र अर्घ्य

सम्यग्दर्शन ज्ञान प्राप्त कर, अगर नहीं चारित्र लिया।
ज्ञानं भारं क्रियां बिना तो, निज को कौन पवित्र किया॥
पाप क्रियाओं के त्यागी बन, तेरह विध चारित्र धरें।
परम शुद्ध उपयोग नाँव से, भवसागर को पार करें॥

(सोरठा)

धर्म रहा चारित्र, जीव मात्र का मित्र है।
करता चित्त पवित्र, निज रमणी का चित्र है॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्चारित्राय नमः अर्घ्यं...।

जयमाला

(दोहा)

रत्नत्रय की नाँव बिन, मिले कहाँ से पार।
सो जयमाला कह करें, नमोऽस्तु बारम्बार॥१॥
रत्नत्रय चिज्ज्योति है, रत्नत्रय जिन मंत्र।
रत्नत्रय प्रभु सिद्ध हैं, रत्नत्रय अरिहंत॥२॥
रत्नत्रय आचार्य हैं, रत्नत्रय उवज्झाय।
रत्नत्रय ही साधु हैं, रत्नत्रय मन भाय॥३॥
रत्नत्रय नवकार हैं, रत्नत्रय नव देव।
मंगल उत्तम शरण हैं, रत्नत्रय स्वयमेव॥४॥
रत्नत्रय में वस रहे, सम्यग्दर्शन ज्ञान।
रत्नत्रय शुद्धात्म दे, रत्नत्रय निर्वाण॥५॥

रत्नत्रय आगम रहा, रत्नत्रय निज ज्ञान।
रत्नत्रय ही धर्म है, रत्नत्रय भगवान्॥६॥
रत्नत्रय पूजा रही, रत्नत्रय कर्त्तव्य।
रत्नत्रय चाहें सभी, धार रहे मुनि भव्य॥७॥
रत्नत्रय आधार है, रत्नत्रय व्यवहार।
रत्नत्रय निश्चय रहा, रत्नत्रय भव पार॥८॥
रत्नत्रय बिन आज तक, कौन बना अरिहंत।
रत्नत्रय बिन सिद्ध ना, रत्नत्रय जयवंत॥९॥
रत्नत्रय बिन जब नहीं, होना है उद्धार।
रत्नत्रय फिर क्यों नहीं, लेते प्राणी धार॥१०॥
इसी भावना से किया, रत्नत्रय गुणगान।
सुख सम्पद त्यौहार दे, रत्नत्रय दो दान॥११॥
रत्नत्रय धर हर सकें, दुख संकट आतंक।
चिदानन्द चिद्रूप बन, हर लें कर्म कलंक॥१२॥

(सोरठा)

ले रत्नत्रय डोर, निज की उड़ा पतंग को।
पाएँ 'सुव्रत' छोर, सिद्धों सम निस्संग हों॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्-रत्नत्रयाय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

रत्नत्रय स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, रत्नत्रय मुनिराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

क्षमावाणी पूजन

स्थापना (दोहा)

क्षमा धर्म का मूल है, क्षमा धर्म त्यौहार।
करें क्षमा की अर्चना, कर नमोऽस्तु सत्कार॥

(शंभु)

जय क्षमा धर्म! जय क्षमा धर्म!, जय क्षमा धर्म के अधिकारी।
यह सम्यक् रत्न हृदय में रख, चेतन होती मंगलकारी॥
हर पाप कटें सब बैर टलें, हों दूर सभी भव बीमारी।
फिर मुक्तिवधू हो नत नयना, झट करे स्वयंवर तैयारी॥

(दोहा)

ओम् नमः सबको क्षमा, सबसे क्षमा पुकार।
भक्त क्षमावाणी भजें, करने निज उद्धार॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रय अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(शंभु)

जल क्रोध कषायों का खारा, पीकर पाया भव जल खारा।
हम काश! क्षमा जल पीते तो, चेतन होता प्यारा न्यारा॥
यह भूल जन्म आदिक दुख दे, जो क्षमा नीर से नश जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय जलं...।

जब चढ़े मान के पर्वत पर, तो तुच्छ दिखी दुनियाँ हमको।
हम अहंकार में जल बैठे, शीतल न मिली आतम हमको॥
यह भूल ताप जग का देती, जो क्षमा गंध से नश जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय चंदनं...।

जग कार्य क्षमा बिन बने नहीं, तो मोक्षमार्ग क्या चल पाएँ।
इस बिन अक्षयपद के सपने, सपने बनकर ही रह जाएँ॥
यह भूल भ्रमण जग के देती, जो क्षमा पुंज से नश जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय अक्षतान्...।

विद्वेष वैर के शूलों ने, आतम का बाग जला डाला।
तो फूल क्षमा के खिल न सके, भूलों का बाग उगा डाला॥
यह भूल ब्रह्म का रूप हरे, जो क्षमा पुष्प से खिल जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय पुष्पाणि...।

यह भूख लोभ की तृष्णा दे, तृष्णा में आतम कब झलकी।
सामान रखें हम वर्षों का, है खबर नहीं पल की कल की॥
यह भूल भुलाकर आतम रस, नैवेद्य क्षमा का मिल जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय नैवेद्यं...।

जो माया में अंधे होकर, कर्त्तव्य धर्म पथ से भटकें।
कब क्षमादीप उनके जलते, तिर्यंच नर्क गति वो पहुँचें॥
तज भूल-भुलैया माया की, मैत्री कर आतम दिख जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय दीपं...।

यह मोह करे सारी लीला, हो कर्म-कलुषता आतम में।
पग-पग पर जाल बिछाकर के, सबको रखता दुख बन्धन में॥
कर्मों की लीला क्षमा हरे, आतम परमातम बन जाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय धूपं...।

सब ज्वालामुखी क्रोध की हैं, विस्फोट हुआ कि भभक उठे।
क्षण भर का क्रोध राख कर दे, क्यों महाक्रोध में जगत फँसे॥
क्षण भर की क्षमा भरे खुशियाँ, तो उत्तम क्षमा मोक्ष लाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय फलं...।

हम लाखों गलती करके भी, सब भूल स्वयं से प्यार करें।
फिर खुद का क्रोध उचित ठहरा, क्यों तहस नहस परिवार करें॥
ले क्षमा अर्घ्य हो प्रेम पर्व, तो आतम खुशहाली पाए।
सो करें क्षमावाणी पूजन, हम करके नमोऽस्तु हर्षाए॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं अर्हं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय नमः।

जयमाला

(दोहा)

धर्म क्षमावाणी हुई, निज पर को सुखकार।
सो जयमाला कह करें, नमोऽस्तु बारम्बार॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! क्षमा धर्म की, उत्तम क्षमा धुरंधर की।
प्रेम और वात्सल्य धर्म की, जय हो मुनि दिगम्बर की॥
रत्नत्रय की पूर्ण साधना, बाद क्षमावाणी होती।
आओ भक्तों क्षमा माँग लें, जिससे जले आत्म ज्योति॥१॥
रत्नत्रय उन्तीस अंग का, आठ अंग दर्शन के हों।
आठों अंग ज्ञान के होते, कुल तेरह चरित्र के हों॥
जिनशासन में शंका ना हो, निःशंकित यह अंग रहा।
जप तपकर भव सुख ना चाहें, निःकांक्षित यह अंग रहा॥२॥

मुनि तन देख ना करें ग्लानि, निर्विचिकित्सा अंग रहा।
देव-शास्त्र-गुरु को बस भजना, अमूढ़दृष्टि यह अंग रहा।
निज गुण वा पर अवगुण ढंकना, उपगूहन यह अंग रहा।
जिन पथ से डिगते को थामें, स्थितिकरण यह अंग रहा॥३॥

धर्मी से गो-वत्स प्रेम हो, वात्सल्य का अंग रहा।
जिनशासन का ध्वज फहराना, प्रभावना यह अंग रहा॥
अष्ट अंग सम्यग्दर्शन के, आगे सुनो ज्ञान वाले।
सही शुद्ध उच्चारण करना, शब्दाचार अंग पालें॥४॥

सही अर्थ कर अध्ययन करना, अर्थाचार अंग दूजा।
शुद्धोच्चारण शुद्ध अर्थ है, उभयाचार अंग तीजा॥
योग्य समय पर अध्ययन करना, कालाचार अंग पंचम।
शास्त्र विनय पूर्वक ही पढ़ना, विनयाचार अंग षष्टम॥५॥

पढ़ते समय त्याग कुछ करना, यह उपधानाचार रहा।
श्रुत गुरु का आदर कर पढ़ना, यह बहुमानाचार रहा॥
श्रुत के भेद बताकर पढ़ना, अंग अनिह्नवाचार यही।
दर्शन जैसे ज्ञान अंग पर, अब तक किया विचार नहीं॥६॥

पाँच-पाँच व्रत समिति गुप्ति त्रय, तेरह अंग चरित के हों।
प्रथम अहिंसा रहा महाव्रत, रक्षण षट्कायों के हों॥
मन वच तन से झूठ त्यागना, सत्य महाव्रत दूजा है।
नव कोटि से चोरी तजना, अचौर्य महाव्रत तीजा है॥७॥

ब्रह्मचर्य का धार महाव्रत, नारी जन से राग तजें।
अपरिग्रह का धरें महाव्रत, पर मूर्च्छा संपूर्ण तजें॥
पाँच महाव्रत भजकर पूजो, पाँच समितियाँ मनहारी।

चार हाथ भू चलें देखकर, प्रथम समिति ईर्या प्यारी॥८॥
हित-मित आगम योग्य बोलना, सुखमय भाषा समिति यही।
भोजन के छ्यालीस दोष तज, असन ऐषणा समिति रही॥
वस्तु देखकर रखें उठाएँ, निक्षेपण आदान यही।
मल-मूत्रों का विधिमय तजना, प्रतिष्ठापन समिति यही॥९॥

मन के सारे विकल्प तजना, मनोगुप्ति जग क्रांति हरे।
वचन शुभाशुभ पूर्ण त्यागना, वचन गुप्ति सुख शान्ति भरे॥
कायोत्सर्ग ध्यान की मुद्रा, कायगुप्ति सिद्धों जैसी।
इन उन्तीस अंग को भजकर, करें क्षमावाणी ऐसी॥१०॥

अगर क्षमावाणी हो वार्षिक, तो सम्यग्दर्शन न बचे।
चैत माघ भादों से तीनों, अगर करें तो धर्म बचे॥
धर्म करें संसार सुखों को, धर्म करें निर्वाण सुखी।
'सुव्रत' उत्तम क्षमा माँगकर, करें क्षमा हों आत्म सुखी॥११॥

(सोरठा)

भूल चूक सब छोड़, पर्व क्षमावाणी भजें।
हो नमोऽस्तु कर जोड़, शुद्धातम से हम सजें॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप-रत्नत्रयाय अर्घ्यं...।

(दोहा)

रत्नत्रय स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, रत्नत्रय मुनिराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

नैमित्तिक पूजन खण्ड

दीपावली

अनादिकाल से भरतक्षेत्र में अनन्त चौबीसियाँ होती आई हैं, इसी क्रम में इस युग में ऋषभनाथ से लेकर महावीर पर्यंत चौबीस तीर्थंकर हुए। तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के २५६ वर्ष साढ़े तीन माह के बाद अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी को कार्तिक सुदी अमावस्या को मोक्ष प्राप्त हुआ था तथा उनके प्रथम गणधर इन्द्रभूति गौतम को आपराह्णिक काल में उसी दिन केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी इसी के प्रतीक रूप में कार्तिक वदी अमावस्या को दीपावली पर्व मनाया जाता है।

विधि—प्रातःकाल सूर्योदय के समय स्नानादि करके पवित्र वस्त्र पहिनकर जिनेन्द्र देव के मन्दिर में परिवार के साथ पहुँचकर जिनेन्द्र देव की वन्दना करनी चाहिए। तदुपरान्त थाली में अथवा मूलनायक की वेदी पर सोलह दीपक चार-चार बाती वाले जलाना चाहिए तथा भगवान महावीर स्वामी की पूजन, निर्वाणकाण्ड पढ़ने के पश्चात् महावीर स्वामी के मोक्षकल्याणक का अर्घ्य बोलकर निर्वाण लाडू अर्घ्य सहित चढ़ाना चाहिए।

घर पर दीपावली पूजन विधि

अपराह्नकाल गोधूली बेला (सायं ४ से ७ बजे तक) में घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में अथवा घर के मुख्य कमरे में पूर्व की दीवार अथवा सुविधानुसार दीवार पर माण्डना (श्री, श्री, वाला) बनाकर चौकी के ऊपर जिनवाणी एवं भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर रखनी चाहिए। घर के मुखिया अथवा किसी

अन्य सदस्य को एवं सभी सदस्यों को पूजा के शुद्ध वस्त्र पहनकर दीप मालिका के बायीं तरफ आसन लगाकर बैठना चाहिए तथा सामने वाली चौकी पर सोलह दीपक जो कि सोलहकारण भावना के प्रतीक हैं।(इन्हीं सोलहकारण भावनाओं को भाकर तीर्थंकरप्रकृति का बंध भगवान महावीर स्वामी ने किया था, इसी के प्रतीक स्वरूप सोलह दीपक चार-चार ज्योतियों वाले जलाए जाते हैं। (१६X४=६४) यह ६४ का अंक चौंसठ ऋद्धि का प्रतीक है। भगवान महावीर चौंषठ ऋद्धियों से युक्त थे इन्हीं के प्रतीक स्वरूप यह चौंषठ ज्योति जलायी जाती हैं। अतः सोलह दीपक चौंषठ बातियों से जलाकर दीपकों में शुद्ध देशी घी उपयुक्त होता है। घृत की अनुपलब्धि पर यथायोग्य शुद्ध तेलादि का प्रयोग किया जा सकता है।) दीपकों पर सोलह भावना अंकित करनी चाहिए। इन्हें जलाने के पश्चात् दीपावली पूजन, सरस्वती पूजन, चौंषठ ऋद्धि अर्घ्य, धुली हुई अष्ट द्रव्य से चढ़ाना चाहिए। पूजन से पूर्व तिलक एवं मौली बंधन सभी को करना चाहिए।

दुकान पर पूजन—इसी प्रकार दुकान पर भी पूजन करनी चाहिए अथवा लघुरूप में पंचपरमेष्ठी के प्रतीक रूप पाँच दीपक जलाकर पूजन करनी चाहिए।

पूजन विसर्जन—शान्ति पाठ एवं विसर्जन करके तदुपरान्त घर का एक व्यक्ति अथवा बारी-बारी सभी व्यक्ति मुख्य दीपक को अखण्ड जलाते हुए रात भर णमोकार मंत्र का जाप अथवा पाठ या भक्तामर आदि पाठ करते हुए व्यक्ति अनुसार रात्रि जागरण करना चाहिए, यदि रात्रि जागरण नहीं कर सकें तो कम से कम मुख्य

दीपक में यथायोग्य घृत भरकर उसे जाली से ढँककर उसी स्थान पर रात भर जलने देना चाहिए। शेष दीपकों में से एक दीपक मन्दिर में भेज देना चाहिए। यदि निकट में कोई सम्बंधी रहते हैं तो वहाँ भी दीपक भेजा जा सकता है। अथवा शेष दीपकों को घर के मुख्य दरवाजे पर एवं मुख्य-मुख्य स्थानों पर रखे जा सकते हैं। मिष्ठान्न आदि का वितरण करना है तो पूजन समाप्ति के पश्चात् पूजन स्थल से थोड़ा दूर हटकर वितरित कर ग्रहण कर सकते हैं।

पूजा के पश्चात् पूजन निर्माल्य सामग्री पशु-पक्षियों का अथवा मन्दिर के माली को दी जा सकती है।

चौईस पत्तों की आम या आशापाला की बान्दरवाल बनाकर दरवाजे के बाहर बांधनी चाहिए जो चौबीस तीर्थंकरों की प्रतीक है।

जाप्य मंत्र- ॐ ह्रीं चतुःषष्टि ऋद्धिभ्यो नमः।

निर्वाण लाडू चढ़ाने वाले दिन सायं को श्रावकगण अपने-अपने घरों में दीपावली पूजन करते हैं। दीपकों का मनोहर प्रकाश करते हैं। श्री जिनमंदिर जी में व अपनी दुकानों पर दीपकों को सजाते हैं और मुदित होते हैं।

नोट—पटाखे कभी न चलाएँ, अनार, फुल्झड़ी, राकेट, चकरी आदि भी बिल्कुल न छोड़ें। इससे लाखों जीवों का घात होता है। पर्यावरण दूषित होता है। स्वयं को भी हानि हो जाती है।

सामग्री—अष्ट द्रव्य की थाली, दीपक, मंगल कलश, सरसों, श्रीफल, धूप, जिनवाणी, २ चौकी, २ पाटे, रोली, केशर घिसी हुई, कलम-दवात, फूलमाला, नई बही।

विधि—सायंकाल को उत्तम गोधूली बेला में अपने मकान

या दुकान के पवित्र स्थान में पूर्व या उत्तर की तरफ मुँह करके पूजा प्रारम्भ करें।

एक पाटे पर चावल से स्वास्तिक बनाकर उस पर महावीर भगवान का मनोहर फोटो, जिनवाणी, दायीं तरफ घी का दीपक, बायीं तरफ धूपदान, मध्य में मंगलकलश स्थापित करें। एक पाटे पर अष्टद्रव्य की थाली, दूसरे पाटे पर द्रव्य चढ़ाने के लिए खाली थाली में स्वास्तिकादि बनाएँ।

पूजा गृहस्थाचार्य या कुटुम्ब के मुखिया को शुद्ध वस्त्र पहनकर करना चाहिए। मुखिया के अभाव में घर के विशेष व्यक्ति को शुद्ध वस्त्र पहनना चाहिए।

पूजन विधि—पूजन में बैठे हुए सभी सज्जनों का निम्न मंत्र बोलकर तिलक करें–

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमोगणी।
मंगलं कुन्दकुन्दाद्यो, जैन धर्मोस्तु मंगलं॥

इसके बाद निम्न मंत्र पढ़कर सभी जनों को शुद्धि के लिए थोड़ा सा जल के हल्के छींटे दें–

ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्त्रावय स्त्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय हं सं झ्वीं क्ष्वीं ठः ठः हं सः स्वाहा।

सभी के दाएँ हाथ में निम्न मंत्र बोलकर रक्षासूत्र बाँधें–

ॐ नमोऽर्हते सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा।

दीपक प्रज्ज्वलित करते हुए निम्न प्रकार उच्चारें–

ॐ ह्रीं अज्ञान तिमिरहरं दीपकं प्रज्ज्वलनं करोमि।

शास्त्रजी विराजमान करते हुए निम्न मंत्र उच्चारें–

ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भव सरस्वती देव्यैः स्थापनं करोमि।

(बही में अंकित करें)

श्री महावीर स्वामिने नमः

शुभ ॐ लाभ

श्री

श्री श्री

श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री श्री

श्रीऋषभाय नमः। श्री महावीर स्वामिने नमः। श्री गौतम गणधराय नमः। श्री जिन मुखोद्भव सरस्वती देव्यै नमः। श्री केवलज्ञान लक्ष्मी देव्यै नमः।

श्री शुभ मिति कृष्ण-अमावस्या वीर निर्वाण संवत्.....विक्रम संवत्.....दिनाँक.....मास.....सन्.....ई.....वार को श्री (दुकान मालिक का नाम)......की (प्रतिष्ठान का नाम).....की बही का शुभ मुहूर्त किया।

(यह विधि करके दुकान के प्रमुख व्यक्ति को बही देवें और पुष्प क्षेपण करें।)

॥ इति शुभम् ॥

पूजन प्रारम्भ

ॐ जय जय जय। नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,

णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं॥

ॐ ह्रीं अनादि मूल मंत्रेभ्यो नमः। (पुष्पांजलिं...)

चत्तारि मंगलं, अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहू मंगलं, केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।

चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलि पण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा। (पुष्पांजलिं...)

श्री देव-शास्त्र-गुरु अर्घ्य

(हरिगीतिका)

ले अष्ट द्रव्यों के सुमिश्रण, अर्घ्य ये तैयार हैं।
श्रद्धा समर्पण और भक्ति, भक्त के त्यौहार हैं॥
त्यौहार करके नाँच गा के, अर्घ्य अर्पित कर रहे।
जिनदेव गुरुवर शास्त्र भजने, हम नमोऽस्तु कर रहे॥

ॐ ह्रीं श्री देवशास्त्रगुरुभ्यो नमः अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

चौबीसी अर्घ्य

(लय—चौबीसी पूजा)

यह अर्घ्य करो स्वीकार, आतम के रसिया।
हम पाएँ आत्म फुहार, सींचें निज बगिया॥
तीर्थंकर प्रभु चौबीस, आत्मिक शान्ति भरें।
हमको दे दो आशीष, हम तो नमोऽस्तु करें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिवीरान्तेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

महावीर स्वामी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

हम तो एक जमीं के कण हैं, तीन लोक के तुम स्वामी।
अपना जीवन निंदित है पर, श्रेष्ठ पूज्य तुम जगनामी॥
ओस बूँद हम रत्नाकर तुम, रत्नों से झोली भर दो।
हम तो अर्घ्य चढ़ाएँ सादर, नजर दया की तुम कर दो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जिनवाणी-सरस्वती अर्घ्य (त्रिभंगी)

जिनवाणी मैया, संयम नैया, देके भैया, मुक्त करें।
सो करें सवारी, हों अनगारी, मुक्ति नारी, प्राप्त करें॥
तीर्थंकर वाणी, सुनकर ज्ञानी, गणधर स्वामी, श्रुत रचते।
माँ सरस्वती हम, पाने आतम, अर्घ्य से अर्चन, अब करते॥

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै नमः अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

ऋद्धिधारी मुनियों का अर्घ्य (अर्द्ध जोगीरासा)

सकल ऋद्धि मय ऋषि हो फिर भी, चहें मोक्षसुख आहा।
ऋद्धीश्वर को अर्घ्य चढ़ा हम, करें नमोऽस्तु स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सकलऋद्धि-सम्पन्न सर्वमुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

आचार्यश्री विद्यासागरजी अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

अतुलनीय विद्यागुरुवरजी, तुल न सके उपकरणों से।
सब उपमाएँ फीकी पड़तीं, सज न सके आभरणों से॥
यूँ तो गुरु के सिर पर कोई, ताज नहीं आवाज नहीं।
पर ऐसा है कौन यहाँ दिल, जिस पर गुरु का राज नहीं॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

गौतम गणधर स्वामी पूजन

स्थापना (दोहा)

महावीर भगवान् को, कर नमोऽस्तु धर ध्यान।
गौतम गणधर को भजें, दीवाली निर्वाण॥

(ज्ञानोदय)

गुरु शिष्य भगवान् भक्त के, भारत से सम्बन्ध रहे।
महावीर गौतम गणधर से, भक्तों के अनुबंध रहे॥
सुबह वीर प्रभु मोक्ष पधारे, सो लाडू हम चढ़ा लिए।
गौतम बने केवली सो हम, दीप शाम को जला लिए॥
मिलके दीवाली उत्सव के, घर बाहर त्यौहार करें।
ज्ञानलक्ष्मी मोक्षलक्ष्मी, पाने जय-जयकार करें॥
गुरु बिन शिष्य अकेले तड़पें, अतः वेदना हरने को।
गौतम गुरु अब हृदय पधारो, अपने जैसे करने को॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

जन्म मृत्यु भव दुख सागर को, वीर पार कर मुक्त हुए।
ध्यान नाँव से गौतम गणधर, ज्ञान-चेतना युक्त हुए॥
गुरु शिष्यों की धारा पाने, हम तो जल की धार करें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

गुरु शिष्यों के रिश्ते ऐसे, जैसे महके चंदन वन।
विनय प्रेम की छाया में फिर, शीतल हो तन मन चेतन॥
गुरु शिष्यों के रिश्ते पाने, हम तो चंदन धार करें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

जिनशासन की जिम्मेदारी, गौतम गणधर को देकर।
वीर हुए अक्षय अविनाशी, धर्म तीर्थ सबको देकर॥
नग्न निरम्बर संत न छूटें, सो चरणों में पुंज धरें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

शिष्य बाग खिलते तो उसके, गुरु माली वा मालिक हों॥
काम कीट फिर क्या कर लें जब, गुरु अपने संरक्षक हों॥
चेतन बाग खिले अपना भी, सो चरणों में पुष्प धरें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

गुरुवर निज अध्यात्म रसोई, केवल शिष्यों को परसें।
जिसके मुँह में पानी आए, वो दीक्षा लेने तरसें॥
गुरु शिष्यों के रस को चखने, पद में यह नैवेद्य धरें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

सुबह करें पावापुर उत्सव, लाडू चढ़ा के मंदिर में।
गोधूली बेला संध्या में, दीवाली हो घर-घर में॥
गुरु शिष्यों के दर्शन करने, दीप आरती रोज करें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

विश्व विजेता भी डर जाते, देख कर्म के भाटों को।
आत्म विजेता कर्म पछाड़ें, खोलें मोक्ष कपाटों को॥
गुरु शिष्यों सा शौर्य दिखाने, धूप जला हम हवन करें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

गुरु शिष्यों की करते रक्षा, ज्ञान ध्यान की शिक्षा दे।
शिष्य करें गुरु आज्ञा पालन, गुरु चरणों में दीक्षा ले॥
यही बीज दे महा मोक्षफल, आओ! ऐसी फसल करें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

क्या होगा अस्तित्व शिष्य का, यदि गुरु का आशीष नहीं।
शिष्य बिना गुरुदेव अधूरे, उज्ज्वल धर्म भविष्य नहीं॥
गुरु शिष्यों का मिलन अनोखा, इक दूजे का ध्यान धरें।
गौतम गुरु को करके नमोऽस्तु, दीवाली त्यौहार करें॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

दिव्य ध्वनि मुख्यश्रोता गौतम गणधर अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

केवलज्ञानी महावीर जब, छ्यासठ दिन तक मौन रहे।
क्या कारण है इन्द्र विचारे, गणधर बिन ध्वनि कौन सहे॥
तब गौतम 'त्रैकाल्यं' आदिक, सूत्र अर्थ जब कर न सके।
समवसरण में मान-स्तंभ कर, मिथ्यादृष्टि रह न सके॥

(दोहा)

एकम श्रावण कृष्ण को, गौतम हर कर मान।
शिष्य बने सो ध्वनि खिरी, शासन चला महान॥

ॐ ह्रीं श्री दिव्यध्वनि मुख्यश्रोता गौतम गणधर स्वामिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

दिव्य ध्वनि प्राप्त गौतम आदि ग्यारह गणधर अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

सुबह वीर प्रभु मोक्ष पधारे, हमको अतः वियोग मिला।
गौतम गणधर बने केवली, संध्या में संयोग मिला॥

कार्तिक कृष्ण अमावस्या को, दो पर्वों से निज खोजें।
गौतमादि ग्यारह गणधर को, करके नमोऽस्तु हम पूजें॥
भव्य-पुण्य से विहार करके, फिर जीवों को ज्ञान दिए।
क्षेत्र गुणावा पर जाकर के, निज-पर के कल्याण किए॥
मोक्ष बानवें वर्षों में पा, सिद्ध लोक को गमन किए।
गौतम गुरु को अर्घ्य चढ़ा हम, करके नमोऽस्तु नमन किए॥

ॐ ह्रीं श्री गौतमादि-प्रभासपर्यन्त एकादश गणधरेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री गौतम गणधर स्वामिने नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

गौतम गणधर नाँव हैं, भवजल रहा अपार।
कर नमोऽस्तु जयमाल हो, होने को भवपार॥

(ज्ञानोदय)

तीन काल में तीन लोक में, तत्त्वों द्रव्य पदार्थों में।
मानव नित उत्सव प्रेमी है, मंगलमय परमार्थों में॥
दसलक्षण आदिक शाश्वत हैं, दीवाली नैमित्तिक है।
दीवाली की कथा समझ लो, जिसमें निहित आत्महित है॥१॥
वीर बने जब केवलज्ञानी, समवसरण की सभा सजी।
लेकिन छ्यासठ दिन तक प्रभु की, दिव्य देशना नहीं खिरी॥
शीघ्र इन्द्र ने अवधिज्ञान से, गणधर रहित सभा जानी।
कौन बनेगा गणधर प्रभु का, पता चला गौतम स्वामी॥२॥
ज्येष्ठ पुत्र जो पृथ्वी माँ के, ब्राह्मण थे वसुभूति पिता।
अग्निभूति अरु वायुभूति दो, इन्द्रभूति के लघु भ्राता॥

वह विद्वान महा अभिमानी, फिर भी पाँच शतक चेले।
वृद्ध विप्र का भेष इन्द्र धर, गौतमपुर की ओर चले॥३॥
इन्द्रभूति से कहे इन्द्र कुछ, मेरी शंका दूर करो।
'त्रैकाल्यं' का सूत्र अर्थ कह, मुझ पर कृपा जरूर करो॥
इन्द्रभूति जिन सूत्र श्रवण कर, सोचे तीन काल क्या हैं।
द्रव्य काय पदार्थ षट् लेश्या, व्रत गति समिति ज्ञान क्या हैं॥४॥
हुए निरुत्तर इन्द्रभूति तो, बोले गुरु से मिलवाओ।
होगा जब शास्त्रार्थ वहीं पर, समाधान तब तुम पाओ॥
शिष्य पाँच सौ तीनों भ्राता, वीर शरण में ज्यों आते।
देख मानस्तंभ मान हर, सम्यग्दर्शन पा जाते॥५॥
तत्क्षण ज्यों ही बने दिगम्बर, ज्ञान मनःपर्यय पाए।
गौतमपुर के गौतम गणधर, प्रथम शिष्य तुम कहलाए॥
त्रेसठ ऋद्धिधारि शिष्य पा, छ्यासठ दिन के बाद अहा।
मिला वीरशासन हम सबको, दिव्य देशना खिरी महा ॥६॥
शिष्य पाँच सौ मुनिपद धारे, दोनों भाई बने गणधर।
राजगृही के विपुलाचल पर, प्रथम देशना को सुनकर॥
द्वादशांग अंतर्मुहूर्त में, गौतम गणधर गुँथित किए।
कुल ग्यारह गणधर के स्वामी, तीस वर्ष तक धर्म दिए॥७॥
कार्तिक कृष्ण अमावस प्रातः, वीरा को निर्वाण हुआ।
तब गौतम को पावापुर में, संध्या केवलज्ञान हुआ।
सुबह चढ़ा के सब जन लाडू, शाम मनाते दीवाली।
धर्म लक्ष्मी दीपमालिका, पाई सबने खुशहाली॥८॥

क्षेत्र गुणावा में फिर जाकर, योग निरोध कर मुक्त हुए।
गुरु शिष्य के उत्सव पाकर, धन्य-धन्य हम भक्त हुए॥
गुरु शिष्य सिद्धत्व प्राप्त कर, कर्म रोग दुख नाश किए।
हमको मोक्ष घुमाएंगे प्रभु, ऐसा हम विश्वास किए॥९॥
ज्यों कोई अपनी सम्पत्ति, सौंपे नहीं नोकरों को।
यों ही हमको छोड़ न देना, खाने जगत ठोकरों को॥
वैर व्यसन निर्धनता हरकर, दिवस दशहरा कर देना।
वीरा गौतम सम उत्सव दे, रात दिवाली कर देना॥१०॥
गुरु शिष्यों के चरणों में ही, हर तीरथ का दर्शन हो।
सो दीवाली भज नयनों में, निर्मल सम्यग्दर्शन हो॥
सम्यग्ज्ञान पले वाणी में, चरण-चरण चारित्र चले।
'सुव्रत' की बस यही प्रार्थना, अंग-अंग वात्सल्य झरे॥११॥

(सोरठा)

गौतम प्रभु को ज्ञान, मिला वीर को पूजकर।
हम पाएँ निर्वाण, दीवाली को पूज कर॥

ॐ ह्रीं श्री गौतम गणधर स्वामिने अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला महार्घ्यं...।

(दोहा)

दीवाली के प्रभु करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, श्री गौतम गुरुराय॥

(पुष्पांजलिं...)

(इसके बाद यहाँ 'णमो जिणाणं' आदि ६४ ऋद्धियों के अर्घ्य भी चढ़ा सकते हैं)

निर्वाण काण्ड

(दोहा)

मंगलमय मंगलकरण, वीतराग विज्ञान।
करके नमोऽस्तु हम कहें, पूज्यकाण्ड निर्वाण॥

(चौपाई)

अष्टापद से आदि-अनन्त, भरत बाहुबलि कर्म हनन्त।
बाल बालमहा नागकुमार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१॥
वासुपूज्य चम्पापुर त्याग, महावीर पावापुर त्याग।
मुक्त हुए कर निज उद्धार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२॥
गिरिनारी से नेमीनाथ, शंबु प्रद्युम्न अनिरुद्ध साथ।
कोटि बहत्तर सत सौ पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥३॥
श्री सम्मेदशिखर से शेष, तीर्थंकर प्रभु बीस अशेष।
मोक्षमहल के खोले द्वार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥४॥
नगर तारवर से वरदत्त, मुनिवरांग मुनि सागरदत्त।
साढ़े तीन कोटि भव पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥५॥
सात-सात बलभद्र विशेष, आठ कोटि यदुवंशि नरेश।
गजपंथा से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥६॥
राम पुत्र लव कुश भव छोड़, लाट देश नृप पाँच करोड़।
पावागढ़ से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥७॥
पाण्डव भीम युधिष्ठिर पार्थ, द्रविड़ आठ कोटि नृप साथ।
शत्रुंजय से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥८॥
राम हनू सुग्रीव गवाक्ष, गवय नील महानील जिनाक्ष।
निन्यान्वें कोटि तुंगी पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥९॥

नंग अनंग कुमार प्रसिद्ध, साढ़े पाँच करोड़ सुसिद्ध।
सोनागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१०॥
रावण सुत सिद्धोदय छोड़, आदिक साढ़े पाँच करोड़।
रेवातट नेमावर पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥११॥
रेवा पार्श्व सिद्धवरकूट, साढ़े तीन कोटि तज झूठ।
दो चक्री दस कामकुमार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१२॥
बड़वानी की दक्षिण पीठ, कुंभकर्ण अरु इन्दरजीत।
चूलगिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१३॥
स्वर्ण वीर मुनि गुण-मणिभद्र, नदी चेलना पूरव हद्द।
पावागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१४॥
फलहोड़ी के पश्चिम भाग, शिखर द्रोणगिरि परभव त्याग।
गुरुदत्तादिक मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१५॥
दिशा अचलपुर की ईशान, साढ़े तीन कोटि मुनि जान।
मुक्तागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१६॥
वंशस्थल के पश्चिम घाट, कुलभूषण देशभूषण भ्रात।
कुंथलगिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१७॥
दशरथ राज पाँच सौ पुत्र, हुए कलिंग देश से मुक्त।
कोटिशिला से कोटि पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१८॥
गुरु वरदत्तादिक मुनि पाँच, पाकर समवसरण प्रभु पार्श्व।
नैनागिरि से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥१९॥
राजगृही से विद्युतचोर, अष्टापद से अंजनचोर।
गौतम गए गुणावा पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२०॥

मथुरा से श्री जंबूस्वामि, कुण्डलपुर से श्रीधर नामि।
सेठ सुदर्शन पटना बिहार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२१॥
अहारजी से मदनकुमार, विस्कंवल पहुँचे शिवद्वार।
सुप्रतिष्ठित गोपाचल पार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२२॥
यम धन आदिक संत प्रसिद्ध, शौरि-बटेश्वर से जो सिद्ध।
कनकगिरि से श्रीधर राज, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२३॥
जग में जितने भू-निर्वाण, गुफा नदी वन कन्दर थान।
भू नभ जल से मोक्ष पधार, जिनको नमोऽस्तु बारम्बार॥२४॥
कर निर्वाणकाण्ड के गान, 'सुव्रत' चाहें निज निर्वाण।
हो जाए जग का उद्धार, करके नमोऽस्तु बारम्बार॥२५॥

(दोहा)

जो पाए निर्वाण सुख, सिद्ध अनन्तानन्त।
करके नमोऽस्तु हम भजें, सिद्धक्षेत्र भगवंत॥

॥ इति ॥

बाहर नहीं
वसंत बहार तो
संत! अंदर....

महावीराष्टक स्तोत्र

(शिखरिणी)

यदीये चैतन्ये मुकुर इव भावाश्चिदचितः,
समं भान्ति ध्रौव्य-व्यय-जनि लसन्तोऽन्तरहिताः।
जगत्साक्षी मार्ग-प्रकटन-परो भानुरिव यो,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥१॥
अताम्रं यच्चक्षुः कमलयुगलं स्पन्द-रहितम्,
जनान् कोपापायं प्रकटयति वाभ्यन्तरमपि।
स्फुटं मूर्तिर्यस्य प्रशमितमयी वातिविमला,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥२॥
नमन्नाकेन्द्राली मुकुटमणि भा-जाल-जटिलम्,
लसत्पादाम्भोज-द्वयमिह यदीयं तनुभृताम्।
भवज्ज्वाला-शान्त्यै प्रभवति जलं वा स्मृतमपि,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥३॥
यदर्चा - भावेन प्रमुदित - मना दर्दुर इह,
क्षणादासीत्स्वर्गी गुण-गण-समृद्धः सुख-निधिः।
लभन्ते सद्भक्ताः शिवसुखसमाजं किमु तदा,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥४॥
कनत्स्वर्णाभासोऽप्यपगत-तनुर्ज्ञान-निवहो,
विचित्रात्माप्येको नृपतिवरसिद्धार्थतनयः।
अजन्मापि श्रीमान् विगतभवरागोऽद्भुत-गतिर्-
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥५॥
यदीया वाग्गङ्गा विविधनयकल्लोलविमला,
बृहज्ज्ञानाम्भोभिर्जगति जनतां या स्नपयति।
इदानीमप्येषा बुधजनमरालैः परिचिता,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥६॥

अनिर्वारोद्रेकस् - त्रिभुवनजयी काम-सुभटः,
कुमारावस्थायामपि निजबलाद्येन विजितः।
स्फुरन् नित्यानन्द-प्रशम-पद-राज्याय स जिनो,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥७॥
महामोहातङ्क प्रशमन - पराकस्मिकभिषग्,
निरापेक्षो बन्धुर्विदित - महिमा मङ्गलकरः।
शरण्यः साधूनां भव - भयभृतामुत्तमगुणो,
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥८॥

(श्लोक)

महावीराष्टकं स्तोत्रं, भक्त्या 'भागेन्दुना' कृतम्।
यः पठेच्छृणुयाच्चापि, स याति परमां गतिम्॥ ९॥

महावीराष्टक स्तोत्र (हिन्दी पद्यानुवाद)

(ज्ञानोदय)

जिनके ज्ञान रूप दर्पण में, ध्रौव्य नाश उत्पादमयी।
युगपद् प्रतिबिम्बित शोभित हों, जड़ चेतन के अर्थ सभी॥
जग साक्षी जो सूरज जैसे, शिवमग प्रतिपादक ज्ञानी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥१॥
बिन लाली अनिमेष नयन हैं, कमल युगल सम जो रहते।
भीतर बाहर क्रोध नहीं है, प्रकट रूप से यह कहते॥
जिनकी मूरत परम शान्त है, अति निर्मल जग कल्याणी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥२॥
जिनके दोनों पद कमलों में, देवों की श्रेणी झुकतीं।
उनके मुकुटों की मणियों की, कांति जिन्हें शोभित करतीं॥
जग जन के भव ताप शांति को, जिनका बस सुमरण पानी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥३॥

जिनकी पूजा के भावों से, मेढ़क प्रमुदित मन वाला।
इस जग में क्षणभर में देखो, बना देव सुख गुण वाला॥
तो तव भक्त मोक्ष सुख पाते, क्या इसमें अचरज स्वामी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥४॥
चमकित स्वर्ण कान्ति सम तन बिन, एकानेक आत्म ज्ञानी।
सिद्धारथ राजा के सुत जो, जन्म रहित हैं श्रीमानी॥
वीतराग भव राग बिना जो, अद्‌भुत गति है शिवधामी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥५॥
जिनकी शुचि वाणी की गंगा, विपुल ज्ञान के जल द्वारा।
जग जीवों को नहलाती है, बहु नय की लहरों द्वारा॥
ज्ञानी हंसों से परिचित यों, जाने जिनकी जिनवाणी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥६॥
जिनने कुमार काल दशा में, चमकित शान्त सदा सुख के।
पूज्य राज्य शिवपद पाने को, अपने आतम के बल से॥
दुर्जय पापी त्रिभुवन जेता, काम-सुभट जीता मानी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥७॥
महामोह के रोग शमन को, आकस्मिक जो वैद्य रहे।
बिना अपेक्षा के बंधू जो, मंगल महिमा सहित रहे॥
भव दुख से भयभीत जनों को, उत्तम गुण शरणादानी।
मेरे नयनों के वासी हों, महावीर वे जिन स्वामी॥८॥

(दोहा)

भागचंद अष्टक रचे, महावीर का स्तोत्र।
पढ़े सुने जो भक्ति से, पाय परम गति मोक्ष॥९॥
'सुव्रत' रचकर पद्य में, महावीर गुण गाय।
महावीर जल्दी बनूँ, सर्वोदय मन लाय॥१०॥

॥ इति शुभम्॥

महावीर जयंती पूजन

स्थापना (दोहा)

महावीर का जन्मदिन, वीर जयंती पर्व।
झूम-झूम हम पूज लें, करके नमोऽस्तु सर्व॥

(शंभु)

जय महावीर! जय महावीर!, जय महावीर! शासन स्वामी।
सिद्धार्थ राज माँ त्रिशला के, सुत महावीर अंतर्यामी॥
जब जन्म लिए कुण्डलपुर में, तो तीन लोक में क्षणिक खुशी।
सुर इन्द्र जन्म उत्सव करते, हम करें अर्चना हँसी खुशी॥

(दोहा)

प्राप्त जन्म कल्याण कर, बने वीर जिनराज।
हृदय कमल आसीन कर, हम भी पूजें आज॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्र अत्र अत्र अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(हरीगीतिका)

हम जन्म का उत्सव मनाएँ, मृत्यु का दुख भूल के।
जब मृत्यु आती है निकट तो, शीघ्र सुध-बुध भूलते॥
अतिवीर सम कर जन्म सार्थक, भय मरण का जीत लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

संसार का जो ताप जीते, प्राणियों को छाँव दे।
सचमुच वही हैं वीर जग में, मुक्ति का जो गाँव दे॥
चैतन्य चंदन सा महकने, दें अभय दिल जीत लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

कोई सिकन्दर हो भले पर, साथ क्या ले जाएगा।
आया दिगम्बर हो दिगम्बर, राख वह हो जाएगा॥
निधि वीर सम अक्षय मिले सो, धर दिगम्बर रूप लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

विद्वेष के कंटक हटा के, प्रेम का सिंचन करें।
परिवार यह दुनियाँ लगेगी, आत्म का चिन्तन करें॥
चारित्र का उपवन खिला के, वीर सम निज गंध लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

कर निरन्तर भोज्य हम तो, आज तक भूखे रहे।
तन पुष्ट तो होता गया पर, तत्त्व से सूखे रहे॥
हो वीर सम आतम रसीली, स्वानुभव का सौख्य लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

यह वीरशासन की दिवाली, है दशहरा ज्ञान का।
फिर क्यों अँधेरे में भटकते, नाश कर अज्ञान का॥
सो वीर सम चेतन करें हम, आरती का दीप लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

जो जीतता संसार को वह, सैन्य योद्धा वीर है।
जो जीतता साधक स्वयं को, सच! वही महावीर है॥
हम वीर बन महावीर बनने, कर्महारी धूप लें।

प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

प्रभु वीर साक्षात् ना मिले, इसका हमें तो गम रहा।
पर वीरशासन मिल गया यह, पुण्य फल क्या कम रहा॥
इस पुण्य का करके वपन, अरिहंत फल का बीज लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

प्रभु छोड़ हमको मोक्ष पहुँचे, याद में हम रो रहे।
प्रभु के बिना यह भार जीवन, व्यर्थ में हम ढो रहे॥
प्रभु थाम लो अब डोर अपनी, हम पुकारें अर्घ्य लें।
प्रभु वीर को करके नमोऽस्तु, हम जयंती पूज लें॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री महावीर जिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला (दोहा)

वीर जयन्ती पर्व का, कर लें हम त्यौहार।
वीर भक्त बनने करें, नमोऽस्तु बारम्बार॥

(जोगीरासा)

जय हो! जय हो! वर्तमान के, वर्धमान जिन स्वामी।
महावीर जिनशासन नायक, प्रभु जी अंतर्यामी॥
पार्श्वनाथ जब मोक्ष गए तब, फैला पाप अंधेरा।
त्राहि! त्राहि! दुनियाँ में फैली, दिखता नहीं सबेरा॥१॥
तब श्रेष्ठी कुण्डलपुर वासी, श्री सिद्धार्थ नरेशा।
धार्मिक रानी त्रिशला देवी, देखी स्वप्न विशेषा॥
सोलह सपनों के फल जाने, रत्नों की हुई वर्षा।
महावीर का जन्म हुआ फिर, सकल विश्व यह हर्षा॥२॥

चैत्र शुक्ल की त्रयोदशी थी, कंचन जैसी काया।
शचि इन्द्राणी ने माता को, मूर्च्छा नींद सुलाया।
मायामयी एक बालक को, जल्दी वहीं सुलाया।
बालवीर को उठा गोद में, सम्यग्दर्शन पाया॥३॥
बाहर ला सौधर्म इन्द्र को, बाल वीर को सौंपा।
लेकर के सौधर्म इन्द्र फिर, सुमेरु गिरि पर पहुँचा॥
पाण्डुक तल पर शासित करके, क्षीर सिन्धु के जल से।
ढारे एक हजार आठ शुभ, बड़े-बड़े ले कलशे॥४॥
तब सौधर्म इन्द्र शंकित हो, सोच रहे कुछ ऐसे।
इतने सारे कलशों का जल, वीर सहेगा कैसे॥
बालवीर ने अवधि ज्ञान से, इसको जाना जैसे।
तनिक अँगूठा दवा दिया तो, हिला सुमेरु वैसे॥५॥
समझ गया सौधर्म इन्द्र सब, फिर अभिषेक करा के।
वीर नाम रख ताण्डव नाँचे, बाद नगर में आ के॥
इस विध चौदह कोटि रत्न की, प्रतिदिन वर्षा होती।
पन्द्रह माहों तक भक्तों में, दुख दरिद्र सब खोती॥६॥
पर्व जन्म कल्याणक करके, सुर स्वर्गों को जाते।
भक्त मना के वीर जयंती, अपना भाग्य जगाते॥
बदले में बस यही चाहते, बनें जन्म कल्याणी।
बार-बार ना गर्भ जन्म हों, हों कल्याणक स्वामी॥७॥
माँ को अब ना अधिक रुलाएँ, हम ना आँसु बहाएँ।
धर्म अहिंसा परमो धर्मः, सूत्र वीर के गाएँ॥
जियो और जीने दो सबको, दें धार्मिक संदेशा।
'सुव्रत' जीवन सार्थक करने, नमोऽस्तु करें हमेशा॥

(सोरठा)

पर्व जन्म कल्याण, वीर जयन्ती गाइए।
करके नम्र प्रणाम, सार्थक जन्म बनाइए॥

ॐ ह्रीं जन्ममहोत्सव मण्डित श्री महावीर जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

महावीर स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजें भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, महावीर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

महावीर निर्वाण पूजन

स्थापना (दोहा)

महावीर भगवान को, मन मंदिर में धार।
कर नमोऽस्तु निर्वाण का, कर लें हम त्यौहार॥

(शंभु)

हे वीर! तुम्हें जब मोक्ष हुआ तब, पर्व किया था देवों ने।
जब पता चला इस जग को तो, त्यौहार मनाया भक्तों ने॥
हम उसमें शामिल हो न सके, सो यथाशक्ति से आज सजें।
हे वीर! हमारे हृदय वसो, हम महावीर निर्वाण भजें॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्र अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

जग जन्म-मृत्यु में उलझा है, पर आप जगत के पार गए।
हे मृत्युंजय! जाते-जाते, दे दीवाली त्यौहार गए॥

हम ऋणी रहेंगे जन्मों तक, पर जल तो आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

खुद 'जियो और जीने दो' यह, सिद्धांत तुम्हारा प्रचलित है।
सिद्धांत भुलाकर यह दुनियाँ, नित राग-द्वेष कर विचलित है॥
हम चलें आपके चिह्नों पर, सो चंदन आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय संतारताप-विनाशनाय चंदनं...।

क्यों नाथ! हमें तुम छोड़ गए, क्यों सिद्ध हुए शुद्धातम के।
क्यों आकुल-व्याकुल हम भटकें, हम यही समझने आ धमके॥
हमको भी वीर बना लेना, ये अक्षत आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

ज्यों मोक्ष गए तो तुम अपना, चैतन्य बाग महका डाले।
हम सूख रहे काँटों जैसे, क्यों हमको नाथ! भुला डाले॥
चंदनवाला सम खिलने को, पुष्पों को आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

ज्यों आत्मप्रदेश विशुद्ध किए, त्यों ठोस ज्ञानघन रूप हुए।
सो मीठे लाडू चढ़ा-चढ़ा, निर्वाण महोत्सव खूब हुए॥
नैवेद्य धर्म का चखने को, यह लाडू आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर- जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

तुम कार्तिक घोर अमावस में, सिद्धों की नगरी खोज लिए।
सो पर्व दिवाली मना-मना, हम दीप जलाना सीख लिए॥
हों नगर-नगर घर-घर उत्सव, ये ज्योति से ज्योति जलाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

हे सन्मति तेरे संदेशे, बस पन्नों पर छप जाते हैं।
दीवालों पर लिख जाते हैं, दीवाली पर पुत जाते हैं॥
अब कहो विश्व का क्या होगा, पर हम तो धूप चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

है स्वार्थ बड़ा मजबूत यहाँ, जो सबको बाँधे रखता है।
सो वर्तमान को वर्धमान की, फिर से आवश्यकता है॥
सिद्धांत आपके अपनाने, प्रासुक फल आज चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

हे वीर प्रभु! तुम बच निकले, सो मना रहे हम दीवाली।
वरना अस्तित्व हमारा क्या, आते खाली जाते खाली॥
पर मिला वीरशासन हमको, सो सादर अर्घ्य चढ़ाएंगे।
हम करके नमोऽस्तु वीरा को, दीवाली पर्व मनाएंगे॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

पंचकल्याणक अर्घ्य (दोहा)

षष्ठी शुक्ल अषाढ़ को, तज अच्युत सुर धाम।
माँ त्रिशला के गर्भ में, आए **वीर** महान्॥

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्लषष्ठ्यां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

तेरस शुक्ला चैत्र को, **वर्धमान** लें जन्म।
सिद्धारथ घर आँगने, सुर-नर हुए प्रसन्न॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

अगहन दसवीं कृष्ण को, **सन्मति** तज संसार।
बने दिगम्बर सो करें, नमोऽस्तु बारम्बार॥

ॐ ह्रीं मगशिरकृष्णदशम्यां तपमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

दसें शुक्ल वैशाख को, पाया केवलज्ञान।
शासननायक बन पुजे, **महावीर** भगवान्॥

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

कार्तिक कृष्ण अमास को, मोक्ष गए **अतिवीर**।
दीवाली त्यौहार हो, पावापुर के तीर॥

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्ण-अमावस्यायां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री महावीर जिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

उत्तम मंगलशरण हैं, णमोकार ओंकार।
शासननायक वीर को, नमोऽस्तु बारम्बर॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! शासन नायक, महावीर भगवान की।
जय हो! जय हो! वर्धमान के, दीवाली निर्वाण की॥

दीवाली त्यौहार कथा की, अपनी-अपनी श्रद्धाएँ।
आओ जानें समझें क्या हैं, कैसी प्रचलित निष्ठाएँ॥१॥
हिन्दु कहते आज राम जी, लंका जय कर लौटे थे।
नरकासुर को मार श्याम जी, सिंहासन पर बैठे थे॥
दुर्गाजी अपने पति के घर, आज लौट कर आई थीं।
समुद्रमंथन में लक्ष्मी जी, आज प्रकट हो आई थीं॥२॥
सिक्ख गुरु गोविंदसिंह जी, आज मुक्त हो तन छोड़े।
रामकृष्ण जी परमहंस ने, दयानन्द ने तन छोड़े॥
हुई बोधि की प्राप्ति बुद्ध को, रामतीर्थ भी मुक्त हुए।
आद्य शंकराचार्य गुरु जी, मृत्यु शैय्या युक्त हुए॥३॥
किसकी कैसी आस्था हमने, थोड़ी सी कुछ बतलायी।
दीवाली क्यों जैन मनाते, जो तीर्थंकर अनुयायी॥
चौबीसी अंतिम तीर्थंकर, महावीर को आज सुबह।
मोक्ष हुआ निर्वाण गए सो, लाडू चढ़ते जगह-जगह॥४॥
संध्या को अनुबद्ध रूप में, प्रथम शिष्य गौतम गणधर।
बने केवली अतः दिवाली, भक्त मनाते हैं घर-घर॥
सोलह दीपक चौंषठ ज्योति, जला रोशनी करते हैं।
ज्ञानलक्ष्मी मोक्षलक्ष्मी, पूजा खोजा करते हैं॥५॥
घर आँगन को रोशन करने, दीप जलाते शहर नगर।
आतम घट को रोशन करने, प्रेम बाँटते घर-बाहर॥
तब रत्नत्रय रूपा लक्ष्मी, होती शीघ्र प्रसन्न अहो।
दीवाली पावापुर जैसी, स्वयं मनाकर धन्य रहो॥६॥
महावीर गौतम के जैसे, हम अपना उद्धार करें।
अतः पंचमेवा सेवा कर, दीवाली त्यौहार करें॥

विश्व एक परिवार बनाने, 'सुव्रत' ज्योति जलाओ रे।
जलने के पहले जलने से, बचकर पर्व मनाओ रे॥७॥

ॐ ह्रीं निर्वाण महोत्सव मण्डित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

दीवाली के प्रभु करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, महावीर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

अक्षय तृतीया पूजन

स्थापना (दोहा)

अक्षयतीजा पर्व है, जग में पूज्य महान।
आदिप्रभु को नमोऽस्तु कर, पाएँ अक्षय दान॥

(ज्ञानोदय)

इस युग के जब आदि प्रवर्तक, दीक्षित होकर संत हुए।
किन्तु वर्ष भर मिला न भोजन, अंतराय के उदय हुए॥
तब श्रेयांस सोम राजा दे, दान पारणा झूम उठे।
दान तीर्थ का हुआ प्रवर्तन, अक्षय-तीजा पूज झुके॥

(दोहा)

तीज शुक्ल वैशाख की, जग में हुई महान।
आदि प्रभु को हम भजें, हृदय वसो भगवान॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

तद्भव मोक्षगामि के भी तो, जन्म मरण आदिक होते।
फिर क्या होगा अपना जीवन, इसे व्यर्थ क्यों हम खोते॥
प्रासुक जल ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

आदिनाथ ने बना अंजुली, पाणिपात्र फैलाया ज्यों।
हुआ मान का मर्दन देखो, शीतल स्वभाव पाया त्यों॥
सो चंदन ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

धर्मतीर्थ विच्छेद हुआ पर, दानतीर्थ अक्षय दौड़े।
अक्षय-तीजा पर्व उसी का, सिद्धों से नाता जोड़े॥
सो अक्षत ले अक्षय तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

शील व्रतों का अखण्ड पालन, तीर्थंकर पद दान करे।
फिर भी केवल ज्ञान बिना यह, मुक्तिवधू में नहीं रमे॥
अतः पुष्प ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

तीव्र असाता शर्मिंदा कर, भूखे प्यासे भटकाये।
हाय! हाय! यह कैसे छूटे, जिससे कोई न बच पाए॥
ले नैवेद्यक अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

भोगभूमि का हुआ समापन, सूर्य चाँद तब प्रकट हुए।
भव्य जनों के पुण्योदय से, धर्म दीप भी उदित हुए॥
अतः दीप ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

कर्मोदय से आदिनाथ भी, विषयों के व्यापार किए।
आत्मज्ञान पा हुए विरागी, कर्मों का संहार किए॥
अतः धूप ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

आदिनाथ जी किए तपस्या, मोक्षमार्ग सबने पाया।
पर निमित्त के फल से अपना, उपादान तक सुख पाया॥
सो लेकर फल अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

अहो! ज्ञान की महिमा देखो, पंचाश्चर्य प्रकट होते।
जय हो! जय हो! यशोगान कर, पवित्र आतम घट होते॥
अतः अर्घ्य ले अक्षय-तीजा, आदिनाथ को हम पूजें।
श्री श्रेयांस सोम राजा सम, नमोऽस्तु अपने भी गूँजें॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री वृषभनाथजिनेन्द्राय नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

अक्षय तीजा पर्व सा, करके मंगल दान।
अक्षय आतम प्राप्ति को, हो नमोऽस्तु गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! आदिनाथ की, दान तीर्थ की जय-जय हो।
जय हो! जय हो! अक्षय-तीजा, चार दान की जय-जय हो॥
आदिनाथ जब बने तपस्वी, छह मासिक उपवास किए।
तज उपवास गए भोजन को, तो विधि बिन वह लौट लिए॥१॥
वर्धमान चर्या के धारी, पुनः मौन ध्यानस्थ हुए।
विधि का ज्ञान न भक्तों को था, अतः दुखी सब भक्त हुए॥
कैसे हो आहार प्रभु का, भरत सोचते बाहुबली।
तेरह माह नवों दिन गुजरे, कोई युक्ति नहीं चलीं॥२॥
इधर क्षयोपशम अन्तराय का, उधर हस्तिनापुर नृप को।
सात स्वप्न यों क्रमिक दिखे थे, स्वर्णिम मेरु कल्पतरु को॥
सिंह बैल रवि शशि सागर फिर, दिखी देवियाँ द्रव्य लिए।
जान स्वप्न फल पड़गाहन को, द्वाराप्रेक्षण शीघ्र किए॥३॥
श्री श्रेयांस सोम नृप करते, आदि प्रभु का पड़गाहन।
नवधा भक्ति करें खुशी से, दें इक्षुरस कर शोधन॥
वज्रजंघ श्रीमति के भव के, दान पुण्य होते अब धन्य।
पंचाश्चर्य प्रकट होते हैं, दान पात्र दाता हो धन्य॥४॥
रत्नवृष्टि हो, पुष्पवृष्टि हो, ढोल नगाड़े बाज उठे।
पवन सुगंधित सुर-सुर ढुरके, महा दान सब बोल उठे॥

अहो! दान यह धन्य! दान यह, नभ में जय-जय गूँज उठे।
अक्षय-तीजा धन्य हो गयी, सभी भक्त हम पूज उठे॥५॥

औषध-शास्त्र-अभय-आहारा, चार तरह का दान करें।
दाता पात्र द्रव्य विधि जाने, आतम का कल्याण करें॥
जड़ धन वैभव नाशवान है, देकर दान अमर हो लो।
अक्षय-तीजा पर्व मनाकर, आदिनाथ की जय बोलो॥६॥

जोड़-जोड़ के जो रखता है, उसके धन में जंग लगे।
गाढ़-गाढ़ के जो रखता है, उसको सर्प भुजंग लगे॥
खाता-पीता जो रहता है, उसका धन तो अंग लगे।
अपने धन का दान करे जो, भव-भव में वह संग लगे॥७॥

अतः कमाओ धर्म नीति से, खर्च रीति से धन करना।
भोग भोगना सदा भीति से, दान प्रीति से सब करना।
तो जिनशासन तीर्थ चलेगा, ऋद्धि-सिद्धि हो जीवन में।
'सुव्रत' अपना धर्म निभाएँ, सदा रमें निज चेतन में॥८॥

(सोरठा)

अक्षय-तीजा पर्व, देता यह संदेश है।
त्यागो जड़ धन सर्व, सिद्धों सा निज देश है॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

वृषभनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, आदिनाथ जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

श्रुतपंचमी पूजन

स्थापना (दोहा)

पूजित श्रुत अवतार की, पूर्ण कथा का पर्व।
हम पूजें श्रुतपंचमी, करके नमोऽस्तु सर्व॥

(ज्ञानोदय)

जिनशासन की अनादि धारा, महावीर प्रभु बहा गए।
जिनकी वाणी सुनकर गौतम, सबको दे तत्त्वार्थ गए॥
जो धरसेनाचार्य गुरु ने, षट्खंडागम ज्ञान दिया।
भूतबलि मुनि पुष्पदंत ने, जिसे पूर्ण लिपिबद्ध किया॥

(दोहा)

ज्येष्ठ शुक्ल श्रुतपंचमी, तब से हुई महान।
'जयदु जयदु सुद देवदा', प्रकटा दें निज ज्ञान॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

ज्यों अनादि से श्रुत धारा से, जिनशासन सिंचित होता।
उसके आश्रित नहीं हुए जो, जनम मरण उनका होता॥
जन्म मरण की पीड़ा हरने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

जलकण हिमकण से भी ज्यादा, शीतलता जिनवाणी की।
जिनवाणी रसपान करे जो, व्यथा मिटे उस प्राणी की॥
निज की ज्वालामुखी शान्ति को, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

लूट-लूट श्रुतधन श्रद्धालु, निजी खजाना भरते हैं।
पर श्रुत के भंडार अनन्तों, रिक्त हुआ ना करते हैं॥
निज श्रुत वैभव अक्षय पाने, हम श्रुत पंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

श्रुत के बाग बगीचे में ही, तरुवर हों रत्नत्रय के।
जो अरिहंत सिद्ध बन खिलते, पुष्प लगें सिद्धालय के॥
श्रुत की एक पंखुड़ी बनने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

सुनो! मील के पत्थर जैसे, श्रुत के मंत्र समझना हैं।
शास्त्र द्रव्य श्रुत रहा अचेतन, इससे चेतन चखना है।
अपना शुद्धभाव श्रुत चखने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

केवलज्ञान सूर्य के बिन तो, श्रुत आगम ही दीप रहे।
जो हमको सन्मार्ग दिखाएँ, प्रभु के बहुत समीप रहे॥
आतम दीप प्रज्ज्वलित करने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

भले धूल हो शास्त्रों पर वे, बन कर शस्त्र प्रहार करें।
पाप दुखों की धूल हटा के, कर्म शत्रु संहार करें॥
आत्म किले पर विजय प्राप्ति को, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

जिन श्रुत का स्कंध अडिग है, हिले न मिथ्या आंधी से।
जिसके फल तो स्वर्ग मोक्ष दें, जो आतम रस दे मीठे॥
महा मोक्षफल का पथ पाने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

संविधान से देश सुचालित, भक्त चलें जिन-आगम से।
विश्व शान्ति फिर क्यों ना होगी, मुक्ति मिलेगी खुद हमसे॥
ज्ञान देवता प्रसन्न करने, हम श्रुतपंचमी पर्व भजें।
षट्खण्डागम कसायपाहुड़, उन्तालिस आगम पूजें॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै नमः।

जयमाला

(दोहा)

पावन है श्रुतपंचमी, नैमित्तिक त्यौहार।
जो शाश्वत त्यौहार दे, सो नमोऽस्तु बहु-बार॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! श्रुतपंचमी पर्व की, श्रुत की यह अवतार कथा।
जिनशास्त्रों की रचना वाली, सिद्धांतों की सार कथा॥

ऋषभदेव से महावीर तक, दिव्य-देशना तत्त्वों की।
जिनके गणधर ग्रन्थ गूँथते, जिनपर श्रद्धा भक्तों की॥१॥
महावीर निर्वाण गए फिर, गए केवली गणधर भी।
किन्तु बुद्धि जब क्षीण हुई तो, द्वादशांग अंतिम गुरु जी॥
श्री धरसेनाचार्य दुखी थे, कैसे श्रुत की हो रक्षा।
तो गिरिनारी पत्र भेजकर, कही संघ से निज इच्छा॥२॥
मुझ में जो श्रुत ज्ञान भरा है, उसे सौंपना मैं चाहूँ।
अतः भेज दो कुछ शिष्यों को, श्रमण संघ करुणा चाहूँ॥
श्रमणसंघ की सहमति से तब, चन्द्रगिरी दो शिष्य गए।
तब धरसेन स्वप्न देखे दो, तरुण बैल पग चाट रहे॥३॥
सुबह जयदु सुद देवदा कह के, हों श्रुत देव सदा जयवंत।
तभी श्रमण दो आकर करते, नमोऽस्तु सादर नन्तानन्त॥
समाचार कर परीक्षा करने, एक-एक फिर मंत्र दिया।
सिद्धि हेतु दो-दो अनशन का, बेला वाला नियम दिया॥४॥
हीनाधिक मंत्रों के कारण, कानी देवी प्रकट हुईं।
अन्य बड़े दाँतों वाली जो, किए व्यवस्थित शुद्ध हुईं॥
भूतबली वा पुष्पदंत सो, उनके नाम प्रसिद्ध हुए।
जिनको गुरु श्रुत ज्ञान दान दे, अन्य जगह पर भेज दिए॥५॥
षट्खण्डागम ग्रन्थ लिखे जो, पूर्ण हुए श्रुतपंचमी को।
जिनशासन के भक्त ऋणी हैं, अतः भजें श्रुतपंचमी को॥
वीरसेन कृत धवला टीका, जय-धवला जिनसेन लिखे।
एक लाख बत्तीस हजारी, श्लोक प्रमाणी ग्रन्थ दिखे॥६॥
देवसेनकृत महाधवल जो, है चालीस हजार प्रमाण।

विजय धवल अतिशय धवला के, हैं उपलब्ध न कोई प्रमाण॥
ऐसी श्रुत अवतार कथा ये, रत्नत्रय को पुष्ट करे।
दीन-हीन भूले भटकों को, ऋद्धि-सिद्धि दे तुष्ट करे॥७॥
ज्ञान दान की परम्परा ये, आत्म धर्म भी दान करे।
राग द्वेष जग विभाव हर के, अनन्तकेवल ज्ञान भरे॥
ज्ञान महोत्सव मोक्षमहल में, करने अवसर दो स्वामी।
'सुव्रत' को आशीष दान दे, सिद्ध बना दो आगामी॥८॥

(सोरठा)

हरने को अज्ञान, हम पूजें श्रुतपंचमी।
करके नमोऽस्तु ध्यान, हम हों आतम के धनी॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुतपंचमीरूप जिनमुखोद्भव सरस्वतीदेव्यै अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

श्री जिनवर वाणी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजें भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, श्रुतदेवा जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

हमारे दोष
जिनसे फले फूले
वे बंधु कैसे?

मोक्षसप्तमी पूजन

स्थापना (शंभु)

उपसर्ग कमठ का जयकर प्रभु, पारस को केवलज्ञान हुआ।
सावन की घोर घटाओं में, प्रभु पारस का निर्वाण हुआ॥
सो मोक्षसप्तमी पाकर हम, सम्मेदशिखर को ध्याएंगे।
निर्वाण महोत्सव पारस का, हम सादर आज मनाएंगे॥

(दोहा)

हे! पार्श्वप्रभु चिंतामणि, हृदय विराजो नाथ।
करके नमोऽस्तु हम झुकें, दे दो आशीर्वाद॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

मौसम के पावन सावन में, जब लगी मूसलाधार झड़ी।
तो जग के साथ कमठ डूबा, पर पारस नैया पार खड़ी॥
सो करके नमोऽस्तु जलधारा, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

वर्षा में ज्वाला बरसाई, पर ध्यान अग्नि तुम जला-जला।
भय वैर-भाव को राख किया, उपसर्ग कमठ का टला-टला॥
सो करके नमोऽस्तु चंदन से, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

उपसर्ग कमठ करके हारा, तब आजू-बाजू झांका था।
चैतन्य चमत्कारी मुद्रा, का हुआ बाल न बांका था॥
सो करके नमोऽस्तु अक्षत से, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय-अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

था कमठ जीव काँटों जैसा, पारस थे फूलों कलियों से।
तो मोक्षमल्लिका ले आई, वरमाला शाश्वत गलियों से॥
सो करके नमोऽस्तु पुष्पों से, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

पारस का आत्म बना रस तो, वह चखे बनारस के पारस।
भरपूर प्रयास कमठ का था, पर चख न सका लाडू सा रस॥
सो करके नमोऽस्तु लाडू से, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

नरमुण्डों वाले दैत्य किए, जब घोर घटा काली-काली।
तो महावीर बन पारस ने, चेतन की कर दी दीवाली॥
सो करके नमोऽस्तु दीप जला, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

कर्मों के किले उजाड़े थे, संकट उपसर्ग विजेता ने।
जिससे सबका दिल जीत लिया, श्री मोक्षमार्ग के नेता ने॥
सो करके नमोऽस्तु धूप चढ़ा, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

इस दुनियाँ ने किसको छोड़ा, इस दुनियाँ ने किसकी मानी।
पर दुनियाँ को जिसने छोड़ा, ये दुनियाँ उसकी दीवानी॥
सो करके नमोऽस्तु फल लेकर, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

उपसर्ग सहन करके भी तो, पारस ने सबको क्षमा किया।
तब प्राणों से प्यारे तुमने, दुनियाँ को अपना बना लिया॥
सो करके नमोऽस्तु अर्घ्य लिए, निर्वाण महोत्सव पूज रहे।
पारस के पर्व बनारस से, सम्मेदशिखर तक गूँज रहे॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

पंचकल्याणक अर्घ्य (दोहा)

कृष्ण दूज वैशाख में, त्यागे स्वर्ग विमान।
वामा (ब्राह्मी) जी के गर्भ में, वसे पार्श्व भगवान॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्ण-द्वितीयायां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

पौष कृष्ण एकादशी, जन्मे पारसनाथ।
अश्व (विश्वसेन) काशी नचे, दिव्य धर्म के नाँच॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्ण-एकादश्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जन्मदिवस में छोड़कर, दुखवर्धक जगवस्तु।
पार्श्वनाथ मुनि बन गए, सादर जिन्हें नमोऽस्तु॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्ण-एकादश्यां तपोमङ्गलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

चैत्र चतुर्थी कृष्ण को, पार्श्व बने अरिहंत।
कमठ करे प्रभु पार्श्व को, नमोऽस्तु नन्तानन्त॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णचतुर्थ्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं..।

मोक्षसप्तमी को गए, पार्श्व मोक्ष के धाम।
सुवर्णभद्र की कूट को, नमोऽस्तु करें प्रणाम॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लसप्तम्यां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जयमाला (दोहा)

बाल ब्रह्मचारी विभो, पार्श्वनाथ भगवान।
करके नमोऽस्तु हम करें, जयमाला गुणगान॥

(चौपाई)

जय-जय पारसनाथ दयालु, भक्त आपके हम श्रद्धालु।
संकटमोचक अंतर्यामी, थोड़ा हमें निहारो स्वामी॥१॥
अश्वसेन वामा के नन्दन, जिनशासन के तुम हो कुन्दन।
पूज्य पंचकल्याणक धारे, हे! उपसर्ग विजेता प्यारे॥२॥
विघ्न कष्ट भय तारणहारे, हम भक्तों के पालनहारे।
चौबीसी में सबसे न्यारे, सुन्दर-सुन्दर साँवरिया रे॥३॥
सो हर जगह वसे हैं पारस, देखो जहाँ वहाँ पर पारस।
सम्मेदशिखर में पारस-पारस, नगर बनारस पारस-पारस॥४॥
विजौलिया में पारस-पारस, अहिक्षेत्र में पारस-पारस।
कचनेरजी में पारस-पारस, बड़ागाँव में पारस-पारस॥५॥
जिंतूरजी में पारस-पारस, अंतरिक्ष में पारस-पारस।
ऐलोरा में पारस-पारस, महुआजी में पारस-पारस॥६॥
नैनागिरि में पारस-पारस, पटेरियाजी में पारस-पारस।
नेमावर में पारस-पारस, मक्सीजी में पारस-पारस॥७॥
गोपाचल में पारस-पारस, करगुँवाजी में पारस-पारस।
पावागिरि में पारस-पारस, बालाबेट में पारस-पारस॥८॥
अंदेश्वर में पारस-पारस, चँवलेश्वर में पारस-पारस।
अणिंदाजी में पारस-पारस, पटनागंज में पारस-पारस॥९॥
मोक्षसप्तमी पारस-पारस, निर्वाण लाडू पारस-पारस।
तीन लोक में पारस-पारस, मुनि 'सुव्रत' हों पारस-पारस॥१०॥

(सोरठा)

पार्श्वनाथ भगवान, अतिशयकारी ईश हैं।
कर नमोऽस्तु सम्मान, भक्त झुकाते शीश हैं॥

ॐ ह्रीं मोक्षसप्तमी मण्डित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

पार्श्वनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, पार्श्वनाथ जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

रक्षाबन्धन पूजन

स्थापना (दोहा)

रक्षाबन्धन पर्व का, करते कुछ गुणगान।
शक्ति मिले वात्सल्य भी, बढ़े धर्म की शान॥

(ज्ञानोदय)

जिन आचार्य अकंपन गुरु का, संघ सात सौ मुनियों का।
हस्तिनागपुर के उपवन में, हुआ विराजित गुणियों का॥
पूर्व वैर से राजा बलि ने, यज्ञ रचा उपसर्ग किया।
आतम साधक गुरु शिष्यों ने, मौन अचल सब सहन किया॥
दौड़े विष्णुकुमार महामुनि, ज्यों जाने उपसर्ग कथा।
निजी विक्रिया ऋद्धि द्वारा, शीघ्र दिया उपसर्ग हटा॥
श्रावण पूनम को मुनियों का, सुखी धन्य आहार हुआ।
रक्षासूत्र बाँध गृहस्थों ने, वत्सलता का द्वार छुआ॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवंअकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनि समूह अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

प्रासुक जल यह अर्पित करके, जनम-मरण हम ना चाहें।
जिसकी औषध रत्नत्रय दे, हरो हमारी भी आहें॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

चन्दन द्वारा वन्दन करके, भवाताप हम ना चाहें।
करुणा रस की वर्षा करके, हरलो तम मन की दाहें॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं...।

अखण्ड तन्दुल अर्पित करके, कोई उपाधि ना चाहें।
मनोकामना जीत सकें हम, हमें दिखाओ शिवराहें॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान्...।

कोमल पुष्पक अर्पित करके, कामबाण हम ना चाहें।
ब्रह्मचर्य पालन सिखलाके, संज्ञाएँ सब छुड़वाएँ॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यः कामबाण विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

सरस मधुर नैवेद्य चढ़ाके, क्षुधारोग हम ना चाहें।
समतारस का पान कराके, हरो भोग की ज्वालाएँ॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं...।

करें आरती इन दीपों से, मोहतिमिर हम ना चाहें।
सम्यग्ज्ञान दीप जलवा के, हर लो मिथ्या अफवाहें॥

मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं...।

धूप सुगन्धी अर्पित करके, अष्टकर्म मल ना चाहें।
संयम का सौरभ महका कर, हरो असंयम की बाहें॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं...।

यथा शक्तिफल अर्पित करके, लौकिक फल हम ना चाहें।
सम्यक् तप से कर्म झड़ाने, गुरुपद सेवा हम चाहें॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं...।

भाव-भक्ति से अर्घ्य चढ़ा के, नश्वर वैभव ना चाहें।
रुक जाए भव भ्रमण हमारा, इस इच्छा से पद ध्याएँ॥
मुनि आचार्य अकंपन आदिक, सात-शतक उपसर्गजयी।
हम पूजें उपसर्ग निवारक, वत्सल विष्णुकुमार गुणी॥

ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रूं श्री विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतक मुनिभ्यो नमः।

जयमाला (दोहा)

रक्षाबंधन पर्व का, आओ जाने हाल।
करके नमोऽस्तु हम सभी, कहें कथा जयमाल॥

(ज्ञानोदय)

हस्तिनागपुर के राजा जो, महापद्म विख्यात हुए।
पद्मराज विष्णुकुमार जी, जिनके दो-दो पुत्र हुए॥
महापद्म ने पद्मराज को, राज्य दिया वैराग्य धरे।
विष्णुकुमार भी गये साथ में, बनकर मुनि संन्यास धरे॥२॥
उधर सुनो! उज्जयनी राजा, श्री वर्मा के मंत्री चार।
बलि नमुचि प्रहलाद वृहस्पति, जिनशासन के शत्रु अपार॥
तभी अकंपनाचार्य गुरुवर, संघ सात सौ शिष्यों का।
लेकर यहाँ पधारे जाने, सारा हाल मंत्रियों का॥३॥
तब आचार्य संघ से बोले, मंत्री जन से मौन रहें।
किन्तु नहीं थे श्रुतसागर सो, ये सब ज्ञात न हुआ उन्हें॥
मंत्री आकर मौन संघ को, मूर्ख बोलकर लौट गए।
मिले राह में श्रुतसागर सो, काफी वाद विवाद हुए॥३॥
मुनि से हुए पराजित मंत्री, जान दुखी आचार्य हुए।
गुरु आज्ञा से श्रुतसागर जी, वहीं गए ध्यानस्थ हुए॥
आहत मंत्री बदला लेने, ज्यों आए तो मुनि को पा।
किए वार तो वन-देवों ने, कील दिया जड़रूप किया॥४॥
देश निकाला मिला दण्ड सो, गए हस्तिनापुर मंत्री।
पद्मराज ने रखा वचन दे, लेकिन टाले सब मंत्री॥
संघ सात सौ मुनियों वाला, आया तो बदला लेने।
बुरे भाव से राज सात दिन, लिया संघ को दुख देने॥५॥
करने को उपसर्ग संघ पर, किया यज्ञ नरमेघ हवन।
यह उपसर्ग समझ मुनियों ने, त्याग दिया पानी भोजन॥
इसे जान कर मिथिलापुर के, सागरचंद्र अवधिज्ञानी।
गुरु ने क्षुल्लक पुष्पदंत को, भेजा देकर गुरुवाणी॥६॥
धरणी भषूण पर्वत पर मुनि, विष्णुकुमार से विनय करो।
तुम्हें विक्रिया ऋद्धि है सो, मुनियों का उपसर्ग हरो॥
क्षुल्लक जी से सत्य जानकर, हस्तिनागपुर जा पहुंचे।
पद्मराज की देख विवशता, वामन रूप बना पहुंचे॥७॥

देख मंत्रियों ने स्वागत कर, किया निवेदन भिक्षा को।
मुझे तीन पग भूमि चाहिए, दो मंत्री यदि इच्छा हो॥
वामन की इतनी सी इच्छा, सुन मंत्री हैरान हुए।
शीघ्र नाप लो भूमि तीन पग, इतने से क्या दान हुए॥८॥
विष्णुकुमार जी किए विक्रिया, पहुँचे ज्योतिष-पटल डगर।
पहला कदम सुमेरू पर्वत, दूजा मानुषोत्तर पर॥
नाँचा कदम तीसरा नभ में, बोलो रख दें बलि किधर।
रखो पीठ पर मेरी ऐसा, मंत्री बोले घबरा कर॥९॥
पैर पीठ पर रक्खा जैसे, जग में हा-हाकार मचा।
क्षमा याचना कर वामन से, धूर्तों का अभिमान नशा॥
चौदस को उपसर्ग टला फिर,खीर सिमैयों का आहार।
श्रावण पूनम को दे पाए, रक्षाबंधन का त्यौहार॥१०॥
लगे वहाँ चौदह सौ चौके, पर न हुए जिनमें आहार।
रक्षासूत्र बाँध दाता को, उनमें करवाए आहार॥
तब से रक्षाबंधन उत्सव, रक्षा का होता त्यौहार।
सो 'सुव्रत' वात्सल्य कथा से, करें धर्म की जय-जयकार॥११॥

(दोहा)

रक्षाबंधन की कथा, सुनकर त्यागें बैर।
'सुव्रत' की यह भावना, करें सभी सुख सैर॥

ॐ ह्रूं विष्णुकुमार एवं अकंपनाचार्यादि सप्तशतकमुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

आत्मसाधना संत की, करें विश्वकल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत गुरुनाम॥

(शान्तये शान्तिधारा...)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पदलाए।
भव दुःखों को मेंट दो, कर्मजयी मुनिराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

आरती खण्ड

आरती—श्री पंचपरमेष्ठी

(लय—कैसे धरें मन धीरा...)

जिनवर की बोलौ जय-जय रे, आरतिया उतारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥
पहली आरति श्री अरिहंता-२, केवलज्ञानी जिन भगवन्ता-२
झूम-झूम गुण गाऔ रे, भाग्य अपनौ सँभारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....
दूजी आरति सिद्ध जिनों की-२, मुक्त हुए मुनि तपोधनों की-२
करौ साधना सुमरौ रे, मंजिल खौं निहारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....
तीजी आरति आचार्यों की-२, शिव राही-दाता आर्यों की-२
करौ अर्चना पूजौ रे, करनी तौ सुधारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....
चौथी आरति उवझायों की-२, ज्ञान चरित पथ के रायों की-२
करौ उपासा सेवा रे, मिलै अपनौ उजारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....
पाँचवी आरति साधु जनों की-२, आतम साधक तपोधनों की-२
करौ वन्दना संगत रे, आतम खौं निखारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....
छठवीं आरति जिनवाणी की-२, हितकारी जग कल्याणी की-२
चलौ गैल जिनभक्तों रे, आज्ञा उर में धारौ।
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥ जिनवर की....

===

आरती—श्री चौबीसों भगवान

श्री चौबीसी की आरती उतारो मिलके।
चौबीसों भगवान् को निहारो मिलके॥

वृषभ अजित शम्भव अभिनन्दन, सुमति पद्म सुपार्श्व जिनचन्द्र।
पुष्पदंत शीतल श्रेयांसजिन, वासुपूज्य प्रभु विमल अनन्त॥
धर्म शान्ति कुंथू अर मल्ली, मुनिसुव्रत नमि नेमि महान्।
पार्श्व वीर प्रभु चौबीसों हों, मंगलमय मंगल भगवान्॥
श्री चौबीसी की आरती उतारो मिलके।
चौबीसों भगवान् को निहारो मिलके॥
निर्मोही निर्ग्रन्थ सभी हैं, किन्तु मोह लें सब संसार।
रहे दिगम्बर पूर्ण निरम्बर, फिर भी जिनके ग्रन्थ हजार॥
धर्म चक्र की धुरी यही तो, धारें तारणतरण जहाज।
भू नभ अम्बर से ऊँचे पर, करें भक्त के दिल पर राज॥
श्री चौबीसी की आरती उतारो मिलके।
चौबीसों भगवान् को निहारो मिलके॥
भूल-भुलैया भव की भँवरे, जिनमें हो हमसे भी भूल।
किन्तु हमें ना आप भुलाना, दे देना चरणों की धूल॥
तुमसे तुमको माँग रहे हम, भर-भर झोली दो वरदान।
'सुव्रतसागर' करें नमोऽस्तु, भक्त आरती करें प्रणाम॥
श्री चौबीसी की आरती उतारो मिलके।
चौबीसों भगवान् को निहारो मिलके॥

===

आरती—श्री आदिनाथ स्वामी

(लय : विद्यासागर की गुणआगर की)

आदीश्वर की, जगदीश्वर की, शुभ मंगल दीप सजाय के,
हम आज उतारें आरतिया॥
नाभिराय श्री मरुदेवी के, गर्भ विषें प्रभु आए,
नगर अयोध्या जन्म लिया था, सब जन मंगल गाए।
प्रभु जी, सब जन मंगल गाए॥
पुरुदेवा की, जिनदेवा की, हो बार-बार गुण गायके,
हम आज उतारें आरतिया॥ १॥
आदिकाल में बने स्वयंभू, धर्मध्वजा फहराए,
षट्कर्मों की शिक्षा देकर, मोक्षमार्ग बतलाए।
प्रभु जी, मोक्षमार्ग बतलाए॥
ब्रह्मेश्वर की, सर्वेश्वर की, हो जग-मग ज्योति जगाय के,
हम आज उतारें आरतिया॥ २॥
सारे जग से पूजित प्रभुवर, हम दर्शन को आए,
मन-वच-तन से आरती करके, झूम-झूम सिर नाये।
प्रभु जी, झूम-झूम सिर नाये॥
जिन स्वामी की, शिवधामी की, हो 'सुव्रत' दर्शन पाय के,
हम आज उतारें आरतिया॥ ३॥
आदीश्वर की, जगदीश्वर की, शुभ मंगल दीप सजाय के।
हम आज उतारें आरतिया॥

===

आरती–श्री चन्द्रप्रभ स्वामी

(तर्ज : करें भगत् हो आरती...)

चन्द्रप्रभु की आरती करो झूम–झूम के२
झूम–झूम के...४
महासेन माँ – लक्ष्मणा के सुत न्यारे,
चन्द्रपुरी के लाल चन्द्रमा से प्यारे।
सबके नाथ तुम्हें हम पूजें झूम–झूम के२
चन्द्रप्रभु की आरती......॥
ललितकूट सम्मेदशिखर खड्गासन से,
मोक्ष पधारे अष्ट कर्म के नाशन से।
शरणा दे दो नाथ आए हम घूम–घूम के२
चन्द्रप्रभु की आरती....॥
आप जगत् में साँचे हो हीरे मोती,
सूर्य चाँद से तेज आपकी है ज्योति।
नाम सुनत ही भक्त नाचते झूम–झूम के२
चन्द्रप्रभु की आरती....॥
जगह–जगह पर अतिशय खूब तुम्हारा है,
समंतभद्र को चमत्कार कर तारा है।
भूत पिशाच भगे चंदा नाम सुन–सुन के२
चन्द्रप्रभु की आरती....॥
नाथ! आपकी कृपा दशहरा दीवाली,
चरण धूल सब दुख संकट हरने वाली।
'सुव्रत' पा वरदान रहें हम झूम–झूम के२
चन्द्रप्रभु की आरती....॥

===

आरती—श्री शान्तिनाथ स्वामी

(लय : विद्यासागर की गुण...)

शान्तीश्वर की, परमेश्वर की, शुभ मंगल दीप सजाय हो,
हम आज उतारें आरतिया॥
विश्वसेन ऐरादेवी के गर्भ विषें प्रभु आए।
हस्तिनागपुर जन्म लिया था, सब जन मंगल गाए,
प्रभुजी, सब जन मंगल गाए।
तीर्थंकर की, क्षेमंकर की, शुभ मंगल दीप प्रजाल हो,
हम आज उतारें आरतिया॥ १॥
तीन-तीन पदवी के धारी, लोकालोक निहारी।
धर्मधार को पुनः बहाकर, सुखी किए संसारी,
प्रभुजी, सुखी किए संसारी।
जगस्वामी की, शिवधामी की, हो बार-बार गुण गायके,
हम आज उतारें आरतिया॥ २॥
दर्शन करके अतिशय सुनके, जीवन सफल बनाएँ।
भक्तिभाव से आरती करके, पुण्य शान्ति हम पाएँ,
प्रभुजी, पुण्य शान्ति हम पाएँ।
शुभकारी की, अघहारी की, धर 'सुव्रत' शीश झुकाय के,
हम आज उतारें आरतिया॥ ३॥
शान्तीश्वर की.....॥

===

आरती—श्री पार्श्वनाथ स्वामी

(लय : टन टना टन...)

झालर घंटी देख आरती, हम तो नाचें रे।
हम क्या नाचें बाबा सारी दुनियाँ नाचे रे।
झूम-झूम-झूम, झूम-झूम सारी दुनियाँ नाचे रे॥
भक्तों को भगवान् मिले हैं, प्यारे पारसनाथ।
जिनकी भक्ति करने सबका, झुक जाता है माथ।
ढोल मंजीरा ताली बाजे[२], घुँघरू बाजे रे॥
हम क्या नाचें ....॥ १॥
तुमने सारी दुनियाँ त्यागी, त्यागे कौन तुम्हें।
तभी शरण में हम आए हैं, देखो नाथ हमें।
सूरज चाँद सुरासुर तेरे[२], यश को बाँचें रे॥
हम क्या नाचें ....॥ २॥
अश्वसेन वामा के नन्दन, बालयति परमेश।
दुख संकट उपसर्गविजेता, धरे दिगम्बर भेष।
आतम परमातम के रसिया[२], तुम ही साँचे रे॥
हम क्या नाचें ....॥ ३॥
मुँह माँगा वरदान मिला है, जिन श्रद्धालु को।
तुमसे तुमको माँग रहे हम, दान दयालु दो।
'सुव्रत' की झोली भर दो बिन[२], परखे जाँचे रे॥
हम क्या नाचें ....॥ ४॥

===

आरती—श्री महावीर स्वामी

(छूम छूम छना नना...)

छूम छूम छना नना बाजे, बाबा करूँ आरतिया।
करूँ आरतिया बाबा करूँ आरतिया॥ छूम छूम....
महावीर जिनशासन स्वामी, केवलज्ञानी अंतर्यामी–२
दीवाली वरदानी, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
सिद्धारथ के राज दुलारे, त्रिशला की आँखों के तारे–२
कुण्डलपुर अवतारे, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
कर्म रोग उपसर्ग विजेता, मोक्षमार्ग भक्तों के नेता–२
मुक्तिवधू के स्वामी, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
दुख संकट भय भूत मिटाओ, ऋद्धि–सिद्धि सुखशान्ति दिलाओ–२
'सुव्रत' को भी तारो, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...

===

गुरु कृपा से
बाँसुरी बना मैं तो
ठेठ बाँस था

गुरु ने मुझे
प्रकट कर दिया
दीया दे दिया

आरती–श्री बाहुबली स्वामी

श्री बाहुबली की, कर्मदली की, शुभ मंगलदीप सजाय हो
हम आज उतारें आरती...।
वृषभनाथ सुनन्दा जी के गर्भ विषें प्रभु आए।
नगर अयोध्या जन्म लिया था सब जन मंगल गाए॥
जिन राजा की, रति राजा की, शुभ मंगलदीप सजाय के,
हम आज...।
तजकर सब दुनियाँ की माया, निज आतम बस ध्याया।
सहकर सब उपसर्ग आपने, मोक्षमहल सुख पाया॥
शिव साधक की, जग पालक की, मन अपना शुद्ध बनाय के,
हम आज...।
तुम सा दूजा सकल जगत में, ना कोई उपकारी।
बल साहस शिव हम जाएँ, पाके कृपा तुम्हारी॥
जग जेता की, शिव नेता की, गुण 'सुव्रत' जिन के गायके,
हम आज...।

जिनवाणी स्तुति

(ज्ञानोदय)

अक्षर मात्रा पद स्वर व्यंजन, शब्द रेफ या अर्थों कीं।
शास्त्र पठन-पाठन में जो भी, कमियाँ रहीं अनर्थों कीं॥
आलस भूल कषाएँ मेरी, क्षमा करें कल्याणी माँ।
ज्ञान-दीप जलवाकर मेरा, भला करें जिनवाणी माँ॥

(दोहा)

परमेष्ठी का मंत्र जो, महामंत्र नवकार।
हम सब मिलकर अब यहाँ, मंत्र जपें नौ बार॥

(कायोत्सर्ग...)

आरती-१—आचार्य श्री विद्यासागर जी

(लय : रात मुनि सपने में आए ...)

आओ गुरु की आरति गाएँ । [२] खुशी – खुशी ये पर्व मनाएँ॥ [२]
महिमा गाएँ – धूम मचाएँ [२] अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...
विद्यासागर गुरु हमारे । [२]जग-जीवों के पालन-हारे ॥ [२]
सम्यग्ज्ञानी-गुरुकल्याणी [२]अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...
गुरु ऐसे जैसे प्रभु वीरा । [२]रत्नत्रय के चमकित हीरा ॥ [२]
ममताहारी – समताधारी [२]अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...
सबको देते ज्ञान गुरुजी । [२]हर लेते अज्ञान गुरुजी ॥ [२]
राह बताएँ, पाप छुड़ाएँ [२]अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...
तीर्थंकर से तीर्थ गुरुजी। [२]हरते सबकी पीर गुरुजी॥ [२]
गुरु वैरागी-आतम स्वादी [२]अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...
हम भक्तों पर किरपा कर दो। [२]रत्नत्रय से झोली भर दो ॥ [२]
उर में आओ – गुरु मुस्काओ [२] अरा-रा-रा-रा ... ॥ आओ...

आरती-२ (तर्ज : कैसे धरे मन धीरा रे-तीनों...)

गुरुवर की हो रई जय-जय रे , आरतिया उतारौ। हाँ-हाँ रे आरतिया उतारौ॥
मल्लप्पा श्रीमति के मौड़ा[२], ज्ञान गुरु से नाता जोड़ा[२]
शिष्य बनें गुरु स्वामी रे , गुरु-चरणा पखारौ, हाँ-हाँ रे आरतिया उतारौ॥
थाल सजाऔ दीप जलाऔ, मंगल-मंगल महिमा गाऔ॥
नाचौ, गाऔ, झूमौ रे, गुरु-मूरत निहारौ, हाँ-हाँ रे आरतिया उतारौ॥
चलते फिरते तीरथ गुरुजी, सब खौं भव से तारत गुरुजी॥
गुरु की शरणा पाऔ रे, गुरुवर खौं पुकारौ, हाँ-हाँ रे आरतिया उतारौ॥
गुरु दयालु करुणाधारी, अब तौ सुन लो विनय हमारी॥
मुस्का कैं 'सुव्रत' खौं तारो रे , भव दुख सै निकारौ, हाँ-हाँ रे , आरतिया उतारौ॥

===

आरती-३—आचार्य श्री विद्यासागर जी

तुम भी करो हम भी करें, गुरुवर की आरती।
श्री विद्यासागर जी, शिवपुर के सारथी॥
आओ! आओ! हिलमिल के, हम भी पूजें चरणा।
चारों धामों के तीरथ, गुरुवर की शरणा॥
तुम भी गीत गाओ रे, हम भी गीत गाएँ।
गुरुवर की किरपा, भवसागर से तारती॥ तुम भी...
चंदा ने चम-चम ये थालियाँ सजायीं।
सूरज ने झिलमिल ये किरणें भिजायीं॥
तुम भी दीप ले लो रे, हम भी दीप ले लें।
दीपों की ज्योति भी, गुरु को निहारती॥ तुम भी...
सुर-इन्द्र गुरुवर के दर्शन को तरसें।
हम भी करके आरति, मन ही मन हरषें॥
जानें न सुर छन्द, भक्ति न जानें।
फिर भी गुरु-चरणों में, झुकते हम भारती॥ तुम भी...

आरती-४—आचार्य श्री विद्यासागर जी

ओम् जय विद्यासागर, गुरुवर-जय विद्यासागर।
चलते फिरते तीरथ-२, आगम के आगर॥
विद्यासागर जग में, संयम से महके। गुरुवर संयम से...
जो भी करते आरति-२, सूरज से चमके॥ ओम् जय...
हाथ कमण्डल पिच्छी, रूप निरम्बर है। गुरुवर रूप...
भू विस्तर कर तकिया-२, चादर अम्बर है॥ ओम् जय...
ज्ञान सिंधु के अनुचर, महावीरा नन्दा। गुरुवर महावीरा...
वीतरागमय मुद्रा-२, हरते भव फंदा॥ ओम् जय...
ज्ञानी ध्यानी त्यागी, तुम हो वैरागी। गुरुवर तुम हो...
नायक! पालक! रक्षक-२, शिव सुख के रागी॥ ओम् जय...
मेरा क्या सब तेरा, 'सुव्रत' भी तेरा। गुरुवर जग भी तो...
कृपा करो मुस्का के, हर लो अँधेरा॥ ओम् जय...

===

भक्ति खण्ड

सिद्धभक्ति (प्राकृत गाथा)

असरीरा जीवघणा, उवजुत्ता दंसणेय णाणेय।
सायार मणायारा, लक्खणमेयं तु सिद्धाणं॥
मूलोत्तर पयडीणं, बंधोदयसत्त-कम्म उम्मुक्का।
मंगलभूदा सिद्धा, अट्ठगुणा तीद संसारा॥
अट्ठ वियकम्म वियला, सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा।
अट्ठ गुणा किदकिच्चा, लोयग्गणिवासिणो सिद्धा॥
सिद्धा णट्ठट्ठ मला, विसुद्ध बुद्धीय लद्धि सब्भावा।
तिहुअणसिर-सेहरया, पसियंतु भडारया सव्वे॥
गमणागमण विमुक्के, विहडियकम्मपयडि संघारा।
सासह सुह संपत्ते, ते सिद्धा वंदिमो णिच्चं॥
जय मंगल भूदाणं, विमलाणं णाणदंसणमयाणं।
तइलोइसेहराणं, णमो सया सव्व सिद्धाणं॥
सम्मत्त-णाणदंसण-वीरिय सुहुमं तहेव अवगहणं।
अगुरुलघु अव्वावाहं, अट्ठगुणा होंति सिद्धाणं॥
तवसिद्धे णयसिद्धे, संजमसिद्धे चरित्रसिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य, सिद्धे सिरसा णमंसामि॥

इच्छामि भंते! सिद्धभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाण सम्मदंसण सम्मचरित्त जुत्ताणं अट्ठविह कम्म-विप्पमुक्काणं अट्ठगुण-संपण्णाणं उड्ढलोयमत्थयम्मि पइट्ठियाणं तवसिद्धाणं णयसिद्धाणं संजमसिद्धाणं चरित्तसिद्धाणं अतीताणागदवट्टमाणकालत्तय सिद्धाणं सव्वसिद्धाणं णिच्चकालं अंचेमि पुज्जेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।

पंचमहागुरु भक्ति (प्राकृत) (चामर)

मणुय णाइंद–सुर–धरिय–छत्तत्तया, पंचकल्लाण–सोक्खावली–पत्तया।
दंसणं णाण झाणं अणंतं बलं, ते जिणा दिंतु अम्हं वरं मंगलं॥
जेहिं झाणग्गि–बाणेहिं अइ–दड्ढयं, जम्म–जर–मरण–णयरत्तयं दड्ढयं,
जेहिं पत्तं सिवं सासयं ठाणयं, ते महं दिंतु सिद्धा वरं णाणयं॥
पंच–आचार–पंचग्गि–संसाहया, बारसंगाइ–सुअ–जलहि–अवगाहया।
मोक्ख–लच्छी महंती महं ते सया, सूरिणो दिंतु मोक्खंगयासंगया॥
घोर–संसार–भीमाडवी–काणणे, तिक्ख–वियरालणह–पाव–पंचाणणे।
णट्ठ–मग्गाण जीवाण पहदेसिया, वंदिमो ते उवज्झाय अम्हे सया॥
उग्ग तव चरण करणेहिं झीणं गया, धम्म वर झाण सुक्केक्क झाणं गया।
णिब्भरं तव सिरी ए समा लिंगया, साहवो ते महं मोक्ख पह मग्गया॥
एण थोत्तेण जो पंचगुरु वंदए, गुरुय–संसार–घण–वेल्लि सो छिंदए।
लहइ सो सिद्ध सोक्खाइ बहुमाणणं, कुणइ कम्मिंधणं पुंज पज्जालणं॥

(आर्या)

अरुहा सिद्धा–इरिया उवझाया साहु पंचपरमेट्ठी।
एयाण–णमोयारा भवे भवे मम सुहं दिंतु॥

इच्छामि भंते! पंचमहागुरु–भत्ति काउस्सग्गो कओ, तस्सालोचेउं, अट्ठ–महा–पाडिहेर–संजुत्ताणं अरिहंताणं, अट्ठ–गुण–संपण्णाणं उड्ढ–लोय–मत्थयम्मि पइट्ठियाणं सिद्धाणं, अट्ठ–पवयण–मउ–संजुत्ताणं आयरियाणं, आयारादि–सुद–णाणो–वदेसयाणं, उवज्झायाणं, ति–रयण गुण पालणरयाणं सव्वसाहूणं, णिच्चकालं, अञ्चेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुण–संपत्ति होदु मज्झं।

आचार्य वंदना

लघु सिद्धभक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्णिक/आपराह्णिक आचार्य-वन्दना-क्रियायां, पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं, भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री सिद्धभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(९ बार णमोकार)

सम्मत्त-णाण-दंसण-वीरिय-सुहुमं तहेव अवगहणं।
अगुरुलहु-मव्वावाहं,अट्ठगुणा होंति सिद्धाणं॥
तव-सिद्धे, णय-सिद्धे, संजम-सिद्धे चरित्त-सिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य सिद्धे सिरसा णमंसामि॥

इच्छामि भंते। सिद्ध-भत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-जुत्ताणं, अट्ठविह-कम्म-विप्पमुक्काणं-अट्ठगुण-संपण्णाणं, उड्ढलोय-मत्थयम्मि पइट्ठियाणं, तव-सिद्धाणं, णय-सिद्धाणं, संजम-सिद्धाणं, चरित्त-सिद्धाणं, अतीदा-णागद-वट्ठमाण-कालत्तय-सिद्धाणं, सव्व-सिद्धाणं, णिच्च-कालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं समाहि-मरणं, जिणगुण-संपत्ति होउ मज्झं।

लघु श्रुतभक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्णिक/आपराह्णिक श्री आचार्य-वन्दना-क्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं, भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(९ बार णमोकार)

कोटिशतं द्वादश चैव कोट्यो, लक्षाण्य-शीतिस्-त्र्यधिकानि चैव।
पञ्चाश-दष्टौ च सहस्र-संख्य-मेतच्-छ्रुतं पञ्च-पदं नमामि॥

अरहंत - भासियत्थं - गणहर - देवेहिं गंथियं सम्मं।
पणमामि भत्ति-जुत्तो, सुद-णाण-महोवहिं सिरसा॥

इच्छामि भंते ! सुद-भत्ति-काउसग्गो कओ तस्सालोचेउं-अंगोवंग-पइण्णय-पाहुडय-परियम्मि-सुत्त पढमाणि-ओग-पुव्वगय-चूलिया चेव-सुत्तत्थय-थुइ-धम्म-कहाइयं, सया णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ-मज्झं।

लघु आचार्यभक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्निक/आपराह्निक आचार्य-वन्दना-क्रियायां, पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं, भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री आचार्यभक्ति कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(९ बार णमोकार)

श्रुतजलधि-पारगेभ्यः,स्व-पर-मत-विभावना-पटुमतिभ्यः।
सुचरित-तपोनिधिभ्यो, नमो गुरुभ्यो-गुण-गुरुभ्यः॥१॥
छत्तीस-गुण-समग्गे, पंच-विहाचार-करण-संदरिसे।
सिस्सा-णुग्गह-कुसले, धम्मा-इरिये सदा वंदे॥२॥
गुरु-भत्ति-संजमेण य, तरंति संसार-सायरं घोरम्।
छिण्णंति अट्ठकम्मं, जम्मण-मरणं ण पावेंति॥३॥
ये नित्यं-व्रत-मंत्र-होम-निरता, ध्यानाग्नि-होत्राकुलाः।
षट्कर्माभिरतास्-तपो-धनधनाः,साधु-क्रियाः साधवः॥४॥
शील-प्रावरणा-गुण-प्रहरणाश्-चन्द्रार्क-तेजोऽधिकाः।
मोक्ष-द्वार-कपाट-पाटन-भटाः, प्रीणंतु मां साधवः॥५॥
गुरवः पान्तु नो नित्यं ज्ञान-दर्शन-नायकाः।
चारित्रार्णव-गम्भीरा, मोक्षमार्गोपदेशकाः॥६॥

इच्छामि भंते! आइरिय भत्ति-काउसग्गो कओ, तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-जुत्ताणं, पञ्च-विहाचाराणं, आइरियाणं, आयारादि-सुद-णाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं, ति-रयण-गुण-पालण-रयाणं सव्वसाहूणं, णिच्च-कालं, अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं-समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

(नोट- सुबह १८ बार एवं संध्या आचार्य वंदना में ३६ बार णमोकार मंत्र पढ़े)

विद्यासागर विश्ववंद्य श्रमणं, भक्त्या सदा संस्तुवे,
सर्वोच्चं यमिनं विनम्य परमं, सर्वार्थसिद्धि-प्रदम्।
ज्ञान-ध्यान-तपोभिरक्त-मुनिपं, विश्वस्य विश्वाश्रयं,
साकारं-श्रमणं-विशाल-हृदयं, सत्यं-शिवं-सुन्दरं॥

(शार्दूल विक्रीड़ित)

श्री विद्यामुनि धर्मरूप सुगुरु, र्विद्या नमामि प्रियं।
विद्या नाशति सर्व कर्म दुःखान्, विद्ये नमो भगवते॥
विद्योऽपैति सुखी भवन्ति न जनाः, विद्यो यशो वर्द्धतु।
विद्याद्रौस्वरतिर्ददाति सुपदं, हे विद्य! माम् पालय॥

(यहाँ विद्या शब्द का प्रयोग आकारान्त पुल्लिंग के रूप में किया गया है)

वैरागी विजयी विशाल हृदयी, ज्ञानी महात्मा प्रभु।
तेजस्वी तप त्याग तीर्थ तपसी, त्यागी जितेन्द्री गुरु॥
कल्याणी सदयी उदार विनयी, दाता गुरू को भजूँ।
विद्यासागर श्रेष्ठ संत गुरु को, पूँजू नमोऽस्तु करूँ॥

===

विधान खण्ड

मंगलाचरण

ओम् नमः सिद्धेभ्यः, ओम् नमः सिद्धेभ्यः।
ओम् नमः सिद्धेभ्यः, ओम् नमः सिद्धेभ्यः॥

(जोगीरासा)

दिव्य देशना से सुन रक्खा, शास्त्रों से यह जाना।
निज श्रद्धा से सीखा हमने, गुरुओं से पहचाना॥
तीन लोक में तीन काल में, सिद्धों सा ना दूजा।
सो नमोऽस्तु कर सविनय करते, सिद्धचक्र की पूजा॥ १॥ओम्...
मंगलमय प्रभु मंगलकारी, विघ्न अमंगलहारी।
कामधेनु सम कल्पवृक्ष सम, सर्वसिद्धि दातारी॥
चिन्तामणि सम पारसमणि सम, पारस हमें बनाते।
मुक्तिवधू के प्राण वल्लभा, चित् चैतन्य सजाते॥२॥ओम्...
आत्म सिद्धि का लक्ष्य साध्य जो, करें सिद्ध की सेवा।
श्रमण चक्र अरिहंत चक्र में, शामिल हो स्वयमेवा॥
वह देवाधिदेव बन जाते, झुकें चरण में देवा।
कर्म नष्ट कर सिद्धचक्र पा, चखते निज का मेवा॥ ३॥ओम्...
इस विधान से मैनारानी, पति का कुष्ठ मिटाई।
संग सात सौ हुए निरोगी, सबने महिमा गायी॥
निज घर भूले भटके जन को, देता यही सहारे।
सिद्धचक्र के इस वन्दन से, रोग कर्म भय हारे॥४॥ओम्...
तेरा मंगल मेरा मंगल, सबका मंगल होवे।
सुखिया होवे सारी दुनियाँ, कोई दुखी ना होवे॥
कण-कण मंगल क्षण-क्षण मंगल, जन-जन मंगल होवे।
सिद्धप्रभु को करके नमोऽस्तु, जग का मंगल होवे॥५॥ओम्...

(पुष्पांजलिं...)

श्री सिद्धचक्र यंत्र लघु विधान

स्थापना (दोहा)

अर्हं बीजाक्षर महा, ब्रह्म वाच्य भगवान्।
सिद्धचक्र सो हम भजें, हो नमोऽस्तु धर ध्यान॥

(शंभु)

ना द्रव्य मनोहर सँजो सके, ना मुनियों सा मन पावन है।
ना नन्दीश्वर हम पहुँच सके, ना सिद्धालय सा आँगन है॥
हम मैना सम मजबूत नहीं, मजबूर नहीं श्रद्धालु हैं।
सो सिद्धचक्र विस्तार रहे, दुख हरिये आप दयालु हैं॥

(दोहा)

यथाशक्ति से द्रव्य ला, लगा चंदोवा चंद।
मंडप मण्डल रच भजें, सिद्धचक्र स्वानन्द॥

(हरिगीतिका)

है रेफ ऊपर और नीचे, बीच में हंकार है।
र्ह्रं बीज अक्षर है कमल सा, अष्ट दल आकार है॥
स्वर और व्यंजन हर दिशा में, संधि पर शुभ तत्त्व हैं।
तट भाग में ओं क्रोम् वेष्टित, ह्रीं शोभित यंत्र है॥

(सोरठा)

भगें कर्म गजराज, सिद्ध यंत्र सिंहनाद सुन।
बनें सिद्ध सरताज, मुमुक्षु ऐसे कर नमन॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्र अत्र अवतर-अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(शंभु) (लय—बाबुल की दुआयें...)

जिन माँ बाबुल ने जन्म दिया, फिर मरण तुल्य पति दिए वही।
पर मैना भाग्य भरोसे थी, मिथ्या पथ पर पग बढ़े नहीं॥

पति स्वस्थ हुआ श्री जिनवर का, जब गंधोदक का छिड़का जल।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, ले गंधोदक सा श्रद्धा जल॥
ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं...।

ज्यों सत्य वचन बोली मैना, तो पिता चिता सम भड़क उठे।
पति तपित रोग जब शमित हुआ, तो लज्जित होकर पिता झुके॥
गुरु मंत्र मिला फिर सिद्ध यंत्र का, छिड़का शीतल सा चंदन।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, कर शान्तीधारा का सिंचन॥
ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

उपचार रोग का क्या हो सो, मुनि सिद्धचक्र का कहे यतन।
जो आठ वर्ष तक करना है, त्रय अष्टाह्निक में पाठ भजन॥
पर पहली ही अष्टाह्निक में, वह रोग असाध्य हुआ था क्षय।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, पाने को जिन श्रद्धा अक्षय॥
ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

फूलों सी मैना थी लेकिन, पति और सात सौ थे रोगी।
दुर्गंध न विचलित कर पाई, बस सेवा में थी सहयोगी॥
परवाह नहीं की काँटों की, सो रोग गया तन महक उठे।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, दो धैर्य पुष्प हम झुके-झुके॥
ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

आहार दान कैसे करती, जब नहीं ठिकाना खुद का हो।
फिर भी आहार सदा दे फिर, पति का भोजन फिर खुद का हो॥
निज धर्म नहीं भूली मैना, सो हुई प्रशंसा के काबिल।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, बस मुनि चर्या में हों शामिल॥
ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

हैं एक तरफ तो पिता वचन, हैं अन्य तरफ तो धर्म नियम।
जब कुछ ना सूझे मैना को, तो खोज लिए मंदिर भगवन्॥
यह जग तो एक समस्या है, मुनि समाधान सब प्रश्नों के।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, अब लिए सहारे दीपों के॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

अपने-अपने कर्मों से यह, सब दुनियाँ संचालित होती।
जैसी करनी वैसी भरनी, जो बोया वही फसल होती॥
पति पिता पुत्र तो निमित्त हैं, सो मैना करती पाठ भजन।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, यह धूप चढ़ा हों कर्म दहन॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

हैं पुण्य पाप के खेल यहाँ, कोई महलों में आराम करे।
कोई सुखी दिखे कोई दुखी दिखे, कोई वन-वन भटके काम करे॥
सब समता से मैना सहती, फल कर्मों के हों शीघ्र शमन।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, फल अर्पित कर हो सिद्ध गमन॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

श्री सिद्धचक्र में श्रद्धा है, पर अष्ट द्रव्य सुविशाल नहीं।
जिन पूजन विधि का ज्ञान नहीं, संगीत गीत सुर-ताल नहीं॥
बस मैना सी दुख दर्द कथा, ना घटे सुखी संसार रहे।
सो सिद्धयंत्र को नित पूजें, बस सिद्धों का परिवार मिले॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

अर्घ्यावली

(विष्णु)

सिद्ध अनाहत वाचक अर्हं, शब्द रहा प्यारा।
स्वयं सिद्ध अक्षरमाला से, खूब सजा न्यारा॥

आधा मात्रिक अर्हं पूजें, पूर्व दिशा आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ये ऐ ओ औ अं अः वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यः पूर्व दिशि अर्घ्यं... ।१॥

वर्ग कवर्ग भजें आग्नेयी, दिशा आज आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं क ख ग घ ङ वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो आग्नेय दिशि अर्घ्यं... ।२॥

वर्ग चवर्ग भजें हम दक्षिण, दिशा आज आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं च छ ज झ ञ वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो दक्षिण दिशि अर्घ्यं... ।३॥

वर्ग टवर्ग भजें हम नैऋत, दिशा आज आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं ट ठ ड ढ ण वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो नैऋत्य दिशि अर्घ्यं... ।४॥

वर्ग तवर्ग भजें हम पश्चिम, दिशा आज आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं त थ द ध न वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यः पश्चिम दिशि अर्घ्यं... ।५॥

वर्ग पवर्ग भजें हम वायव, दिशा आज आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं प फ ब भ म वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो वायव्य दिशि अर्घ्यं... ।६॥

भजें अनाहत य र ल व, उत्तर दिशि आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं य र ल व वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो उत्तर दिशि अर्घ्यं... ।७॥

भजें अनाहत श ष स ह, ईशान दिशि आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं श ष स ह वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो ईशान दिशि अर्घ्यं... ।८॥

पूर्णार्घ्य

सिद्धयंत्र से हम तो भजते, सिद्ध वर्णमाला।
इस आश्रय से मुक्तिवधू की, होती वरमाला॥
सिद्धचक्र के अवसर में हम, शामिल हों आहा।
ओम् ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अर्हं सम्पूर्ण-वर्णबीजाक्षरसहित सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो पूर्णार्घ्यं... ।

सिद्धचक्र अर्घ्यावली

प्रथम पूजन अर्घ्य (लय–पिच्छी रे पिच्छी....)

मुक्ति रे मुक्ति ये तो बता तूने क्या जादू कर डाला।
अष्ट गुणी श्री सिद्धचक्र ने, पहना दी वरमाला॥
मुक्ति बोलो ना...॥
जड़ चेतन ज्यों अलग किए त्यों, सिद्धचक्र को पाए।
पर जड़ से चेतन पाने हम, अर्घ्य सँजोकर लाए॥
सिद्धचक्र को अर्घ्य चढ़ाकर, खुले मुक्ति का ताला।
अष्टगुणी श्री सिद्धचक्र ने, पहना दी वरमाला॥ मुक्ति..॥

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं अष्टगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं... ।

द्वितीय पूजन अर्घ्य (लय–जीवन है पानी की बूँद)

सिद्धचक्र की सुनकर गूँज, हम गुण गाएँ रे।
सोलह गुण पूजा हाँ हाँ, हम आज रचाएँ रेऽऽऽ॥

अपनों से हम प्यार करें, भव-भव यह अपराध करें।
अपने से ना प्यार करें, कैसे ये अपवाद टलें॥
पापों की पीड़ा....ये अर्घ्य मिटाएँ रेऽऽऽ॥
सिद्धचक्र की सुनकर गूँज हम गुण गाएँ रे। सोलह...

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं षोडशगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

तृतीय पूजन अर्घ्य (हरिगीतिका)

तुम साध्य हम साधक रहे हैं, साधना की राह है।
अब साध्य साधक का मिलन हो, प्रार्थना की चाह है॥
श्री सिद्धचक्र विधान करके, शोक चक्र समाप्त हों।
बत्तीस गुण सिद्धार्चना कर, ऋद्धि-सिद्धि प्राप्त हों॥

(दोहा)

अष्ट द्रव्य के अर्घ्य की, भेंट करें उद्धार।
सिद्धचक्र हम पूजते, कर नमोऽस्तु सत्कार॥
[कहें हम सिद्धचक्र गाथा, झुकाएँ चरणों में माथा]

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं द्वात्रिंशद्गुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

चतुर्थ पूजन अर्घ्य (शंभु)

अपराध प्रशासन के जग में, ना शासन है ना अनुशासन।
व्रत संयम नियम नहीं तो फिर, क्या चल पाएगा जिनशासन॥
अब आत्मानुशासन पाने को, हम जिनशासन जयवंत करें।
श्री सिद्धचक्र पूजा करके, चौसठ ऋद्धि के जाप करें॥

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं चतुःषष्ठिगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

पंचम पूजन अर्घ्य

(चौपाई—आँचलीबद्ध) (लय—पाँचों मेरु...)

सिद्धचक्र का करें विधान, करके नमोऽस्तु पूजन ध्यान।
ज्ञान निज होय, विश्वशान्ति निज मंगल होय॥

सिद्धचक्र को अर्पित अर्घ्य, जिनशासन का साँचा पर्व।
करे समृद्ध, हमें बना दे अर्हत् सिद्ध॥
पूज्य एक सौ अट्ठाबीस, गुण पूजें पाने आशीष।
कर्म क्षय होय, जय-जय सिद्धचक्र की होय॥

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं अष्टाविंशत्यधिकशतगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

षष्ठम पूजन अर्घ्य (सखी)

मन भज ले सिद्ध विधान, दो सौ छप्पन गुण ध्याके।
हम करते नमोऽस्तु ध्यान, सादर जिन पूजा गा के॥
प्रभु देख जगत के मेले, निज रमें अकेले खेले।
हम झेलें सभी झमेले, अब भटकें भक्त न चेले॥
सो शक्ति भक्ति से पाएँ, सिद्धों को भक्त मनाएँ।
अब सिद्धचक्र विस्तारें, हम अपना भाग्य सँवारें॥

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं षट्पंचाधिकद्विशतगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

सप्तम पूजन अर्घ्य (लय–देख तेरे संसार की....)

सिद्धचक्र को करके नमोऽस्तु, करते ध्यान विधान।
कि स्वामी सिद्धचक्र भगवान्-२
कभी रिझाने कभी दिखाने, कभी कभी लौकिक सुख पाने।
भक्ति समर्पण किए अर्चना, तभी अधूरी रही साधना॥
अर्घ्य भेंट कर यही प्रार्थना, मिले भेद विज्ञान॥ कि स्वामी...

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं द्वादशाधिकपंचशतगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

अष्टम पूजन अर्घ्य (लय–श्री सिद्धचक्र का पाठ...)

श्री सिद्धचक्र का नाम, सहसगुण धाम, थाम ले प्राणी,
सो हमने पूजा ठानी।
कुछ नहीं हमारी है इच्छा, तुम सम बनने हो जिनदीक्षा।
अब शीघ्र बनें हम शुद्धातम के ध्यानी। सो हमने पूजा ठानी॥

ॐ ह्रीं अर्हं णमोसिद्धाणं चतुर्विंशत्यधिकसहस्रगुणी सिद्धचक्रेभ्यो अर्घ्यं...।

महासमुच्चय पूर्णार्घ्य

(दोहा)

शब्द छन्द ना कह सकें, सिद्ध गुणों के कोश।
सिद्धचक्र की भक्ति से, मिटें विश्व के दोष॥

(ज्ञानोदय)

सिद्धचक्र की पूजा करके, गूँगे स्वर भरने लगते।
लँगड़े पर्वत पर चढ़ जाते, अंधे जग लखने लगते॥
अभुज सिंधु से पार उतरते, आधि व्याधि संकट टलते।
मंत्र जाप कर होम हवन कर, कर्म कटें आतम खिलते॥
सिद्धचक्र करने वालों को, बस यों आशीर्वाद मिले।
भोज्य पाँच सौ अस्सी विध के, षट् रस तज निज स्वाद मिले॥
मिलें न जब तक सिद्धचक्र में, सिद्धचक्र तब तक पूजें।
जिनशासन 'विद्या' गुरुवर को, नमोऽस्तु 'सुव्रत' के गूँजें॥

(सोरठा)

दो हजार चालीस, भक्त अर्घ्य ले पूजते।
सिद्धों को नत शीश, नमोऽस्तु के स्वर गूँजते॥
गुण कहना सम्यक्त्व, मोक्षतत्त्व दे दान जो।
अतः भक्ति कर भक्त, 'सुव्रत' पर प्रभु ध्यान दो॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं चत्वारिंशदधिकद्विसहस्त्र गुणी सिद्धचक्रेभ्यो नमः अनर्घपद प्राप्तये महासमुच्चय पूर्णार्घ्यं...।

जयमाला (दोहा)

सिद्धयंत्र पहले भजें, फिर दूजा हो कार्य।
अतः कहें जयमालिका, करके नमोऽस्तु आर्य॥

(चौपाई)

सिद्धयंत्र ही महायंत्र है, न्यारा सा जयवंत तंत्र है।
सिद्धचक्र का महामंत्र है, भक्तों का तो मुक्ति मंत्र है॥१॥

सिद्धचक्र में सिद्ध वर्ण हैं, बीजाक्षरमय स्वर व्यंजन हैं।
अतः सर्व संपन्न यंत्र है, मंत्र तंत्र का जनक यंत्र है॥२॥
मैना ने पूजा जब इसको, अनुष्ठानमय ध्याया इसको।
गंधोदक जब छिड़का इसका, तभी स्वस्थ पति होता उसका॥३॥
कष्ट मिटा है कुष्ठ मिटा है, सात शतक का रोग मिटा है।
क्योंकि यंत्र तो सिद्धयंत्र है, कार्य सिद्धि का सफल यंत्र है॥४॥
शक्ति प्रदायक सिद्धयंत्र है, पाप व्यसन हर सिद्धयंत्र है।
यश-धन दायक सिद्धयंत्र है, संयम दायक सिद्धयंत्र है॥५॥
दुख संकट हर सिद्धयंत्र है, रोग-शोक हर सिद्धयंत्र है।
मोह कर्म हर सिद्धयंत्र है, धर्म मोक्ष दा सिद्धयंत्र है॥६॥
कर्मों को सिंह सिद्धयंत्र है, मुक्तिवधू दा सिद्धयंत्र है।
मुक्ती का धन सिद्धयंत्र है, नमोऽस्तु लायक सिद्धयंत्र है॥७॥
सिद्धयंत्र तो सिद्धयंत्र है, सिद्धयंत्र तो सिद्धयंत्र है।
सिद्धयंत्र तो सिद्धयंत्र है, सिद्धयंत्र तो सिद्धयंत्र है॥८॥

(सोरठा)

सिद्धयंत्र का ध्यान, मंगलमय मंगल करण।
अतः किया गुणगान, नमोऽस्तु कर पूजे चरण॥

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा नमः सिद्धचक्रयंत्रेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं...॥

(त्रिभंगी)

श्री सिद्धयंत्र से, महामंत्र से, सिद्धचक्र को जो ध्यावें।
वे रोग नशा के, आतम ध्याके, कर्म नशा के सुख पावें॥
हो तुम प्रभु साँचे, जग यश वाँचे, खुश हो नाचें पर्व करें।
सो 'सुव्रत' ध्याएँ, तुम्हें मनाएँ, विद्या पाएँ मोक्ष वरें॥

(इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं...)

===

श्री सिद्ध विधान प्रारम्भ

स्थापना (सखी)

नहिं भाग्य भरोसे रहकर, पुरुषार्थ किया सब सहकर।
वैराग्य यान पर चढ़कर, फिर जा पहुँचे जो शिवपुर॥
वो चिदानन्द सिद्धातम, सर्वोच्च पूज्य अविनाशी।
जो ज्ञान शरीरी निर्मल, हैं लोक शिखर के वासी॥
चैतन्य शुद्ध अब करने, पूजें सब सिद्ध जिनों को।
हो कृपा सिद्ध प्रभु की तो, हम नाशें भव भ्रमणों को॥

(दोहा)

देह प्राप्त कर देह से, पाए देहातीत।
उन सिद्धों के चरण में, वन्दन हो अगणीत॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं अनन्तानन्तसिद्धपरमेष्ठिन् अत्र अवतर अवतर संवौषट्...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

जल जैसा कंचन आतम, सब सिद्ध प्रभुजी पाए।
तज राग-द्वेष मिथ्यामल, पुद्गल के बंध नशाए॥
अब जन्म-मरण के बंधन, अपने सम दूर करा दो।
हम जल से करते वन्दन, हमको भी सिद्ध बना लो॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं अनन्तानन्त सिद्धपरमेष्ठिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

तज मोह ताप की लपटें, निज की शीतलता पाई।
अध्यात्म सदन में रमके, निज आत्म विभूति बचाई॥
संयोग-वियोग की ज्वाला, अपने सम दूर करा दो।
तीर्थंकर से पूर्व जो, पाए पद निर्वाण।
दुनियाँ में यशवान हैं, बाहुबली भगवान॥

(ज्ञानोदय)

आदि प्रवर्तक आदिनाथ की, यशस्वती पटरानी थी।
तथा दूसरी रही सुनन्दा, सुन्दर बड़ी सयानी थी॥
दिया भरत को जन्म प्रथम ने, पहले हुए चक्रवर्ती।
तथा सुनन्दा बाहुबली को, जन्मी तो पूजे धरती॥१॥
राज्य भरत को दिया प्रभु ने, बाहुबली युवराज बने।
आदिनाथ ने दीक्षा ली फिर, मुक्तिवधू के राज बने॥
चक्ररत्न पा भरतेश्वर फिर, करने को दिग्विजय चले।
जब लौटे तो नगर द्वार पर, चक्र रुका जो खूब खले॥२॥

जिसका मतलब शेष रहा है, वश करना भ्राताओं को।
उनको आज्ञा मान्य नहीं सो, तजें सभी बाधाओं को॥
सबने ले ली जिन दीक्षा पर, बाहुबली प्रतिकार किए।
हम परतन्त्र बनें क्यों अब जब, पिता बराबर राज्य दिए॥३॥
दूतों को फटकारा ज्यों ही, तभी युद्ध की हवा चली।
एक तरफ तो भरत सैन्य था, एक तरफ थे बाहुबली॥
तभी मंत्रियों ने समझाया, लड़ते हो क्यों आपस में।
बिगड़ेगा तो कुछ न तुम्हारा, प्रजा पड़ेगी आफत में॥४॥
श्रेष्ठ यही कि युद्ध टालकर, बचिये जन-धन हानि से।
या फिर नेत्र मल्ल जल वाले, युद्ध करो आसानी से॥
विजय सुनिश्चित हो जाने पर, होगी फिर टकरार नहीं।
हुआ फैंसला युद्ध देखने, मंत्र मुग्ध तैयार सभी॥५॥
तब जल मल्ल नेत्र युद्धों में, बाहुबली जब विजित हुए।
तभी उन्हीं पर चक्रेश्वर जी, चक्र चलाकर कुपित हुए॥
हुआ चक्र से बाल न बाँका, बाहुबली पर आहत थे।
हाय! हाय! यह दुनियाँ जिसमें, रिश्ते नाते स्वारथ के॥६॥
भैया का व्यवहार देख यों, बनें विरागी बाहुबली।
दीक्षा लेकर बने तपस्वी, खड़े हुए मुनि बाहुबली॥
लता घौंसले सर्पादिक से, सत्कारे मुनि बाहुबली।
एक वर्ष उपवास देखकर, चक्री पूजे बाहुबली॥७॥
ज्यों भरतेश्वर ने पूजा तो, शल्य मिटाए बाहुबली।
मुझसे भैया दुखी हुआ ये, बात भुलाए बाहुबली॥
जैसे ही निश्शल्य हुए तो, बने केवली बाहुबली।
कर विहार कैलाश अचल से, मोक्ष गए प्रभु बाहुबली॥८॥

भले मोक्ष प्रभु चले गए पर, दिखें सामने बाहुबली।
इसीलिए तो जग मंदिर में, खूब पुजें प्रभु बाहुबली॥
गोम्मट राजा ने बनवाए, सबसे ऊँचे बाहुबली।
तभी गोम्मटेश्वर कहलाए, सबसे सुन्दर बाहुबली॥९॥

मुक्तिवधू संग मस्त हुए वो, दृश्य हमें कब झलकेंगे।
तुम बिन हम ना रह पाएंगे, सो चरणों में धमकेंगे॥
हमें बुला लो या आ जाओ, अर्जी यही हमारी है।
हमने अपना फर्ज निभाया, अब तो आपकी बारी है॥१०॥

फर्ज निभाते हैं हम अपना, चरणों में सर रखने का।
क्या तेरा भी फर्ज नहीं है, हाथ शीश पर रखने का॥
सदा रहे आशीष शीश पर, रात दिना बस बाहुबली।
बाहुबली बनने को 'सुव्रत', पूज रहे प्रभु बाहुबली॥११॥

(दोहा)

सवा पाँच सौ धनुष की, बाहुबली की देह।
महा बिम्ब के गीत गा, हमको मिले विदेह॥

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

बाहुबली स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, बाहुबली जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

अर्घ्यावली

युद्ध दशा वर्णन

(लय–माता तू दया करके...)

भक्तों के सपनों में, प्रभु बाहुबली झूलें।
अब करो कृपा हम पर, हम शीघ्र चरण छू लें॥

जल युद्ध

है राग द्वेष ज्वाला, जो घर–घर में होती।
कैसे यह त्याग सकें, कब जले आत्म ज्योति॥
जल युद्ध विजेता जी, यह राग द्वेष हर लो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं पारिवारिक-कलह-विनाशन-समर्थ जलयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१॥

मल्ल युद्ध

अब खेल अखाड़े का, घर–घर में होता है।
यह मल्ल युद्ध कैसा, जिससे दिल रोता है॥
तुम सम यह जीत सकें, ऐसा कुछ तो कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं मल्लाखेट-विनाशन-समर्थ मल्लयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२॥

दृष्टि युद्ध

नजरों से ही नफरत हो, नजरों से ही होता प्यार।
सब खेल नजर के हैं, नजरों से हो जय हार॥
जय नजर करें तुम सम, नजरें हम पर कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥

भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं समस्त दृष्टि-विकृति-विनाशन-समर्थ दृष्टियुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥३॥

<u>अस्त्र युद्ध</u>

जो चक्र तीर भाले, तज अस्त्रों के संग्राम।
फिर ध्यान चक्र धरके, पाए निज में विश्राम॥
हम अस्त्र तजें तुम सम, बस इतना साहस दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं अस्त्रभय-विकृति-विनाशन-समर्थ अस्त्रयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥४॥

<u>शस्त्र युद्ध</u>

तलवार चाकू आदि, वो शस्त्र युद्ध त्यागे।
फिर जैन साधना कर, तुम निज से अनुरागे॥
हम शस्त्र तजें तुम सम, यों आत्मशक्ति भर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं शस्त्रभय-विकृति-विनाशन-समर्थ शस्त्रयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥५॥

<u>गृह युद्ध</u>

जब भाई ललकारे, जब मिले चुनौती तो।
तज अंतर युद्ध यही, पाए तुम मुक्ति को॥
गृह युद्ध तजें तुम सम, इतनी समता भर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं गृह-विकृति-विनाशन-समर्थ गृहयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥६॥

देश युद्ध

जब देश-देश लड़ते, तो वही युद्ध होता।
जन धन की हानि करें, जिससे धर्मी रोता॥
हे देश युद्ध त्यागी!, बस विश्वशान्ति कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं देश-विकृति-विनाशन-समर्थ देशयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥७॥

शब्द युद्ध

जग में सबसे ज्यादा, बस शब्द बाण चलते।
सो मौन तपस्वी के, हम चरणों में रमते॥
अब बनें मौनप्रिय हम, तुम कोलाहल हर लो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं शब्द-विकृति-विनाशन-समर्थ शब्दयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥८॥

विचार युद्ध

संग्राम विचारों की, दुनियाँ में आँधी चली।
जो उनको शुद्ध करे, वह सच्चा बाहुबली॥
यह तज तुम स्वस्थ हुए, अब हमें स्वस्थ कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं मानसिक-विकृति-विनाशन-समर्थ विचारयुद्ध-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥९॥

युद्ध का मूल

जड़ जोरु जमीनों से, सब युद्ध यहाँ ठनते।
जो इन्हें त्याग देते, वे बाहुबली बनते॥
हम तजें यही मूर्च्छा, वह मंत्र दान कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, तुम अपने सम कर लो॥
भक्तों के सपनों में...

ॐ ह्रीं युद्धमूल-विनाशन-समर्थ युद्धमूल-विजेता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१०॥

सप्त परम स्थान वर्णन/ कर्त्रन्वय क्रिया

(लय–भक्ति बेकरार है...)

भक्ति बेशुमार है, आनन्द अपार है।
बहुबली भगवान की, हो रही जय जयकार है॥

सज्जाति क्रिया

दीक्षा योग्य वेश को पाके, धन्य किए तुम सज्जाति।
तुम सम हम भी बनें दिगम्बर, रत्नत्रय की दो ज्योति॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं सज्जाति-दीक्षायोग्य कुल-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥११॥

सद्गृहित्व क्रिया

गृहस्थ दशा के सदाचार को, आप धरे फिर ली दीक्षा।
तुम सम आश्रम शुद्ध करें हम, ऐसी हमको दो शिक्षा॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं सद्गृहित्व-दीक्षायोग्य पर्याय-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१२॥

पारिव्राज्य क्रिया

तज संसार देह भोगों को, आप दिगम्बर रूप धरे।
तुम सम पारिव्राज्य बनें हम, सो चरणों में आन पड़े॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं पारिव्राज्य-दीक्षानुबंधी-पुण्य-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१३॥

सुरेन्द्र क्रिया

तुम तो मोक्ष गए हो स्वामी, हम समाधि को तरस रहे।
हमको स्वर्ग नहीं पाना बस, तुम सम बनने हरष रहे॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं सुरेन्द्रता-पद-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१४॥

साम्राज्य क्रिया

चक्र रत्न के साथ-साथ में, दुनियाँ के सारे पद भी।
हमें न पाना हमको केवल, मिले आप जैसी पदवी॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं साम्राज्य-पद-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१५॥

आर्हन्त्य क्रिया

पाँच महाकल्याणक वाली, तीर्थंकर की मिले गली।
वो आर्हन्त्य क्रिया को करने, हमें बना लो बाहुबली॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं आर्हन्त्य-पद-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१६॥

परिनिर्वृत्ति क्रिया

जब अरिहंत मोक्ष पाते तो, परिनिर्वाण वही होता।
जिसको तुम तो कर ही चुके हो, हम भी कर लें मन होता॥
भक्ति बेशुमार है...

ॐ ह्रीं परिनिर्वृत्ति-क्रिया-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१७॥

केवली के प्रकार

तीर्थंकर केवली

(विष्णु)

अंतर बाहर की लक्ष्मी के, साँचे जैन धरम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

पाँच तीन दो कल्याणक के, गुण छ्यालीस धरें।
वो तीर्थंकर पूज्य केवली, जग कल्याण करें॥
समवसरण के प्रभु की पूजा, बाहुबली उन सम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं वैभव-संपन्न-तीर्थंकर-पद-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१८॥

सामान्य केवली

कल्याणक जिनके ना हों पर, बने केवली जो।
वो सामान्य केवली भगवन्, बाहुबली जी हो॥
जिनकी पूजा मोक्षमार्ग दे, दे समृद्धि धन।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं विशेष-सामान्यकेवली-पद-प्रदायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥१९॥

अन्तकृत केवली

उपसर्गों के होने पर यदि, मृत्यु निकट होती।
तब लघु अंतर्मुहूर्त में ही, जले ज्ञान ज्योति॥
बनें अन्तकृत वही केवली, बाहुबली आतम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं समस्त संकट-उपसर्ग-हर्त्ता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२०॥

उपसर्ग केवली

हर उपसर्ग सहन कर मिलता, केवलज्ञान जिन्हें।
गंधकुटी में शोभित होकर, दें सद्ज्ञान हमें॥
पूज्य वही उपसर्ग केवली, बाहुबली भगवन।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं समस्त-अवरोध-विरोध-हर्त्ता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२१॥

मूक केवली

जिनको केवलज्ञान हुआ पर, खिरे नहीं वाणी।
मोक्ष प्राप्ति तक मौन रहे जो, सबके कल्याणी॥
मूक कवेली वही आप सम, हरते संकट गम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं समस्त-अशान्ति-हेतु-हर्त्ता श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२२॥

अनुबद्ध केवली

तीर्थंकर या अन्य केवली, जिस दिन मोक्ष गए।
तब बनते जब अन्य केवली, अंतर नहीं पड़े॥
वो अनुबद्ध केवली होवें, बाहुबली सम हम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं संस्कार-परम्परा-विधायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२३॥

समुद्घात केवली

आयु कर्म को छोड़ अन्य को, आयु योग्य करते।
आत्म प्रदेशों को फैला जो, कर्म हरण करते॥
समुद्घात वह कहे केवली, बाहुबली प्रियतम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं समानता-अधिकार-विधायक श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥२४॥

पूर्णार्घ्य

पर द्रव्यों की चिन्ता से तो, सुलझे बाहुबली।
किन्तु इन्हीं में सिद्ध बुद्ध सम, उलझी आत्मकली॥
अतः छुपा लो चेतन गृह में, पाएँ मोक्ष परम।
बाहुबली के पद कमलों में, करें नमोऽस्तु हम॥

ॐ ह्रीं समस्तविध-संकट-उपद्रव-विनाशन-समर्थ श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय नमो नमः।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

चित् चैतन्य मुकाम हैं, जो अतिशय बलवान।
श्रद्धा के आधार हैं, बाहुबली भगवान्॥

(ज्ञानोदय)

जय-जय श्री अरिहंत जिनेश्वर, बाहुबली गुणवान तुम्हीं।
सिद्ध स्वरूपी परमानन्दी, भक्तों के भगवान तुम्हीं॥
अहो भाग्य है नाथ हमारा, मिला आपका दर्शन है।
अब तो हमको ऐसा लगता, क्षणभंगुर जग जीवन है॥१॥

अतुलवीर्य ऐसा तुम पाए, जिसे कोई न तौल सके।
उसका सम्यक् प्रयोग करके, शीघ्र मोक्ष पट खोल सके॥
ऐसा नहीं सुना ना देखा, धर्म भंग चक्री का हो।
पर तुमने वह किया कि जिससे, मान भंग चक्री का हो॥२॥

सचमुच निज के चक्री बनकर, जिन-चक्री तुम कहलाए।
देख तुम्हारी कठिन साधना, तूफाँ के दिल भर आए॥
सिद्ध प्रसिद्ध हुए तुम स्वामी, युद्ध सभी तुम जीते हो।
होकर देही बने विदेही, चिदानन्द रस पीते हो॥३॥

संस्कारों की ये सब महिमा, परम धाम को पाए हो।
चर्म चक्षु के हुए अगोचर, भक्त हृदय को भाए हो॥
तुम तो स्वामी मोक्ष गए पर, हम वियोग में तड़फ रहे।
हाय! हाय! कुछ कर न सके पर, आँसू झर-झर टपक रहे॥४॥

अजब-गजब ये कठिन समय है, चारों ओर निराशा है।
भाई-भाई का दुश्मन बनकर, लहू पीने को प्यासा है॥

जग में माता-पिता खो रहे, घर मंदिर अब रहे कहाँ।
जीवन का अब मूल्य नहीं कुछ, वृद्धाश्रम खुल रहे यहाँ॥५॥

पूज्य महापुरुषों की गाथा, शेष बची बस शास्त्रों में।
सूख गया करुणा का पानी, जग उलझा बस शस्त्रों में॥
रिश्तों में छल कपट भरा है, खुशियों का अब अंत हुआ।
लगता है अब प्रलय निकट है, पाप अधर्म अनन्त हुआ॥६॥

अतः विश्व को दुष्कर्मों का, दुख हरने शिक्षित कर दो।
आत्म किले में ज्ञान सैन्य से, भक्तों को रक्षित कर दो॥
हम भी तुम सम बाहुबली हों, अतुलवीर्य बाहुबल दो।
'सुव्रत' तुम सम जय पाएँ बस, वह तीर्थंकर सा बल दो॥७॥

(दोहा)

पर भावों के भाव सब, हैं दुख के संसार।
बाहुबली उनके जयी, नमोऽस्तु बारम्बार॥

ॐ ह्रीं श्री बाहुबली जिनेन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये समुच्चयजयमाला पूर्णार्घ्यं...।

बाहुबली स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, बाहुबली जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

आस्था व बोध
संयम की कृपा से
मंजिल पाते

गोम्मटेस-थुदि

(उपेन्द्रवज्रा)

विसट्ट - कंदोट्ट-दलाणुयारं, सुलोयणं चंद - समाण-तुण्डं।
घोणाजियं चम्पय-पुप्फसोहं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ १॥
अच्छाय-सच्छं जलकंत गंडं, आबाहु दोलंत सुकण्ण पासं।
गइंद-सुण्डुज्जल-बाहुदण्डं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ २॥
सुकण्ठ-सोहा जियदिव्व संखं, हिमालयुद्दाम विसाल कंधं।
सुपेक्ख णिज्जायल सुट्ठुमज्झं,तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ ३॥
विंज्झाय लग्गे पविभासमाणं, सिहामणि सव्व-सुचेदियाणं।
तिलोय-संतोसय-पुण्णचंदं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥४॥
लयासमक्कंत - महासरीरं, भव्वावलीलद्ध सुकप्परुक्खं।
देविंदविंदच्चिय पायपोम्मं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ ५॥
दियंबरो जो ण च भीइ जुत्तो, ण चांबरे सत्तमणो विसुद्धो।
सप्पादि जंतुप्फुसदो ण कंपो, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ ६॥
आसां ण जो पेक्खदि सच्छदिट्ठि, सोक्खे ण वंछा हयदोसमूलं।
विराय भावं भरहे विसल्लं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ ७॥
उपाहि मुत्तं धण-धाम-वज्जियं, सुसम्मजुत्तं मय-मोहहारयं।
वस्सेय पज्जंतमुववास-जुत्तं, तं गोम्मटेसं पणमामि णिच्चं॥ ८॥

गोम्मटेश अष्टक-१ (भावानुवाद)

(चौपाई)

नीलकमल दल जैसे नयना, चन्दा जैसा मुखड़ा है ना।
नासा लख चम्पा हुई पानी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥१॥
नभ जल जैसे गाल चमकते, कंधों तक तो कान लटकते।
भुजा दंड गज सूँड समानी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥२॥
कंठ शंख जैसा अनुपम है, वक्ष विशाल हिमालय सम है।
कटि प्रदेश अचल अभिरामी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥३॥

विंध्यगिरी पर चमक रहे जो, सब चैत्यों के प्रमुख रहे जो।
जग को सुख दें चंदा स्वामी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥४॥
जिनके तन पर चढ़ी लताएँ, जिन्हें कल्पतरु भव्य बताएँ।
जिन पद में सुर भी प्रणमामि, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥५॥
जिन्हें न भय जो शुद्ध दिगम्बर, जिनके मन को रुचे न अम्बर।
सर्प आदि से कपित न स्वामी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥६॥
आश रहित समदर्शनधारी, सुख नहिं चाहें दोष निवारी।
भरत भ्रात में शल्य विरामी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥७॥
तजे उपाधी समता पाए, वित्त धाम मद मोह नशाए।
किए वर्ष भर अनशन स्वामी, उन गोम्टेश को सदा नमामि॥८॥

(दोहा)

प्राकृत में अष्टक रचे, 'नेमिचन्द्र' गुण गाए।
बाहुबली के पद्य में, 'सुव्रत' गीत सुनाए॥

===

गोम्टेश अष्टक—२ (दोहा)

नील कमल दल से नयन, मुख शशि समा विशेष।
चम्पा जय नासा करे, नित नत उन गोम्टेश॥१॥
कर्ण लटकते काँध तक, गज सूँडा कर भेष।
गाल नीर सम गगन से, नित नत उन गोम्टेश॥२॥
कंठ जीतता शंख को, बहु शुभ मध्यप्रदेश।
सीना हिमगिर सा अचल, नित नत उन गोम्टेश॥३॥
विंध्याचल पर चमकते, चैत्य श्रेष्ठ परमेश।
पूर्ण चन्द्र जग-हर्ष को, नित नत उन गोम्टेश॥४॥
बेल महातन पर चढ़ीं, पूजित चरण सुरेश।
कल्पवृक्ष भविवर्ग को, नित नत उन गोम्टेश॥५॥

अभय दिगम्बर शुद्ध जो, वस्त्र राग ना लेश।
सर्पादिक से कंप ना, नित नत उन गोम्टेश॥६॥
विमल दृष्टि आशा बिना, सुख वांछा ना शेष।
भरत शल्य बिन राग बिन, नित नत उन गोम्टेश॥७॥
घर-पद-धन-मद-मोह बिन, समता सहित महेश।
एक साल उपवासमय, नित नत उन गोम्टेश॥८॥
प्राकृत में अष्टक रचे, नेमिचन्द्र गुण गाय।
गोम्मटेश के पद्य में, 'सुव्रत' गीत सुनाय॥९॥

===

श्री बाहुबली जिनंदा-भजन

श्री बाहुबली जिनंदा, माता तुम्हारी सुनंदा।
हम तुमको करें नमोस्तु, मेंटो भव-भव के फंदा॥
हैं नीलकमल से नयना, नासा चंपा की बना।
प्रभु मुखड़ा चाँद का टुकड़ा, हैं गाल नीर सम गहना॥
गजराज सूँड़ सम बाहु, दो कर्ण छू रहे कंधा। हम तुमको...॥१॥
है कंठ शंख से प्यारा, कटिभाग अचल दृढ़ मन्दर।
प्रभु वक्ष हिमालय जैसा, तन कामदेव से सुंदर॥
हैं सबसे सुंदर अपने, प्रभु बाहुबली जिनंदा। हम तुमको...॥२॥
हैं दिव्य देह पर बेलें, जिस सर्पादिक खेलें।
फिर भी जो कभी न डरते, कब उनके चरणा छू लें॥
जो कल्पवृक्ष भव्यों के, सुखदाता परण चंदा। हम तुमको...॥३॥
खड्गासन पूर्ण दिगम्बर, निर्मोही शुद्ध निरम्बर।
उपवास वर्ष भर करके, निश्शल्य हुए गोम्मटेश्वर॥
प्रभु दर्शनीय सुव्रत को, दो निज सम जिन कलाकंदा। हम तुमको...॥४॥

===

श्री निर्वाण क्षेत्र विधान

स्थापना (दोहा)

वीतराग विज्ञान को, कर नमोऽस्तु धर ध्यान।
श्री निर्वाणी क्षेत्र की, करें अर्चना गान॥

(ज्ञानोदय)

जिनशासन के आश्रय से जो, मुक्तिवधू से व्याह किए।
मोक्षमहल में हुए महोत्सव, जब प्रभु निज निर्वाण किए॥
ढाईद्वीप के कण-कण तब ही, पूजित सिद्ध प्रसिद्ध हुए।
मोक्षमहल से हृदय-कमल पर, आओ! प्रभु नत भक्त हुए॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनीन्द्र अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(शुद्ध गीता)

जिन्होंने कर्म दल-दल धो, निजातम को निखारा है।
हमें समकित उन्हीं सा हो, अतः उनको निहारा है।
बने हम सिद्ध सम कंचन, अतः जल-धार अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

जिन्होंने द्वन्द्व के हेतु, सभी सम्बन्ध तोड़े हैं।
वही निज-ज्ञान के सेतु, निजी अनुबन्ध जोड़े हैं॥
मिले वह सिद्ध सम चंदन, अतः यह धार अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं...।

हुआ जब प्रेम निज से तो, मचलते आत्मदर्शन को।
पुनः दर्शन पुनः दर्शन, हुई है तृप्ति चेतन को॥

मिले वह सिद्ध का दर्शन, अतः यह पुंज अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों की, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान्...।

गुलाबों की सजी शैय्या, दुखों का ताज भव काटो।
खिलाते ब्रह्म-बगिया जो, उन्हें साम्राज्य शिव का हो॥
मिले बल-वीर्य सिद्धों सा, अतः यह पुष्प अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

क्षुधा से जो दुखी जग में, क्षुधा वो क्या करें उपशम।
जिन्होंने की क्षुधा जय है, उन्हीं के रस चखेंगे हम॥
बनें हम सूक्ष्म सिद्धों सम, अतः नैवेद्य अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यः क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं...।

उजाला बाँटने जिसकी, भली सी भावना होती।
जलाते आत्म-ज्योति वो, उन्हीं की आरती होती॥
करें अवगाह सिद्धों सम, अतः यह दीप अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

बड़ी है कर्म की माया, इसी ने भव घुमाया है।
बड़ी है धर्म की छाया, इसे हमने भुलाया है॥
अगुरुलघु हो सिद्धों सम, अतः यह धूप अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं...।

किए श्रद्धा की खेती तुम, फसल निज-ज्ञान की पाई।
लगे चारित्र फल मीठे, रसीली आत्म झलकाई॥
हो अव्याबाध सिद्धों सम, अतः फल-गुच्छ अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

उसी-मय आत्मा होती, जिसे जो चाहते मन से।
किया जब ध्यान सिद्धों का, मिले सो सिद्ध भगवन से॥
करें शुद्धात्म सिद्धों सम, अतः यह अर्घ्य अर्पित है।
भजें निर्वाण क्षेत्रों को, नमोऽस्तु भी समर्पित है॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

अर्घ्यावली

(जोगीरासा)

अष्टापद से अनन्तकीर्ति, आदिनाथ भगवन जी।
भरत बाहुबलि नाग बाल मुनि, महाबाल अंजन जी॥
छह हजार खलु चिच्च देव हो, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अष्टापद निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त वृषभनाथादि षट्सहस्त्र मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१॥

चम्पापुर मन्दारगिरि पर, चलो भक्ति में नाँचो।
प्रथम बालयति वासुपूज्य के, कल्याणक हों पाँचों॥
एक हजार यहीं से मुनि जन, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं चम्पापुर निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त वासुपूज्यादि सहस्त्र मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२॥

गिरनारी से नेमिनाथ सह, पाँच शतक छत्तीसों।
प्रद्युम्न शंबु अनिरुद्धादि, जाए मिले मुक्ती सों।

कोटि बहत्तर तथा सात सौ, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं गिरनारी निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त नेमिनाथादि सप्तशताधिक-द्विसप्तदशकोटि मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३॥

पद्म सरोवर पावापुर से, महावीर शिव पाए।
साथ-साथ छत्तीस साधु भी, निज आतम प्रकटाए॥
शासननायक दीवाली दे, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पावापुर निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त महावीरस्वामी सह षट्त्रिंशत् मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४॥

शाश्वत श्री सम्मेदशिखर से, शेष बीस तीर्थंकर।
और अनन्तानन्त संत भी, गए यहीं से शिवपुर॥
चलो शिखर जी भजो उन्हें जो, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सम्मेदशिखर निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त विंश् तीर्थंकरादि-अनन्तानन्त मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५॥

नगर तारवर सिद्धक्षेत्र से, श्री वरदत्त मुनिन्दा।
सागरदत्त वरांग आदि मुनि, पाए निज आनन्दा॥
पूरे साढ़े तीन कोटि मुनि, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोले स्वाहा॥

ॐ ह्रीं तारवर निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त श्री वरदत्त-सागरदत्त-वरांगाश्चाद्यः त्रिकोटिः-पंचाशतलक्ष मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६॥

गजपंथा के उच्च शिखर से, बजा आत्म की बंसी।
सात-सात बलभद्र और मुनि, आठ कोटि यदुवंशी॥
राजा आदिक कर्म विजेता, मोक्ष पधारे आहा।

अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं गजपंथा निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त सप्त बलभद्राद्यः अष्टकोटिः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥७॥

सोनागिरि के उच्च शिखर से, नंगानंग कुमारा।
आदिक साढ़े पाँच कोटि मुनि, पार किए भव खारा॥
सोनागिरि पर सोना-सोना, आतम सोना आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सोनगिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त नंगानंगकुमाराद्यः पंचकोटिः-पंचाशतलक्ष मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥८॥

तुंगीगिरि से रामचन्द्र मुनि, हनु सुग्रीव पधारे।
गवय गवाक्ष नील महनीला, निज चेतन श्रृंगारे॥
इत्यादिक निन्यानवे कोटि, आत्म निखारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं तुंगीगिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त राम-हनु-सुग्रीव-सुडील-गवय-गवाक्ष-नील-महानीलाश्चाद्यः नवाधिक-नवत्रिंशतकोटि मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥९॥

पावागढ़ से लवकुश आदिक, रामचन्द्र के बेटे।
लाट देश के पाँच करोड़ी, राजा शिव वर लेते॥
आतमराम प्राप्त करने को, राम राज्य हो आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पावागढ़ निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त लव-कुशाश्चाद्यः पंचकोटिः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१०॥

बड़वानी के दक्षिण में थित, चूलगिरी चोटी है।
कुम्भकर्ण मुनि इन्द्रजीत की, मुक्ति यहीं होती है॥
उन्हें नमन जो संत यहाँ से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं बड़वानी तीर्थस्थ चूलगिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त कुंभकर्ण-इन्द्रजीताद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥११॥

रेवातट पर सिद्धोदय है, सिद्धक्षेत्र नेमावर।
रावण के सुत मुक्त यही से, हुए मोक्ष को पाकर॥
साढ़े पाँच करोड़ यहीं से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं रेवातटस्थ सिद्धोदय निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त रावणस्य पुत्राश्चाद्यः अष्टकोटिः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१२॥

रेवा नदी के तीर सिद्धवर, कूट वसा पश्चिम में।
दो चक्री दस कामदेव मुनि, यहीं रमे चेतन में॥
साढ़े तीन करोड़ यहीं से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सिद्धवरकूट निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त द्वयचक्री-दशकामदेवाश्चाद्यः त्रिकोटि पंचाशत् लक्ष मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१३॥

नदी चेलना के पूरब तट, पावागिरी निहारो।
स्वर्णभद्र-मणि-वीरभद्र-गुण, मुक्त यहाँ से चारों॥
चख पावा के बाबा मावा, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पावागिरी (पवाजी) निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त स्वर्ण-वीर-मणि-गुणभद्रश्चाद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१४॥

फलहोड़ी के पश्चिम भू में, द्रोणगिरी है न्यारी।
गुरुदत्तादिक रत्नत्रय की, पाए मोक्ष सवारी॥
बन चैतन्य चमत्कारी प्रभु, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं द्रोणगिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त गुरुदत्तश्चाद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१५॥

अचला पुर ईशान दिशा में, मुक्तागिरि की चोटी।
साढ़े तीन करोड़ यहीं मुनि, पाए आतम ज्योति॥
मुक्तागिरी से आत्म मुक्त कर, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मुक्तागिरी (मंदारगिरि) निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त त्रिकोटिपंचाशतलक्ष मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१६॥

वंशस्थल के पश्चिम भू में, कुन्थलगिरि सुहाई।
यहाँ देशभूषण कुलभूषण, मुनि को मुक्ति रिझाई॥
जग दूषण तज निज भूषण सज, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं कुन्थलगिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त कुलभूषण-देशभूषणाद्यौ मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१७॥

कोटिशिला या तारंगा जो, कलिंग या गुजराती।
यहीं यशोधर राजा के सुत, पाँच शतक की ख्याति॥
और यहाँ से एक कोटि मुनि, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं तारंगा (कोटिशिला) निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त एककोटि-पंचशत् मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१८॥

नैनागिरि में पार्श्वनाथ का, समवसरण जब आया।
गुरु-वरदत्तादिक पाँचों को, तब शुद्धातम भाया॥
खोल यहीं से निज नैनों को, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं नैनागिरि निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त गुरुदत्त-वरदत्ताद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१९॥

राजगृही से विद्युत नामक, चोर त्याग कर चोरी।
आतम धन की रक्षा करने, बाँधे संयम डोरी॥

मालामाल मुक्ति से होने, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं राजगृही निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त विद्युतचोराद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२०॥

गौतम गणधर क्षेत्र गुणावा, पाकर मोक्ष पधारे।
पूज्य सुधर्माचार्य नवादा, तीरथ से दुख हारे॥
जम्बूस्वामी मथुरा से ही, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं गुणावा-नवादा-मथुरा निर्वाणक्षेत्रेभ्यो मुक्तिप्राप्त गौतमगणधर-सुधर्माचार्य-जम्बूस्वामी-अन्याश्चाद्यो मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२१॥

सेठ सुदर्शन शील धर्म के, ज्यों ही बने विहारी।
मुक्तिवधू नत नयना होकर, त्यों ही चरण पखारी॥
पटना में गुलजारबाग से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पटना निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त सेठसुदर्शनाद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२२॥

मध्यप्रदेश दमोह जिले में, कुण्डलपुर के बाबा।
मुक्त यहाँ से श्रीधर स्वामी, चखते निज के मावा॥
तीर्थ बना बुन्देलखण्ड को, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं कुण्डलपुर (कुण्डलगिरि) निर्वाणक्षेत्रात् श्रीधरस्वामी-अन्याश्चाद्यः मुक्तिप्राप्त मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२३॥

गोपाचल है ग्वालियर में, सिद्ध क्षेत्र मनहारी।
सुप्रतिष्ठित मुनि पाए यहाँ से, सुनलो मोक्ष सवारी॥
गोपाचल से सिद्धाचल पा, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं गोपाचल निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त सुप्रसिष्ठिताद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२४॥

अहार जी से कामदेव जो, मुक्त हुए नलराजा।
महावीर शासन से पाए, विस्कंवल शिवराजा॥
पंच पहाड़ी सिद्धशिला से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अहार निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त नल-विस्कंवलाद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२५॥

ऊन क्षेत्र है मोक्षस्थली, स्वर्णभद्र मुनिवर की।
किंचित ऊन यहाँ से होकर, राह चले शिवपुर की॥
सार्थक संज्ञा करके मुनिवर, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं ऊन निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त स्वर्णभद्राद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२६॥

यमुना तट पर है शौरीपुर, तीर्थ बटेश्वर प्यारा।
यहाँ धन्य यम निर्मल सुत मुनि, पाए सौख्य अपारा॥
नेमिनाथ की जन्म भूमि से, मोक्ष पधारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, मुख से बोलें स्वाहा॥

ॐ ह्रीं शौरीपुर वटेश्वर निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त यम-धन्य-निर्मल-सुताद्यः मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२७॥

जाप्यमंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त सर्व मुनीन्द्राय नमो नमः।

जयमाला

(दोहा)

जिस धरती से सिद्ध हों, जिनवर संत महंत।
सिद्ध क्षेत्र निर्वाण की, जयमाला जयवंत॥

(शेर चाल)

जय-जय श्री निर्वाण क्षेत्र पूज्य भूमियाँ।
हैं पाप काटने को यही सिद्ध भूमियाँ॥

जो ढाई द्वीप का विशाल क्षेत्र जानिए।
सम्पूर्ण सिद्ध क्षेत्र है यथार्थ मानिए॥१॥
इस हेतु से विशुद्ध पूज्य पूर्ण क्षेत्र है।
निर्ग्रन्थ रूप ने किया इसे पवित्र है॥
फिर भी विशेष रूप से जो सिद्ध धाम हैं।
उनको पृथक्-पृथक् व साथ में प्रणाम हैं॥२॥
ये सिद्ध क्षेत्र पृथ्वीकाय के निकाय हैं।
फिर धर्म ध्यान में हुए कैसे सहाय हैं॥
चूँकि जिनेन्द्र का इन्होंने आसरा लिया।
सो कार्य कारण रूप से पावन बना लिया॥३॥
सम्मेदशिखर तीर्थ तो भक्तों के प्राण हैं।
कैलाश चम्पा-पावापुर गिरनार धाम हैं॥
हम चार-धाम के पुजारी हो न सकेंगे।
ये पाँच धाम पूज के निर्वाण भजेंगे॥४॥
सो पाँच पाप त्याग के धरेंगे व्रत महा।
फिर सिद्ध जैसे ध्यान से हो शुद्ध आत्मा॥
चैतन्य चेतना चिदेश मोक्ष दिला दो।
एक सौ सत्तर शिखर जी के दर्श करा दो॥५॥
हमने तो एक शिखर जी भी ढँग से न भजी।
इस वेदना से अर्चना निर्वाण की रची॥
ले टूटे फूटे द्रव्य भाव सिर को टेकते।
दिन-रात अपने नाथ को हृदय से पूजते॥६॥

इस भाँति शब्द पुष्प की जो भक्ति माल ले।
चौबीस नाथ की निर्वाण भूमियाँ भजे॥
लगा-लगा परिक्रमा जो पुण्य लूटते।
वे कर्म भार को उतार भव से छूटते॥७॥
हो सिद्ध तीर्थ यात्रियों की यात्रा सफल।
ये यात्रा दिलाए हमें मोक्ष का महल॥
प्रभु मुक्ति का इशारा आसरा भी दीजिये।
'सुव्रत' की अर्ज सुन के निज शरण में लीजिये॥८॥

(दोहा)

सिद्ध क्षेत्र की सिद्धि से, हुए सिद्ध हर काम।
अतः सिद्ध पद प्राप्ति को, करें नमोऽस्तु ध्यान॥

ॐ ह्रीं श्री निर्वाणक्षेत्रात् मुक्तिप्राप्त सर्व मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

मुक्तिप्राप्त मुनिवर करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, मुक्ति प्राप्त जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

दर्पण कभी
न रोया न हँसा हो
ऐसा संन्यास

श्री सम्मेदशिखर विधान

मंगलाचरण (लय- माता तू दया...)

सम्मेदशिखर जी का, अभिनन्दन करते हैं।
श्रद्धा से नमोऽस्तु कर, हम वन्दन करते हैं॥
है शाश्वत तीर्थ यही, तीर्थंकर मोक्ष धरा।
निर्वाण भूमि न्यारी, कण-कण में धर्म भरा॥
हम सिद्धालय पाने, प्रभु दर्शन करते हैं।
श्रद्धा से...

यह तीर्थ निराला है, दे मोक्ष अनन्तों को।
संसार भ्रमण हरकर, दे आश्रय संतों को॥
इसकी रज लेकर के, चित पावन करते हैं।
श्रद्धा से....

यह तीर्थ वन्दना तो, बस भव्यों को मिलती।
इसकी पूजन करके, शुद्धातम सी खिलती॥
कर परिक्रमा इसकी, पुण्यार्जन करते हैं।
श्रद्धा से...

जो भाव सहित इसकी, यात्राएँ करते हैं।
वे नरक पशु गति के, दुख बंधन हरते हैं॥
फिर नर गति में संयम, धरकर शिव वरते हैं।
श्रद्धा से.....

जब तक ना मोक्ष मिले, तब तक सम्मेद शिखर।
बस हृदय हमारे हो, तो फिर काहे का डर॥
सब मिले खिले जीवन, यों भाव उभरते हैं।
श्रद्धा से.....

चारित्र धारकर हम, सम्मेद शिखर पूजें।
कर भाव सहित वन्दन, हम निजानन्द खोजें॥
सुख ऋद्धि-सिद्धि पाने, 'सुव्रत' सिर धरते हैं।
श्रद्धा से......

(पुष्पांजलिं...)

श्री सम्मेदशिखर पूजन

स्थापना (दोहा)

श्री सम्मेदशिखर रहा, सिद्ध क्षेत्र निर्वाण।
करके नमोऽस्तु अर्चना, हम चाहें कल्याण॥

(शंभु)

जय सिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखर, कुल रहे एक सौ सत्तर जो।
निर्वाण तीर्थ शाश्वत इससे, प्रभु गए अनन्तों शिवपुर को॥
हम वहाँ नहीं तुम यहाँ नहीं, फिर कैसे दर्श तुम्हारा हो।
सो हम पूजें सम्मेदशिखर, अब चेतन तीर्थ हमारा हो॥

(सोरठा)

हम करते आह्वान, सिद्ध भूमि हर सिद्ध को।
हृदय वसो भगवान्, भक्तों को सान्निध्य दो॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(शंभु)

सम्मेदशिखर गिरि पर पाते, जो जन्म मरण के शुभ अवसर।
कल्याण सुनिश्चित हैं उनके, जिनके दिल में सम्मेदशिखर॥
वे जन्म मृत्यु के दुख हरके, शुद्धातम का जल खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

सम्मेदशिखर की भाव सहित, जो करें वन्दना यात्राएँ।
तिर्यंच नरक गति दुख न उन्हें, नर देव सुखों को वे पाएँ॥
संसार ताप का चक्र हरें, शीतल शुद्धातम खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यः संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

सम्मेदशिखर को तहस–नहस, कितना करलो ये हिल न सकें।
हैं मिट्टी पत्थर के अक्षत, सचमुच मिट्टी में मिल न सकें॥
ले इसकी रज तन मिट्टी में, हम चेतन मूरत खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

सम्मेदशिखर के मण्डप में, कई हुए स्वयंवर आतम के।
सो मुक्तिवधू की चाहत में, सम्मेदशिखर हम आ धमके॥
लेकर पुष्पों की वरमाला, चारित्र पुष्प हम खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

सम्मेदशिखर के कण–कण को, मुनि उपवासों से शुद्ध करें।
कुछ लोग न चढ़ते सो इस पर, कुछ भूखे–प्यासे तीर्थ करें॥
सम्मेदशिखर के भोजन में, हम स्वाद मोक्ष का खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...

सम्मेदशिखर के दर्शन तो, बस भव्य प्राणियों को होते।
कुछ इस पर चढ़ने के पहले, अंधे से होकर के रोते॥
हम करें आरती चरणों की, निज नयना–दीपक खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...

सम्मेदशिखर की धूल करे, जग–पर्यावरण विशुद्ध सदा।
हों कर्मभूत सब दूर यहाँ, दुख रोग शोक ना टिकें कदा॥
हर एक शिला में सिद्धशिला, हम धूप चढ़ाकर खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

सम्मेदशिखर के भाव सहित, जो दर्शन पूजन तीर्थ करें।
कई उपवासों का फल पाके, घर ऋद्धि-सिद्धि से पूर्ण भरें॥
फल-फूल यहाँ सब औषध हैं, हम स्वस्थ चेतना खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

सम्मेदशिखर का तीरथ तो, सब तीर्थों का ही सार रहा।
सो इसकी तीर्थ वन्दना बिन, हम समझें सब निस्सार रहा॥
अब अर्घ्य चढ़ा हर टोंकों को, कर परिक्रमा निज खोज रहे।
सो कहें णमो सिद्धाणं हम, सम्मेदशिखर को पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

जयमाला

(दोहा)

है सम्मेदशिखर महा, तीर्थराज गुणधाम।
नमोऽस्तु कर जयमालिका, भक्त कहें धर ध्यान॥

(ज्ञानोदय)

तीन लोक के मध्य भाग में, मध्यलोक विख्यात रहा।
जम्बु-धातकी पुष्करार्द्ध ये, जिनको ढाईद्वीप कहा॥
जहाँ अधिकतम रहे शिखरजी, पूरे एक शतक सत्तर।
शाश्वत इस निर्वाण धरा से, गए अनन्तों मुनि शिवपुर॥१॥
तथा अनन्तों तीर्थंकर भी, तीन काल में शिव जाते।
सो तीर्थों का तीर्थ इसी को, देव-शास्त्र-गुरु बतलाते॥
इनके अणु-परमाणू के तो, सीधे सिद्धों से रिश्ते।
अतः यहाँ पर्वत झरनों से, सिद्ध गीत जैसे रिसते॥२॥
बियावान जंगल में पक्षी, कलरव करके सिद्ध भजें।

नीची घाटी ऊँचे पर्वत, वृक्ष लताएँ सिद्ध भजें॥
हाथी बन्दर लंगूरों से, तहस–नहस यों पर्वत हो।
ज्यों मुनियों के योग ध्यान से, कर्मों का वन आहत हो॥३॥
वर्तमान के बीस जिनेश्वर, मोक्ष यहाँ से जा बैठे।
तभी भक्त हम टोंक वन्दना, करने भाव सजा बैठे॥
सूर्योदय सम कुन्थुनाथ की, टोंक ज्ञानधर कूट रही।
नमिनाथ की कूट मित्रधर, अर की नाटक कूट रही॥४॥
संवरकूट मल्लि जिनवर की, श्रेयांस प्रभु की संकुल है।
पुष्पदंत की सुप्रभ प्यारी, पद्मप्रभू की मोहन है॥
मुनिसुव्रत की निर्जर न्यारी, ललितकूट प्रभु चन्द्र की।
शीतल प्रभु की विद्युतवर है, कूट स्वयंभू अनन्त की॥५॥
धवल कूट है शम्भव प्रभु की, अभिनन्दन प्रभु की आनन्द।
सुदत्तवर है धर्मनाथ की, सुमतिनाथ की अविचल कूट॥
शान्तिनाथ की कूट कुंदप्रभ, प्रभास है सुपार्श्व प्रभु की।
विमलनाथ की सुवीर सुन लो, सिद्धवर कूट अजित प्रभु की॥६॥
संध्या जैसी पार्श्वनाथ की, स्वर्णभद्र ये अंतिम है।
दर्शन कर यों लगता जैसे, कष्टों का दिन अंतिम है॥
यहीं आदि की वासुपूज्य की, वीर नेमि की कूट रही।
काल दोष से अन्य जगह से, मोक्ष गए पर टोंक यहीं॥७॥
श्री सम्मेदशिखर के वैभव, कोई भी ना बाँध सके।
कौन माई का जाया है जो, इसके वैभव वाँच सके॥
फिर भी जो गुणगान किए हम, इसका केवल यह उद्देश्य।
जो भी मोक्ष यहाँ से पहुँचे, उन जैसे हम पाएँ देश॥८॥

श्री सम्मेदशिखर पूजा कर, मात्र पुण्य ये अर्जित हों।
'पुण्यफला अरिहंता' हों हम, सारे पाप विसर्जित हों॥
योग त्याग फिर बने अयोगी, फिर सम्मेदशिखर पर आ।
'सुव्रत' सिद्धालय को पाएँ, निज सम्मेदशिखर को पा॥९॥

(सोरठा)

सम्मेदाचल पूज, धन्य किए निज पुण्य को।
सिद्ध स्वपद हम खोज, पाएँ निज चैतन्य को॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

अर्घ्यावली

(ज्ञानोदय)

१. गणधर कूट

आदिप्रभु से वीरप्रभु के, चौदह सौ उनसठ गणधर।
वृषभसेन से प्रभासस्वामी, गए यहीं से लोक शिखर॥
गणधर कूट अतः प्रसिद्ध है, जिनके पद पूजें आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-गणधरकूटात् मुक्त चतुर्विंशति-तीर्थंकरसम्बंधी-समस्त गणधरेभ्यो अर्घ्यं...।

२. ज्ञानधर कूट

प्रथम ज्ञानधर कूट यहीं से, कामदेव चक्री जिननाथ।
कुन्थुनाथ जी मोक्ष पधारे, जब शुक्ला एकम वैसाख॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, बने भेद ज्ञानी आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-ज्ञानधरकूटात् मुक्त श्री कुन्थुनाथादि छ्यावने कोड़ाकाड़ी छ्यानवे-करोड़ बत्तीसलाख छ्यानवे हजार सात सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

३. मित्रधर कूट

कूट मित्रधर से नमि जिनवर, ध्यान धार निर्ध्यान हुए।
चतुर्दशी वैसाख कृष्ण को, आतम शुद्ध स्वभाव छुए॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, सिद्ध स्वपद पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-मित्रधरकूटात् मुक्त श्रीनमिनाथादि नौ कोड़ाकोड़ी एक अरब पैंतालीस लाख सात हजार नौ सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

४. नाटक कूट

नाटक कूट यहाँ से चक्री, कामदेव अर-जिन तीर्थेश।
चैत्र अमावस को शिव पाए, शुद्ध बना निज आत्म प्रदेश॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, सिद्ध शिला पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-नाटककूटात् मुक्त श्री अरनाथादि निन्यानवे करोड़ निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

५. संवल (संवर) कूट

संवलकूटधाम से जिनवर, मल्लिनाथ जी मुक्त हुए।
फाल्गुन कृष्ण पंचमी पाकर, भक्त भक्ति में युक्त हुए॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, मोहमल्ल मारे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-संवलकूटात् मुक्त श्रीमल्लिनाथादि छ्यानवे करोड़ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

६. संकुल कूट

संकुल पूज्य कूट से पाए, श्री श्रेयांसनाथ जी मोक्ष।
श्रावण पूनम धन्य हो गयी, वीतरागियों का सुन सौख्य॥

कोटि–कोटि मुनि इसी कूट से, पा बैठे शिवकुल आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर–सिद्धक्षेत्र–संकुलकूटात् मुक्त श्री श्रेयांसनाथादि छ्यानवे कोड़ाकोड़ी छ्यानवे करोड़ छ्यानवे लाख नौ हजार पाँच सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

७. <u>सुप्रभ कूट</u>

सुप्रभकूट से सुविधि प्रभु जी, मोक्षमार्ग की सुविधि बता।
शुक्ल अष्टमी भाद्रपक्ष में, हरे कर्म की व्यथा–कथा॥
कोटि–कोटि मुनि इसी कूट से, ज्ञान महल पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर–सिद्धक्षेत्र–सुप्रभकूटात् मुक्त श्री पुष्पदंतादि एक कोड़ाकोड़ी निन्यानवे लाख सात हजार सात सौ अस्सी मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

८. <u>मोहन कूट</u>

मोहन कूट यहीं से जिनवर, पूज्य पद्मप्रभु सिद्ध हुए।
फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी पाकर, शुद्ध–बुद्ध अविरुद्ध हुए॥
कोटि–कोटि मुनि इसी कूट से, कुन्दन से चमके आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर–सिद्धक्षेत्र–मोहनकूटात् मुक्त श्रीपद्मनाथादि निन्यानवे करोड़ सत्तासी लाख तैंतालीस हजार सात सौ सत्तावन मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

९. <u>निर्जर कूट</u>

नौवीं निर्जर कूट यहीं से, मुनिसुव्रत प्रभु मोक्ष गए।
फाल्गुन कृष्णा बारस के दिन, मुक्तिवधू के लोक गए॥
कोटि–कोटि मुनि इसी कूट से, संकट कष्ट हरे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-निर्जरकूटात् मुक्त श्रीमुनिसुव्रतनाथादि निन्यानवे कोड़ाकोड़ी निन्यानवे करोड़ निन्यानवे लाख नौ सौ निन्यानवे मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१०. ललित कूट

ललित कूट से चन्द्रप्रभु जी, चित् चैतन्य चिदेश हुए।
फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को प्रभु, अष्टम भू के देश छुए॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, चन्द्र शिला पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-ललितकूटात् मुक्त श्रीचन्द्रप्रभ-आदि नौ सौ चौरासी अरब बारह करोड़ अस्सी लाख चौरासी हजार पाँच सौ पंचानवे मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

११. सर्वसिद्धवर कूट

अष्टापद से मुक्त आदि जिन, माघ कृष्ण की चौदश को।
फिर भी कूट शिखर पर शोभित, पूज्य सिद्धवर पूजित हों॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, जग जंजाल हरे आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अष्टापदकैलाश-सिद्धक्षेत्र-सर्वसिद्धवरकूटात् मुक्त श्रीवृषभनाथ-बाल-महाबाल-नागकुमारादि दस हजार मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१२. विद्युतवर कूट

विद्युतवर की पूज्य कूट से, शीतलनाथ गए शिवधाम।
आश्विन शुक्ल अष्टमी पाकर, तीर्थवन्दना करें प्रणाम॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, बने निजानन्दी आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-विद्युतवरकूटात् मुक्त श्रीशीतलनाथादि अठारह कोड़ाकोड़ी ब्यालीस करोड़ बत्तीस लाख ब्यालीस हजार नौ सौ पाँच मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१३. स्वयंभू कूट

कूट स्वयंभू से अनन्तप्रभु, अनन्त कर्मों को त्यागे।
चैत्र अमावस को पा निज रस, सिद्ध चासनी में पागे॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, निजानुभव पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-स्वयंभूकूटात् मुक्त श्रीअनन्तनाथादि छ्यानवे कोड़ाकोड़ी सत्तर करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार सात सौ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१४. धवल कूट

धवलकूट से शम्भवप्रभु जी, निजरमणी के राज बने।
चैत्र शुक्ल छठ को निजघट पा, तारणतरण जहाज बने॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, भव जल पार किए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-धवलकूटात् मुक्त श्रीशम्भवनाथादि नौ कोड़ाकोड़ी बारह लाख ब्यालीस हजार पाँच सौ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१५. वासुपूज्य कूट

चम्पापुर मंदार गिरी से, प्रथम बालयति ईश हुए।
भाद्रशुक्ल चौदस के दिन को, वासुपूज्य सिद्धीश हुए॥
अनेक मुनि भी यहीं मुक्त हो, मुक्तिमहल पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री चम्पापुर-सिद्धक्षेत्र-मंदारगिरि-कूटात् मुक्त श्रीवासुपूज्यादि एक हजार मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१६. आनन्द कूट

शुभ आनन्द कूट से जिनवर, अभिनन्दन प्रभु मोक्ष गए।
छठ वैसाख शुक्ल को अनुपम, सहजानन्दी धाम गए॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, निजानन्द पाए आहा।

अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-आनन्दकूटात् मुक्त श्रीअभिनन्दन-नाथादि बहत्तर कोड़ाकोड़ी सत्तर करोड़ सत्तर लाख ब्यालीस हजार सात सौ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१७. सुदत्तवर कूट

सुदत्तवर की धर्मकूट से, धर्मनाथ दुख कर्म हरे।
चैत्र शुक्ल पंचमी के दिन, सुखदायक निज धर्म वरे॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, धर्म धुरी पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-सुदत्तवरकूटात् मुक्त श्रीधर्मनाथादि उन्तीस कोड़ाकोड़ी उन्नीस करोड़ नौ लाख नौ हजार सात सौ पैंसठ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१८. अविचल कूट

अविचलकूट टोंक से पाए, सुमतिनाथ पंचम गति को।
चैत्र शुक्ल ग्यारस हुई पावन, जब पाई निज परिणति को॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, हुए अचल अविचल आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-अविचलकूटात् मुक्त श्रीसुमतिनाथादि एक कोड़ाकोड़ी चौरासी करोड़ बहत्तर लाख इक्यासी हजार सात सौ इक्यासी मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

१९. कुंदप्रभ कूट

कूट कुंदप्रभ से शान्ति प्रभु, ज्येष्ठ कृष्ण की चौदस को।
राजचक्र तज धर्म चक्र धर, सिद्धचक्र पा निज वश हो॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, महाशान्ति पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-कुंदप्रभकूटात् मुक्त श्रीशान्तिनाथादि नौ कोड़ाकोड़ी नौ लाख नौ हजार नौ सौ निन्यानवे मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२०. महावीर कूट

पावापुर के पंकज वन से, शासननायक मुक्त हुए।
चढ़ा-चढ़ा निर्वाण लाडू हम, दीवाली से युक्त हुए॥
अनेक मुनि भी यहीं मुक्त हों, बंधन मुक्त हुए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पावापुर-सिद्धक्षेत्रात् मुक्त श्रीमहावीरजिनेन्द्रादि छब्बीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२१. प्रभास कूट

प्रभासकूट से सुपार्श्वप्रभु जी, फाल्गुन कृष्ण सप्तमी को।
बाह्य लक्ष्मी तजकर पाए, अंतस आतमलक्ष्मी को॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, सिद्ध सदन पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-प्रभासकूटात् मुक्त श्रीसुपार्श्वनाथादि उनंचास कोड़ाकोड़ी चौरासी करोड़ बहत्तर लाख सात हजार सात सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२२. सुवीर कूट

पूज्य सुवीर कूट से जिनवर, विमलनाथ प्रभु विमल हुए।
शुक्ल अष्टमी आषाढ़ी को, विभाव मल तज निकल हुए॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, सिद्धचक्र पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-सुवीरकूटात् मुक्त श्रीविमलनाथादि सत्तर कोड़ाकोड़ी साठ लाख छह हजार सात सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२३. सिद्धवर कूट

पूज्य सिद्धवर कूट टोंक से, अजितनाथ शिवधाम गए।
चैत्र पंचमी शुक्ला के दिन, सुख स्वरूप निर्वाण गए॥

कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, मृत्युंजयी हुए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-सिद्धवरकूटात् मुक्त श्रीअजितनाथादि अस्सी करोड़ चौवन लाख मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२४. नेमिनाथ कूट

ऊर्जयन्त गिरनार कूट से, नेमिनाथ को सिद्धि मिली।
शुक्ल अष्टमी (सप्तमी) आषाढ़ी को, मुक्तिवधू की ऋद्धि मिली॥
शंबु आदि मुनि इसी कूट से, निजरमणी पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री गिरनारि-सिद्धक्षेत्र-ऊर्जयंतगिरिकूटात् मुक्त श्रीनेमिनाथ-शंबु-प्रद्युम्न-अनिरुद्धादि बहत्तर करोड़ सात सौ मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

२५. सुवर्णभद्र कूट

सुवर्णभद्र कूट है अंतिम, जहाँ आत्म सोना होती।
श्रावण शुक्ल सप्तमी पाके, मोक्षसप्तमी नित होती॥
कोटि-कोटि मुनि इसी कूट से, पारस मणि पाए आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्र-सुवर्णभद्रकूटात् मुक्त श्रीपार्श्वनाथादि व्यासी करोड़ चौरासी लाख पैंतालीस हजार सात सौ ब्यालीस मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...।

पूर्णार्घ्य

शाश्वत सिद्ध क्षेत्र है शाश्वत, कण-कण में कल्याण यहाँ।
तीन काल के तीर्थकरों के, होते हैं निर्वाण यहाँ॥
और यहाँ से तप करके जो, मोक्ष पधारे मुनि आहा।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्रात् मुक्त असंख्यात मुनिवरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

समुच्चय महाऽर्घ्य

रहे एक सौ सत्तर पूरे, श्री सम्मेद शिखर अक्षय।
पाँचों तीर्थधाम या जो भी, सिद्धक्षेत्र निर्वाण निलय॥
अतिशय क्षेत्र तीस चौबीसी, कृत्रिमाकृत्रिम चैत्य-सदन।
तीन काल के तीन लोक के, भजें मोक्ष बनने भगवन॥

(दोहा)

वीतराग विज्ञान ही, हम भक्तों का पर्व।
करें नमोऽस्तु अर्घ्य ले, 'सुव्रत' बने अनर्घ॥

ॐ ह्रीं श्री त्रिलोक-त्रिकाल सम्बन्धिनः मुक्त अनन्तानन्त मुनिवरेभ्यो समुच्चय महाऽर्घ्यं...।

जाप्यमंत्र-ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमो नमः।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

श्री सम्मेदशिखर यहाँ, गिरियों का गिरिराज।
कण-कण पावन की कहें, जयमाला हम आज॥

(जोगीरासा)

जय हो! श्री सम्मेदशिखर की, जो निर्वाण धरा है।
तीर्थवन्दना ऐसी जैसे, सिद्धालय उतरा है॥
जिसका यश सर्वत्र फैलकर, चुंबक जैसा खींचे।
अतः भक्त भी दर्शन करने, कभी न रहते पीछे॥१॥
किंतु वन्दना कर ना सकें यदि, दर्शन ना मिल पाएँ।
तो भक्तों की श्रद्धा देखो, कभी नहीं घबराएँ॥
अपने जैन जिनालय में ही, रचा अर्चना प्यारी।
श्री सम्मेदशिखर की पूजा, करते मंगलकारी॥२॥

द्रव्य अर्चना भाव वन्दना, करके पुण्य कमाएँ।
सिद्धपुरी के सिद्ध जिनों को, सिद्ध भक्ति कर ध्याएँ॥
जो जो हैं निर्वाण भूमियाँ, इतनी अतिशयकारी।
जिनमें श्री सम्मेदशिखर की, महिमा सबसे न्यारी॥३॥
इसी अनादि तीर्थ के दर्शन, अहो! भाग्य भक्तों के।
करके तीर्थ वन्दना होते, जन्म सफल भव्यों के॥
इस प्रभाव से उन्हें न मिलते, पचास भव भी पूरे।
वे उन्चास भवों में ही निज, कर्म शिलाएँ चूरें॥४॥
फलतः अपनी निर्मल आतम, उन्हें प्राप्त हो जाती।
जिससे मुक्तिवधू बाहों में, उनको सदा बुलाती॥
'सुव्रत' का अपना सपना कि, हमको मुक्ति बुलाए॥
सो सम्मेदशिखर के गुण गा, सिद्ध गुणों को ध्याए॥५॥

(सोरठा)

तीार्थराज सम्मेद, क्षेत्र शिखर जी पूजते।
कर्म शिला कर भेद, लोक शिखर हम खोजते॥

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर-सिद्धक्षेत्रात् मुक्त असंख्यातमुनिवरेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये समुच्चय-जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

मुक्ति प्राप्त मुनिवर करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, मुक्ति प्राप्त जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

श्री गणधर विधान

मंगलाचरण

जय गुरुदेव-जय गुरुदेव, नग्न दिगम्बर जय गुरुदेव।
जय गुरुदेव-जय गुरुदेव, गणधर ऋषिवर जय गुरुदेव॥

(विष्णु)

जन्म मरण में सभी दिगम्बर, आडम्बर फिर क्यों।
पापों का क्यों भरो समन्दर, करो वबण्डर क्यों॥
इन बिन्दू पर अन्तस चिन्तन, सो वैरागी हो।
हुए दिगम्बर मुक्तिवधू में, आतम रागी हो॥ जय गुरुदेव...
खोज आतमा की करने को, वैरागी निकले।
किस साधन से मिले आतमा, मनमयूर मचले॥
अतः दिगम्बर सम्यक् गुरु की, करने खोज चले।
तीर्थंकर के समवसरण में, चरणा पूज चले॥ जय गुरुदेव...
चरण पूज आचरण भजे फिर, हुए दिगम्बर जी।
गुरु शिष्य की जय से गूँजे, धरती अम्बर भी॥
गणधर का संयोग देखकर, दिव्य देशना हो।
शुद्धातम को मुख्य बनाकर, तत्त्व देशना हो॥ जय गुरुदेव...
तत्त्व देशना सुनकर प्राणी, भव के रोग हरें।
गणधर ज्ञानी जिनवाणी सुन, श्रुत संयोग करें॥
ऐसे गणधर गुरु की सेवा, सांसारिक सुख दे।
संकट रोग शोक सब हर के, महामोक्ष सुख दे॥जय गुरुदेव...

(जोगीरासा)

तेरा मंगल मेरा मंगल, सबका मंगल होवे।
सुखिया होवे सारी दुनियाँ, कोई दुखी न होवे॥

कण-कण मंगल क्षण-क्षण मंगल, जन-जन मंगल होवे।
गणधर गुरु को करके नमोऽस्तु , जग का मंगल होवे॥

(पुष्पांजलिं...)

श्री गणधर पूजन

स्थापना (दोहा)

वृषभसेन को आदि ले, गणधर अंत प्रभास।
चौदह सौ बावन भजें, कर के नमोऽस्तु दास॥

(ज्ञानोदय)

वृषभनाथ से महावीर के, चौदह सौ बावन गणधर।
दिव्य देशना प्रभु से सुनकर, हमें सुनाएँ करुणा कर॥
गुरु तो इतना देते हमको, हम उनको क्या दान करें।
यथा शक्ति गुरु भक्ति करें हम, गुरु सान्निध्य प्रदान करें॥

(दोहा)

हृदय वेदिका पर वसें, ज्ञानी गुणी गणेश।
करके नमोऽस्तु हम भजें, करुणा करो जिनेश॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरा अत्र अवतर...। अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(अष्टपदी-आँचलीबद्ध चौपाई) (लय–चौबीसी पूजा वत्)

जल से कर शुद्ध शरीर, दुख मिथ्यात्व हरें।
सो लाए प्रासुक नीर, आतम शुद्ध करें॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

चंदन की खिली बहार, जग में हो मंगल।
फिर पाएँ चेतन सार, ताप करें शीतल॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्य: संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

अक्षय जिनशासन तीर्थ सबको तार रहा।
दो शुद्धातम का तीर्थ, भक्त पुकार रहा॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

आतम का पुष्प पराग, तुम सम चाह रहे।
खिल जाए आतम बाग, पुष्प चढ़ाय रहे॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्य: कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

षट् रस के लेकर स्वाद, निज रस भूल रहे।
अब चढ़ा-चढ़ा नैवेद्य, निज रस खोज रहे॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्य: क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...।

लेकर पुद्‌गल के दीप, हो दीपावलियाँ।
जा बैठे आत्म समीप, दो सुख की गलियाँ॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...।

खेकर यह धूप दशांग, धूम्र उड़ाएँ रे।
अब कर्म जलें अष्टांग, निज चमकाएँ रे॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

श्रद्धा के फल हों ज्ञान, ज्ञान वही साँचे।
जो दें संयम निर्वाण, पाने हम नाँचें॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

श्रद्धालु लाए अर्घ्य, भेंट कृपालु को।
दो मुक्तिवधू का पर्व, आप दयालु हो॥
चौबीसों के मुनिराज, गणधर हम पूजें।
हम करके नमोऽस्तु आज, शुद्धातम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

पूर्णार्घ्य

(शंभु)

हे! ज्ञानमूर्ति गणधर ज्ञानी, तुम तीर्थंकर के पुत्र रहे।
हम अज्ञानी जन के स्वामी, तुम ही तो साँचे मित्र रहे॥
अज्ञान अँधेरे से तारो, दो समवसरण का धाम हमें।
हम आतम ज्ञानी ध्यानी हों, हो विश्वशान्ति निर्वाण हमें॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर संबंधिनः सकल गणधर ऋषिवरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

अर्घ्यावली (विष्णु)

वृषभनाथ के रहे हजारों, चौरासी मुनिराज।
चौरासी गणधर में पहले, वृषभसेन ऋषिराज॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभनाथस्य वृषभसेनादि-चतुरशीति-गणधरेभ्यो चतुरशीति-सहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१॥

अजितनाथ के सिंहसेन से, नब्बे गणधर हों।
एक लाख मुनि समवसरण में, प्रभु के अनुचर हों॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथस्य सिंहसेनादि-नवति-गणधरेभ्यो लक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२॥

चारुसेन हैं पहले गणधर, सभी एक सौ पाँच।
शम्भवप्रभु के दोय लाख मुनि, दर्शन कर मन नाँच॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री शम्भवनाथस्य चारुषेणादि-पंचाधिकशत-गणधरेभ्यो द्विलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥३॥

अभिनन्दन प्रभु के मुनिवर हैं, तीन लाख निज लीन।
गणधर वज्रनाभि हैं पहले, सभी एक सौ तीन॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अभिनन्दननाथस्य वज्रनाभ्यादि-त्रयाधिकशत-गणधरेभ्यो त्रिलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥४॥

तीन लाख बत्तीस हजारों, सुमतिनाथ के संत।
गणधर रहे एक सौ सोलह, चमरादि निर्ग्रन्थ॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथस्य चमरादि-षोडशाधिक-शत-गणधरेभ्यो द्वात्रिंशत-सहस्राधिक-त्रिलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥५॥

पद्म प्रभु के तीन लाख अरु, मुनिवर तीस हजार।
गणधर रहे एक सौ दस कुल, वज्रचमर भव पार॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पद्मनाथस्य वज्रचमरादि-दशाधिकशत-गणधरेभ्यो त्रिशंत-सहस्राधिक-त्रिलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥६॥

सुपार्श्व प्रभु के तीन लाख मुनि, समवसरण में हों।
पंचानवें पूज्य कुल गणधर, बलदत्तादिक हों॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथस्य बलदत्तादि-पंचनवति-गणधरेभ्यो त्रिलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥७॥

चन्द्रप्रभु के ढाई लाख मुनि, निज अध्यात्म चखें।
दत्तादि तेरानवें गणधर, जिनको भक्त भजें॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रनाथस्य दत्तादि-त्रिनवति-गणधरेभ्यो सार्द्धद्विलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥८॥

सुविधिनाथ के समवसरण में, मुनि दो लाख विशेष।
चेतन रस के रसिक अठासी, विदर्भ आदि गणेश॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सुविधिनाथस्य विदर्भादि-अष्टाशीति-गणधरेभ्यो द्विलक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥९॥

शीतलप्रभु के एक लाख मुनि, निज के विश्वासी।
परम पूज्य अनगार आदि हैं, गणधर इक्यासी॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथस्य अनगारादि-एकाशीति-गणधरेभ्यो लक्ष मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१०॥

श्रेयांसप्रभु के समवसरण में, मुनि चौरासी हजार।
कुन्थु आदि हैं सत्तर गणधर, जिनकी जय-जयकार॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री श्रेयांशनाथस्य कुंथ्वादि-सप्ततिः-गणधरेभ्यो चतुरशीतिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥११॥

रहे बहत्तर हजार मुनिवर, वासुपूज्य-प्रभु के।
सधर्म आदिक रहे छ्यासठ, गणधर सद्गुरु से॥

अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्यनाथस्य सुधर्मादि-षट्षष्ठि-गणधरेभ्यो द्वासप्ततिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१२॥

विमलनाथ के पचपन गणधर, मंदिर आदि हुए।
अढ़सठ हजार मुनिवर जिनके, हम तो चरण छुए॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथस्य मंदिरादि-पंचपंचाशत्-गणधरेभ्यो अष्टषष्ठिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१३॥

अनन्तप्रभु के पचास गणधर, जय आदिक प्यारे।
सभी छ्यासठ हजार मुनिवर, दुनियाँ से न्यारे॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्तनाथस्य जयादि-पंचाशत्-गणधरेभ्यो षट्षष्ठिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१४॥

धर्मनाथ के अरिष्ट आदि, गणधर तेतालीस।
चौसठ हजार मुनिवर साँचे, जिन्हें झुकाएँ शीश॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री धर्मनाथस्य अरिष्टादि-त्रिचत्वारिंशत्-गणधरेभ्यो चतुःषष्ठिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१५॥

शान्तिनाथ के चक्रायुध से, गणधर मुनि छत्तीस।
बासठ हजार मुनिवर जिन का, मिला हमें आशीष॥

अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथस्य चक्रायुधादि-षट्त्रिंशत्-गणधरेभ्यो द्विषष्ठिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१६॥

कुन्थुनाथ के स्वयम्भू आदि, गणधर यति पैंतीस।
साठ हजार रहे मुनिवर भी, चिदानन्द के ईश॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री कुन्थुनाथस्य स्वयंभू-आदि-पंचत्रिशत्-गणधरेभ्यो षष्ठिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१७॥

अरहनाथ के कुम्भु आदि, गणधर ज्ञानी तीस।
पचास हजार मुनिवर हमको, लगते हैं जगदीश॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अरनाथस्य कुम्भादि-त्रिंशत्-गणधरेभ्यो पंचाशतसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१८॥

मल्लिनाथ के विशाख आदि, गणधर अट्ठाईस।
मुनि चालीस हजार पूज्यवर, चाह रहे जगशीश॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथस्य विशाखादि-अष्टाविंशति-गणधरेभ्यो चत्वारिंशत-सहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥१९॥

सुव्रत प्रभु के मल्ली आदि, अष्टादस गणधर।
तीस हजार महा ज्ञानी मुनि, चाह रहे शिवपुर॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथस्य मल्ल्यादि-अष्टादश-गणधरेभ्यो त्रिंशत्सहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२०॥

नमिनाथ के सुप्रभ आदि, सत्रह गणधर हों।
बीस हजार महा ऋषिवर जी, सुख रत्नाकर हों॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्लीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथस्य सुप्रभादि-सप्तदश-गणधरेभ्यो विंशतिसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२१॥

नेमिनाथ के वरदत्तादि, ग्यारह ऋषि गणधर।
रहे अठारह हजार मुनिवर, जिन्हें भजें सिर धर॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्लीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथस्य वरदत्तादि-एकादश-गणधरेभ्यो अष्टादशसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२२॥

पार्श्वनाथ के स्वयंभू आदि, दस गणधर साँचे।
सोलह हजार मुनि दर्शन कर, मन मयूर नाँचे॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्लीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथस्य स्वयंभू-आदि-दश-गणधरेभ्यो षोडशसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२३॥

महावीर के गौतम आदि, ग्यारह गणधर जी।
चौदह हजार मुनियों के बिन, क्या हो रहकर भी॥
अर्घ्य चढ़ा मुनि ऋषिराजों को, हो नमोऽस्तु आहा।
ओम् ह्लीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वीरनाथस्य गौतमादि-एकादश-गणधरेभ्यो चतुर्दशसहस्त्र मुनिवरेभ्यो अर्घ्यं...॥२४॥

पूर्णार्घ्य

वृषभ-वीर चौबीसी प्रभु के, कुल गणधर मुनिजन।
वृषभसेन से प्रभास गणधर, चौदह सौ बावन॥
अठविस लख अड़तालिस हजार, मुनिजन हों आहा॥
ओम् ह्रीं गणधर ऋषिवरेभ्यो, नमो नमः स्वाहा॥

(शंभु)

हम देव-शास्त्र-गुरु के अनुचर, जिन बिन अस्तित्त्व हमारे क्या।
जिनदेव हमें तो मिल न सके, जानें ना शास्त्र तत्त्व हैं क्या॥
निर्ग्रन्थ संत गुरुदेव मिले, वह गणधर जैसे हम पूजें।
सान्निध्य मिला अध्यात्म मिला, सो चरणों में आतम खोजें॥

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी वृषभसेनादि-प्रभासपर्यंत द्विपंचा-शदाधिक-शतचतुर्दश-गणधरेभ्यो अष्टचत्वारिंशत्-सहस्राधिक-अष्टा-विंशतिलक्ष मुनिवरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र— ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री वृषभसेनादि सकल गणधरेभ्यो नमः।

जयमाला (दोहा)

तीर्थंकरों की देशना, जो सुनकर दें ज्ञान।
गणधर गुरु निर्ग्रन्थ का, हम करते गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! जिनशासन की, जय हो! तीर्थंकर प्रभु की।
जय हो! जय हो! श्रमण धर्म की, जय हो! मुनि गणधर गुरु की॥
गुरु शिष्य की परम्परा का, अद्‌भुत यह सम्मेलन है।
जो जयवंत रखें जिनशासन, झलकाता निज चेतन है॥१॥
तीर्थंकर अरिहंत बने ज्यों, समवसरण में शोभित हों।
भरे खचाखच भव्यजनों से, तीन लोक में पूजित हों॥
कोठों के सब जीव चाहते, जल्दी सुन लें दिव्य ध्वनि।
पर जब तक गणधर गुरु ना हो, खिर ना सकती दिव्यध्वनि॥२॥

ज्यों ही दीक्षित हों गणधर त्यों, दिव्यध्वनि खिरने लगती।
नभ भू में ओंकार ध्वनि की, दिव्यनाद होने लगती॥
सात तत्त्व षट् द्रव्य आदि के, प्रभु सम्यक् उद्‌गार कहें।
द्वादशांग जिन गंगा माँ के, गणधर गुरु विस्तार करें॥३॥
गणधर ज्ञानी गंधकुटी की, दूजी कटनी पर शोभें।
जिनशासन का राज बताकर, हम भक्तों के मन मोहें॥
प्रभु के तत्त्व भक्त को सीधे, ग्राह्य कभी ना हो सकते।
नग्न दिगम्बर गणधर गुरु बिन, मन का मैल न धो सकते॥४॥
अतः कहें जिसके जीवन में, यदि निर्ग्रन्थ गुरु ना हो।
उन्हें दिगम्बर जैन न समझो, उनके जीवन शुरु ना हों॥
सो 'सुव्रत' की यही प्रार्थना, हर पल गुरु का सुमरण हो।
गुरु 'विद्या' को रहें समर्पित, गुरु चरणों में सु-मरण हो॥५॥

(सोरठा)

गणधर गुरु के नाम, चौदह सौ बावन भजें।
करके नमोऽस्तु ध्यान, चेतन के आंगन सजें॥

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बंधी वृषभसेनादि-प्रभासपर्यंत द्विपंचाशदाधिक-शतचतुर्दश-गणधरेभ्यो अष्टचत्वारिंशत्-सहस्त्राधिक-अष्टाविंशतिलक्ष मुनिवरेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

ऋद्धिधारी मुनिवर करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, ऋद्धिधारि ऋषिराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

श्री गणधर विधान आरती

(लय-बाहुबलि की आरति उतारो मिलकर...)

श्री गणधर गुरु की आरती उतारो मिल के।
उतारो मिल के, छवि निहारो मिल के। श्री गणधर गुरु...

तीर्थंकर के समवसरण में, हुए न जब तक गणधर।
तब तक प्यारी दिव्य देशना, खिरा सके ना जिनवर॥
गणधर पा के झरे देशना, देखो खुल के...देखो खुल के...।श्री...

समवसरण की दूजी कटनी, जिस पर गणधर शोभें।
भक्त-शिष्य भगवान देख कर, अपने तो मन मोहें॥
सूरज चंदा जैसी जोड़ी, चमके मिले के...चमके मिल के...। श्री...

केवल ज्ञानसूर्य के स्वामी, प्रभु अरिहंत जिनेशा।
गणधर स्वामी ज्ञानज्योति के, तत्त्व पुंज परमेशा॥
समवसरण का देख नजारा, आतम झलके.. आतम झलके..। श्री...

हम अज्ञान अंधेरे में हैं, ज्ञान रोशनी देना।
तुमसे तुमको मांग रहे हम, अपने सम कर लेना॥
द्वार तुम्हारे, हम भी आएँ, देखो चल के... देखो चल के...। श्री...

मुँह माँगा वरदान दिया है, अपने श्रद्धालु को।
थोड़ी नजर करो अब हम पर, तुम तो धर्मालु हो॥
'सुव्रत' को यों स्वीकारो ज्यों, टुकड़े दिल के-टुकड़े दिल के। श्री...

===

नोट—भगवान महावीर स्वामी के गौतम आदि सहित ग्यारह गणधर थे। जिनके नाम इस प्रकार हैं—
१. इन्द्रभूति (गौतम) २. अग्निभूति ३. वायुभूति ४. शुचिदत्त ५. सुधर्म ६. मांडव्य ७. मौर्यपुत्र ८. अकंपन ९. अचल १०. मेदार्य ११. प्रभास।

श्री चौंषठ ऋद्धि विधान

मंगलाचरण

स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः –४
मंगलमय मंगल के कर्त्ता, नग्न दिगम्बर संत रहे।
जीव हितैषी निर्ग्रन्थों से, जिनशासन जयवंत रहे॥
जिनके रूप सदा मंगलमय, विघ्न अमंगल हरते हैं।
ऐसे ऋषियों साधुगणों को, हम तो नमोऽस्तु करते हैं॥१॥
स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः –४
विश्वशान्ति से आत्मशान्ति को, भोग विषय सुख जो छोड़े।
और कहें क्या अपने तन से, ममता–मूर्च्छा को तोड़े॥
'सर्वे भवन्तु सुखिनः' वाली, श्रेष्ठ भावना अपनायी।
इसी साधना के प्रभाव से, अपनी आतम झलकायी॥२॥
स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः –४
स्वार्थ त्याग की यही साधना, ऋद्धि–सिद्धि विद्याएँ दे।
चमत्कार फिर अतिशय होते, निज की शुद्ध कलाएँ दे॥
ऐसे परम महाऋषियों से, धरा धर्म का रथ चलता।
इनकी महा कृपा को पाकर, भक्त जनों का पथ मिलता॥३॥
स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः –४
औषध मंत्र रसायन सेवा, ऋषियों से ही प्राप्त हुए।
रोग कठिन से कठिन इन्हीं की, करुणा पाए समाप्त हुए॥
कार्य कठिन से कठिन इन्हीं की दृष्टि से आसान हुए।
'सुव्रत' जग के भोग कहें क्या, चेतन तक के ज्ञान हुए॥४॥
स्वस्ति क्रियासु परमर्षयो नः –४
तेरा मंगल मेरा मंगल, सबका मंगल होवे।
सुखिया होवे सारी दुनियाँ, कोई दुखी न होवे॥
कण–कण मंगल क्षण–क्षण मंगल, जन–जन मंगल होवे।
ऋषि मुनियों को करके नमोऽस्तु, जग का मंगल होवे॥५॥

(पुष्पांजलिं...)

श्री चौंषठ ऋद्धि पूजन

स्थापना (दोहा)

भोग विषय सब त्याग कर, तप करते मुनिराज।
चौंषठ-चौंषठ ऋद्धियाँ, प्रकटाते ऋषिराज॥

(ज्ञानोदय)

इस संसार शरीर भोग के, जालों में सब उलझ रहे।
इन्हें त्याग जो करें तपस्या, वे ऋषिवर ही सुलझ रहे॥
चौंषठ-चौंषठ पूज ऋद्धियाँ, जिन में निज को हम खोजें।
आत्म प्रदेशों को गुंजित कर, करके नमोऽस्तु पद पूजें॥

(दोहा)

ऋद्धि-ऋद्धिधर पूज ने, करते नमोऽस्तु आज।
हे प्रभु! हम पर कर दया, करें हृदय पर राज॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनीन्द्र अत्र अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

सभी रसों का राजा जल है, जल बिन जीवन टिक न सके।
जल बिन कैसे पूजा होगी, जल बिन चेतन मिल न सके॥
सो प्रासुक जल रस लेकर हम, चेतन रस को खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं...।

जिनशासन की ऋद्धि देखकर, चमत्कार जग के भागें।
ऋद्धीश्वर की चरण धूल ले, अपने भाग्य कमल जागें।
चंदन जैसी शीतल चेतन, हम भी अपनी खोज रहे॥
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यः संसारताप विनाशनाय चंदनं...।

रंग बिरंगे दुनियाँ वाले, आकर्षण को क्यों चाहें।
ऋद्धि धारियों की अर्चा से, मिलती शाश्वत सुख राहें॥
अपने घर में ऋद्धि-सिद्धि हो, अक्षय छाया खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान्...।

बाग बिना ना पुष्प खिलेंगे, पुष्प बिना क्या गंध मिले।
गंध बिना आनन्द न मिलता, तो क्या परमानन्द मिले॥
भाव भक्ति के पुष्प खिलाकर, आत्मपुष्प हम खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्य: कामबाण विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

स्वादु जनों का स्वाद छोड़कर, साधु तपस्याएँ करते।
इसी साधना से दुनियाँ की, सभी समस्याएँ हरते॥
फिर भी जिन रस कभी न छोड़ें, वही स्वाद हम खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्य: क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं...।

ऋषियों बिन फैला अंतरतम, सोचो! किसका दूर हुआ।
दीप आरती उनकी करने, अत: हृदय मजबूर हुआ॥
चेतनगृह को रोशन करने, ज्ञान दीप हम खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं...।

तपोधनों ने दौड़-धूप कर, दीप धूप को बचा रखा।
कर्मों के खेलों पर जयकर, चेतन घट को सजा रखा॥
बुद्धि भ्रष्ट हो नहीं हमारी, संत-मंत्र हम खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं...।

कर्म रहित श्री सिद्ध अवस्था, त्याग तपस्या के फल हैं।
व्रत संयम बिन मोक्ष न मिलता, मिलते नरकों के बिल हैं॥
कर्मों के दुख विपाक हरके, महामोक्ष फल खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

नग्न दिगम्बर ऋषियों के बिन, रत्नत्रय-जिनशासन क्या।
जिनशासन बिन शुद्धातम सुख, किसके पाया कहो सखा॥
अत: सभी दरबार छोड़कर, अनर्घ तीरथ खोज रहे।
चौंषठ ऋद्धि ऋषिराजों को, करके नमोऽस्तु पूज रहे॥

ॐ ह्रीं श्री चतु:षष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

अर्घ्यावली

(विष्णु) (बुद्धि-ऋद्धि के १८ भेद)

बुद्धिऋद्धि के भेद अठारह, अवधिज्ञान पहला।
रूपी पुद्गल महास्कंध तक, जाने जो उजला॥
तीनों अवधिज्ञान पूजकर, आत्म चखें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नम: स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अवधि-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१॥

ढाईद्वीप में मूर्त-द्रव्य जो, जीवों के मन में।
ज्ञान मन:पर्यय वह जाने, रमता चेतन में॥
दोनों तरह **मन:पर्यय** भज, मोक्ष मिले आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नम: स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मन:पर्यय-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२॥

घाति हरण कर बने केवली, अद्भुत ज्ञान गहे।
सभी द्रव्य-गुण-पर्यायों को, युगपत जान रहे॥

स्व-पर प्रकाशी **केवलज्ञानी**, अर्हत् हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री केवल-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३॥

कोष्ठों में ज्यों मिले धान्य हों, ऐसे द्रव्य मिले।
तो भी अलग-अलग जो जाने, निज सुख को मचले॥
कोष्ठबुद्धि को आत्म शुद्धि को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री कोष्ठ-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४॥

एक बीज से बढ़े फसल ज्यों, एक शब्द से ज्ञान।
संत तपस्या कर हों ज्ञानी, पा लेते निर्वाण॥
बीजबुद्धि की महाऋद्धि से, मुक्ति मिले आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री बीज-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५॥

गुरु से मात्र एक पद पढ़कर, श्रुत समझें पूरा।
पदानुसारिणी-बुद्धिऋद्धि वह, धारें मुनि शूरा॥
सभी भेद इसके भज पाएँ, भेद ज्ञान आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पदानुसारिणी-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६॥

नर पशुओं के मिश्र वचन सुन, अलग-अलग बोलें।
संभिन्नस्त्रोतृ-बुद्धिऋद्धिधर, ज्ञान चक्षु खोलें॥
जड़ चेतन का बन्ध मिटाने, हम पूजें आहा॥
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री संभिन्नस्त्रोतृ-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥७॥

पर-उपदेश बिना अपने से, होकर वैरागी।
करें तपस्या तो हो जाती, मुक्तिवधू रागी॥

यह **प्रत्येक-बुद्धि**ऋद्धि भज, ध्यानी हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्रत्येक-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥८॥

बन के नगन दिगम्बर मुनि जो, करें तपस्याएँ।
सुरगुरु परमत सब पर जय कर, हरें समस्याएँ॥
तत्त्वज्ञान **वादित्व-ऋद्धि** से, हम पाएँ आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वादित्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥९॥

दसपूर्वों को ध्याकर तपसी, अन्तर्मुखी हुए।
तो विद्याएँ दिव्य शक्तियाँ, आकर पाँव छुए॥
जिन विद्या से निज विद्या को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दशपूर्वित्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१०॥

चौदहपूर्वों के ज्ञानी हो, तजें मान ज्वाला।
तभी मुक्ति नत नयना होकर, कर ले वरमाला।
चौदह राजू उच्च पहुँचने, हम पूजें आहा॥
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री चौदहपूर्वित्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥११॥

अंग भौम आदिक ज्योतिष के, आठ निमित्तों से।
भविष्य में क्या होने वाला, कहते शब्दों से॥
यह **अष्टांगनिमित्त** हम पूजें, उज्ज्वल हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अष्टांगनिमित्त-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१२॥

नव योजन सीमा के बाहर, स्पर्शन करना
फिर भी निज का स्पर्शन कर, आतम में रमना।

दूरस्पर्शत्व-ऋद्धि भजें हम, छुएँ मुक्ति आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दूरस्पर्श-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१३॥

नव योजन की मर्यादा से, बाहर रस चख लें।
शुद्धातम में लीन हुए तो, आतमरस चख लें॥
दूरास्वादन-ऋद्धि भजें हम, मिले स्वरस आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दूरस्वादित्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१४॥

नव योजन की सीमा से भी, बाह्य सूँघ लेते।
निज आतम के पुष्प खिला के, मोक्ष घूम लेते॥
भजें **दूरघ्राणत्व**-ऋद्धि हम, लें स्वगंध आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दूरघ्राणत्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१५॥

सैंतालीस हजार और दो-, सौ त्रेसठ के योजन।
इससे दूर दृश्य के दृष्टा, कर लें निजशोधन॥
ऋद्धि **दूरदर्शित्व** भजें हम, दर्शन हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दूरदर्शित्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१६॥

बारह योजन के बाहर भी, सुनने की क्षमता।
दूरश्रवण की ऋद्धि प्राप्त कर, निज की उद्यमता॥
हम भक्तों की अर्जी सुनकर, तारो तो आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दूरश्रवणत्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१७॥

बिना पढ़े ही सकल जिनागम, जो ऋषि खुद समझें।
कर्मों के सिद्धांत समझ के, जग में ना उलझें॥

ऋषिवर **प्रज्ञाश्रमण** हमें भी, प्रज्ञा दें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्रज्ञाश्रमणत्व-बुद्धिऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१८॥

(चारण-ऋद्धि के ९ भेद)

नव प्रकार चारण-ऋद्धि में, जलचारण पहले।
जल जीवों को कष्ट दिए बिन, जल पर संत चले॥
जलचारण की ऋद्धि पूजकर, प्यास मिटे आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री जल-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥१९॥

जंघा बल से धरती तल से, चउ अंगुल ऊँचे।
चाहें तो योजन बहु योजन, क्षण भर में पहुँचे॥
जंघाचारण-ऋद्धि पूजकर, उन्नति हो आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री जंघा-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२०॥

नभ में चले किसी आसन से, जिन आज्ञा पालें।
भक्तों का कल्याण करें ऋषि, निज आतम ध्या लें॥
ऋद्धि **नभश्चारण** को भजकर, सिद्धासन आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री नभः-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२१॥

मकड़ी के जालों पर चलना, बिन बाधाओं के।
तन्तु न टूटे जन्तु न रूठे, मुनि ऋषिराजों से॥
ऋद्धि **तन्तु-चारण** भजकर के, जन्तु सुखी आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री तन्तु-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२२॥

पुष्पों पर ऋषि कभी ना चलते, किन्तु अगर चलते।
तो जीवों को दुख ना होता, कभी न मर सकते।
ऋद्धि **पुष्पचारण** को भजकर, पुष्प खिले आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पुष्प-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२३॥

पत्रों पर ऋषियों को चलना, इष्ट नहीं होता।
अगर चले तो उन जीवों को, कष्ट नहीं होता॥
यही **पत्रचारण** को भजकर, मित्र बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पत्र-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२४॥

बीजों पर चलकर जीवों को, अगर न कष्ट हुए।
ऋद्धि **बीजचारण** यह भज के, सुखिया भक्त हुए॥
मोक्षबीज पाने हम पूजें, बीज फले आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री बीज-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२५॥

श्रेणी पर चल श्रेणी माड़ें, किन्तु न जीव मरें।
श्रेणीचारण-ऋद्धि यही भज, आतम भी निखरें॥
हम भी ऋषियों की श्रेणी में, आ जाएँ आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री श्रेणी-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२६॥

अग्निशिखा पर चलने पर भी, मरे नहीं प्राणी।
फिर भी ध्यान अग्नि से ऋषिवर, बनते कल्याणी॥
ऋद्धि **अग्निचारण** को भजकर, कर्म जलें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अग्नि-चारणऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२७॥

(विक्रिया-ऋद्धि के ११ भेद)

ग्यारह विध की विक्रिया ऋद्धि, अणिमा है पहली।
परमाणु सी काया जिनकी, छिद्रों से निकली॥
अणिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, सूक्ष्म बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अणिमा-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२८॥

महादेह मेरु जैसी कर, जग के कष्ट हरें।
विष्णुकुमार सरीखे ऋषिवर, महिमा रूप धरें।
महिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, महा बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री महिमा-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥२९॥

करें पवन सा हल्का तन फिर, हल्का करते मन।
आतम हल्का करके पायें, सुख का मोक्ष भवन॥
लघिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, लघु होवें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री लघिमा-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३०॥

मेरु से भी भारी अपनी, काया को करना।
ऐसी गरिमा पाकर हमको, आत्म मुक्त करना॥
गरिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, गुणी बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री गरिमा-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३१॥

भू पर रहकर सूरज चंदा, जो ऋषिवर छू लें।
आत्म गुणों में घुलें मिलें तो, मुक्ति चरण छू लें॥
प्राप्ति-ऋद्धि को करके नमोऽस्तु, भव समाप्ति आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्राप्ति-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३२॥

जल में थल सम थल में जल सम, जो ऋषि खेल सकें।
तरह-तरह की देह बना कर, भव की जेल तजें॥
भजें यही **प्राकाम्य**-ऋद्धि हम, देह तजें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्राकाम्य-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३३॥

महातपस्वी महामनस्वी, सब जग को जीते।
निर्मोही सबका मन मोहें, निज रस को पीते॥
हम **ईशत्व**-ऋद्धि को पूजें, ईश बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री ईशत्व-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३४॥

तप का ऐसा प्रभाव हो कि, सब जग वश में हो।
पर ऋषिवर निज वश होते सो, ना पर वश में हो॥
वशित्व-ऋद्धि को भजकर हम भी, निज वश हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वशित्व-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३५॥

पर्वत चट्टानें भी जिनको, रोक नहीं पाते।
बिना खेद के बिना छेद के, संत पार जाते।
पूजें **अप्रतिघात**-ऋद्धि हम, निर्बाधा आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अप्रतिघात-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३६॥

दीक्षा लेकर तप करके जो, हो जाते अदृश्य।
आतम के जो दृश्य देखकर, उज्ज्वल करें भविष्य॥
अंतर्धान-ऋद्धि हम भजकर, शिष्य बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अंतर्धान-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३७॥

तप के प्रभाव से मनवांछित, तन का रूप करें।
कामरूपिणी इस विद्या से, दुख का कूप हरें॥
इसको हम भी करके नमोऽस्तु, काम तजें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री कामरूपित्व-विक्रियाऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३८॥

(तप-ऋद्धि के ७ भेद)

तपो ऋद्धि के सात भेद में, प्रथम उग्र तप हों।
दीक्षा से समाधि तक बहुविध, जिसमें अनशन हों॥
उग्र भाव तज **उग्र**-ऋद्धि भज, मिले शान्ति आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री उग्र-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥३९॥

तरह-तरह उपवास करें पर, दुर्बल ना होते।
किन्तु देह दिन प्रतिदिन चमकें, पाप तिमिर खोते॥
ऋद्धि **दीप्ततप** भज हम पाएँ, आत्म ज्योति आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दीप्त-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४०॥

तप से भोजन यों सूखे ज्यों, तप्त लौह पर जल।
अतः नहीं मल मूत्र हुए सो, पाएँ मोक्षमहल॥
ऋद्धि **तप्ततप** हम भी पूजें, शीतल हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री तप्त-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४१॥

महा-महा उपवास करें जो, सिंहनिष्क्रीडन से।
फिर भी त्रस नाली के ज्ञाता, मिलते चेतन से॥
यही **महातप**-ऋद्धि भजें हम, मिले शान्ति आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री महा-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४२॥

रोग व्यथा हो तन में फिर भी, घोर तपा करसी।
विश्वशान्ति करने को जिनकी, खूब कृपा बरसी॥
भजें **घोरतप**-ऋद्धि भक्त हम, हों निरोग आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं घोर-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४३॥

सिन्धु सुखा दें लोक पलट दें, तप बल के द्वारा।
किन्तु अहिंसक करें न यों सो, जग पूजे सारा॥
घोरपराक्रम-ऋद्धि भजें हम, ऊर्ध्व वसें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री घोरपराक्रम-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४४॥

दुनियाँ की नारी त्यागें पर, मुक्तिवधू रागी।
डिगा न सकते जगत प्रलोभन, जय हो! वैरागी।
अघोरब्रह्मचर्य हम पूजें, मंगल हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अघोरब्रह्मचारित्व-तपऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४५॥

(बल-ऋद्धि के ३ भेद)

बल ऋद्धि के तीन भेद में, प्रथम मनोबल लें।
जिससे ऋषि बस एक घड़ी में, जिनश्रुत को मथ लें॥
ऋद्धि **मनोबल** भजकर हम हों, विजित मना आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मन-बलऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४६॥

द्वादशांग को एक घड़ी में, जो पूरा पढ़ लें।
महातपस्वी इन ऋषियों के, चलो पैर पड़ लें॥
ऋद्धि **वचनबल** भज कर होते, वचन सिद्ध आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वचन-बलऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४७॥

तप के प्रभाव से उँगली पर, लोक जमा लेवें।
कायोत्सर्ग वर्ष भर करके, मुक्ति रिझा लेवें॥
ऋद्धि **कायबल** भजकर हम भी, हों विदेह आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री काय-बलऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४८॥

(औषध-ऋद्धि के ८ भेद)

आठ भेद औषध ऋद्धि के, है आमर्ष प्रथम।
जिनका तन छू छूमंतर हों, रोग व्याधियाँ गम॥
आमर्ष-औषध को भजकर के, निज छू लें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री आमर्ष-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥४९॥

खेल्ल-औषधी ऋद्धिधर के, लार-नाक मल को।
इत्यादि छू पवन चले तो, हरे रोग दुख को॥
ऐसी ऋद्धि पूज-पूज हम, मल हर लें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री खेल्ल-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५०॥

ऋषि के तन के बाह्य मैल जो, तप से औषध हों।
जिनको छूकर टलें व्याधियाँ, सुख से प्रोषध हों॥
जल्ल-औषधी भजकर तैरें, भव जल हम आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री जल्ल-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५१॥

दाँत कान आदिक मल तप से, औषध निश्चित हों।
इनको छूकर भक्त जनों के, कार्य सुनिश्चित हों॥
मल्ल-औषधी भज हम जीतें, मोह मल्ल आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मल्ल-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५२॥

ऋषि के मल मूत्रादिक तप से, दवा हुए आहा।
जिसको छूकर पवन चले तो, रोग करें स्वाहा॥
विप्रुष-औषध-ऋद्धि भजें हम, निर्मल हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री विप्रुष-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५३॥

तपसी की सम्पूर्ण देह यह, जब औषध होती।
जिसको छू के पवन चले तो, रोग व्यथा खोती॥
सर्व-औषधी-ऋद्धि पूज हम, सर्व सुखी आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सर्व-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५४॥

तप से जिनकी वाणी अमृत, जैसी हो जाती।
जहर उतर जाते जिसको सुन, निज को चमकाती॥
मुखनिर्विष यह ऋद्धि पूजकर, जहर नसे आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मुखनिर्विष-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५५॥

तप के कारण जिनकी नजरें अमृत हो जाएँ।
जहाँ पड़ें नजरें तो विष खुद, निर्विष हो जाएँ॥
दृष्टिनिर्विष-ऋद्धि भजें हम, निर्विकार आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दृष्टिनिर्विष-औषधऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५६॥

(रस-ऋद्धि के ६ भेद)

रस ऋद्धि के छह भेदों में, आशीर्विष पहला।
मर जा कहने पर मर जाएँ, कहें न, करें भला॥
आशीर्विष को करके नमोऽस्तु, भला करें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री आशीर्विष-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५७॥

कोप दृष्टि जिन पर कर देते, वो तत्काल मरें।
परम दयालु करें ना यों सो, हम त्रय काल भजें॥
दृष्टिर्विष गुरु हरें समस्या, सुख देवें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दृष्टिर्विष-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५८॥

अरस भोज्य कर-पात्रों में आ, तप से सरस हुए।
भोजन त्याग भजन करते ऋषि, सो हम चरण छुए॥
क्षीरस्त्रावि-रसऋद्धि पूजकर, क्षीरामृत आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री क्षीरस्त्रावि-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥५९॥

कटुक भोज्य भी पाणि पात्र में, तप से मधुर हुए।
भोजन रस के त्यागी ऋषिवर, आतम रसिक हुए॥
मधुस्त्रावी-रसऋद्धि पूजकर, निजरस हों आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मधुस्त्रावि-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६०॥

सरस अरस सब भोज्य करों में, अमृत स्वाद झरे।
तप से ऋषि यह गुण पाएँ पर, निज रस चाह रहे॥
अमृतस्त्रावि-ऋद्धि पूज कर, ज्ञानमृत आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अमृतस्त्रावि-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६१॥

रूखा सूखा कटुक भोज्य भी, घृत सम हो तप से।
भोज्य रसों के त्यागी ऋषि को, हम खोजें कब से॥
सर्पिस्त्रावि-ऋद्धि पूज हम, पुष्ट बनें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सर्पिस्त्रावि-रसऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६२॥

(अक्षीण-ऋद्धि के २ भेद)

दो विध की अक्षीण ऋद्धि में, पहला यह कहता।
मुनि चौके में चक्रि सैन्य को, भोज्य न कम पड़ता॥
यह **अक्षीणमहानस**-ऋद्धि, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अक्षीण-महानस ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६३॥

मुनि आसन पर चक्रि सैन्य, भी यदि चाहे रुकना।
तब तो सुख से सब रुक जाएँ, हम चाहें झुकना॥
यह **अक्षीणमहालय**-ऋद्धि, हम ध्याएँ आहा।
ओम् ह्रीं ऋद्धिधारी ऋषिवर, नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अक्षीण-महालय ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...॥६४॥

पूर्णार्घ्य (शंभु)

हैं चमत्कार को नमस्कार, जिनको अपना माना करते।
यह राग-आग है अपनों की, इनसे हम दुख पाया करते॥
फिर भी यह राग न छूट सका, सो चौषठ ऋद्धि मंत्र भजें।
हम करके नमोऽस्तु ऋषियों को, बस मुक्तिवधू के कंत बनें॥

ॐ ह्रीं श्री चतुःषष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये पूर्णार्घ्यं...।

पंचम कालिक गुरु मुनि अर्घ्य

(ज्ञानोदय)

महावीर के मुक्ति गमन के, पीछे बासठ सालों में।
गौतम-सुधर्म-जम्बू स्वामी, हुए पाँचवे कालों में॥
द्रव्य-भाव-नोकर्म नशाने, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं वीरशासने द्विषष्टिवर्षमध्ये गौतम-सुधर्म-जम्बूस्वामि त्रय-केवलिभ्यो अर्घ्यं...।

तीन केवली प्रभु के पीछे, सौ वर्षों के शासन में।
विष्णु-नंदिमित्र-अपराजित-गोवर्धन जिनशासन में॥
भद्रबाहु सब श्रुत धारी को, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं त्रय केवली-उपरान्ते शतवर्षमध्ये विष्णु-नंदिमित्र-अपराजित-गोवर्धन-भद्रबाहु पंचश्रुत केवलिभ्यो अर्घ्यं...।

पाँच-पाँच श्रुत हुए केवली, फिर ग्यारह दस पूर्व धरा।
वर्ष एक सौ तेरासी में, विशाख आदिक मुनीश्वरा॥
हैं धरसेन अंत में उनको, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पंचश्रुतकेवलि-उपरान्ते विशाख-प्रौष्ठिल-क्षत्रिय-जय-नागसेन-सिद्धार्थ-वृतसेन-विजय-बुद्धिलिंग-अंगदेव-धरसेनादि एकादश दश-पूर्वधारक श्रुतकेवलिभ्यो अर्घ्यं...।

वर्ष एक सौ तेईस में फिर, ग्यारह अंगों के धारी।
नक्षत्रादिक पाँच हुए गुरु, जिनशासन के अधिकारी॥
आचार्यों की करके पूजा, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं एकादश-दशपूर्वधारक-उपरान्ते शताधिक त्रयोविंशतिवर्ष मध्ये-नक्षत्र-जयपाल-पांडव-ध्रुवसेन-कंसादिक एकादशांग श्रुतधारक पंच ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...।

पुनः तीन कम सौ वर्षों में, सुभद्र-यशोभद्र स्वामी।
भद्रबाहु-लौहार्य चार गुरु, हुए आचारांग ज्ञानी॥
संयम और संयमी पूजें, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं एकादशांग श्रुतधारक-उपरान्ते त्र्यूनशत वर्ष मध्ये-सुभद्र-यशोभद्र-यशोबाहु (भद्रबाहु)-लौहार्यादि आचारांगधारक चतुः ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...।

वर्ष एक सौ अष्टादश में, श्रुत के एकदेश ज्ञानी।
ऐलाचार्य माघनन्दी गुरु, धरसेन पुष्पदन्त स्वामी॥
हुए भूतबलि सूरि भजें नित, करें नमोऽस्तु हम आहा।
णमो लोए सव्वसाहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं आचारांगधारक उपरान्ते शताधिक-अष्टादश वर्ष मध्ये ऐलाचार्य-माघनन्दी-धरसने-पुष्पदंत-भूतबलि आदि एकादशांगधारक ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...।

इस विध कुल छह सौ तेरासी, वर्षों में जो संत हुए।
क्रमशः क्रमशः हीन धरे श्रुत, उसके जो उपरान्त हुए॥
कुन्दकुन्द गुरु उमास्वामि फिर, समन्तभद्र शिवकोटि हुए।
पुनः शिवायम पूज्यपाद मुनि, ऐलाचार्य अमृतचन्द्र हुए॥१॥
वीरसेन जिनसेन नेमिचन्द्र, रामसेन जयसेन हुए।
अकलंक स्वामी बौद्ध जितारी, विद्यानन्द मणिकनन्द हुए॥
प्रभाचन्द्र मुनि बासवचन्दा, गुणभद्र वीरनन्दि हुए।
मुनि आचार्य उपाध्यायों ने, सम्यग्ज्ञानी छन्द छुये॥२॥
फिर ईशा की सदी बीसवीं, वीर निर्वाणी पच्चीसों।
शान्तिसागराचार्य हुए फिर, हुए वीर गुरु भक्ति सों॥
शिवसागर आचार्य हुए फिर, हुए ज्ञानसागर गुरुवर।
ज्ञानी ध्यानी विद्वानी ने, प्रभावना की जीवन भर॥३॥
और अन्त में वृद्धदशा में, अद्वितीय मुनि दीक्षा दी।
विद्याधर से विद्यासागर, शिष्य बना श्रुत शिक्षा दी॥

फिर आचार्य बनाकर जिनको, समाधि तक के ज्ञान दिए।
वर्तमान के वर्धमान सम, हम सबको भगवान दिए॥४॥
वर्तमान शासन में जितने, पुलाक वकुश निर्ग्रन्थ हुए।
कुशील स्नातक पाँच तरह के, नग्न दिगम्बर संत हुए॥
इन सबको हम साथ-साथ में, अलग-अलग पूजें आहा।
णमो लोए सव्व साहूणं जप, बोलें नमो नमः स्वाहा॥५॥

(दोहा)

ग्रन्थ रहित हमको करें, हे गुरुवर निर्ग्रन्थ।
हम भी शिवपंथी बनें, दिखला दो वह पंथ॥

ॐ ह्रीं एकादशांगधारक-उपरान्ते कुन्दकुन्द-विद्यासागरादि सर्वनिर्ग्रंथ ऋषि-मुनिभ्यो अर्घ्यं...।

समुच्चय पूर्णार्घ्य

(शंभु)

मुनिराज बिना जिनशासन की, जिनधर्म धार तो बह न सके।
सो जैन दिगम्बर अनुयायी तो, मुनियों के बिन रह न सके॥
ऋषिराजों की इस पूजा का, हम फल चाहें मुनि धर्म मिले।
हों नग्न दिगम्बर पिछी कमण्डल, लेकर आतम धर्म मिले॥

(दोहा)

जिनशासन की शरण में, ऋषि मुनियों को पूज।
'सुव्रत' चाहे मोक्ष तक, गूँजे नमोऽस्तु गूँज॥

ॐ ह्रीं त्रिकाल संबंधिनः सर्व ऋषि-मुनिभ्यो समुच्चय पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री चतुःषष्टि ऋद्धिधारी ऋषि-मुनिभ्यो नमो नमः।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

हृदय वसें ऋषिराज तो, खुले ज्ञान के नेत्र।
सो कहके जयमालिका, मिले मोक्ष का क्षेत्र॥

(चौपाई)

जय-जय-जय ऋषि संत महंता, जिन से जिनशासन जयवंता।
तारण-तरण जहाज सहारे, ऐसे हैं ऋषिराज हमारे॥१॥
आओ! इनकी कथा वाँच लें, छाया में हम आज नाँच लें।
इन जैसी पाएँ निज वस्तु, आओ! मिलकर करें नमोऽस्तु॥२॥
जब कोई संसारी प्राणी, रखे भावना निज कल्याणी।
सच्चे देव-शास्त्र-गुरु पूजे, साँचा सम्यग्दर्शन खोजे॥३॥
फिर संसार सुखों से डरकर, जीवन जिये विरागी बनकर।
रत्नत्रय के भाव बनाए, गुरु पद में दीक्षा अपनाये॥४॥
करें तपस्याएँ तूफानी, बनकर साँचे ज्ञानी ध्यानी।
तभी ऋद्धियाँ पैर पखारें, सभी सिद्धियाँ राह निहारें॥५॥
लेकिन ऋषिवर निज में रमते, अतः भक्त चरणों में नमते॥
ऋषिराजों की करुणा पाके, दुनियाँ खुश है पर्व मना के॥६॥
ऋषियों का कण-कण है पावन, रत्नत्रय का रिमझिम सावन।
इसमें जो भी भक्त नहाएँ, रोग शोक दुख दर्द नशाएँ॥७॥
और कहें क्या इनकी महिमा, झलकाते शुद्धातम गरिमा।
मुक्तिवधू फिर नतनयना हो, करे मोक्ष में वरमाला हो ।८॥
यही स्वयंवर हम भी देखें, सो ऋषियों को माथा टेकें॥
'सुव्रत' को ऐसा वर देना, योग्य स्वयंवर के कर देना॥९॥

(सोरठा)

ऋद्धि-सिद्धि साम्राज्य, होते हैं गुणगान से।
भक्त भजें ऋषिराज, करके नमोऽस्तु ध्यान से॥

ॐ ह्रीं त्रिकाल संबंधिनः सर्व ऋषि-मुनिभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये समुच्चयजयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

ऋद्धिधारी मुनिवर करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, ऋद्धीश्वर मुनिराय॥

(पुष्पांजलिं...)

आरती

ओम् जय चौंषठ ऋद्धि, स्वामी जय चौंषठ ऋद्धि।
हम सब करके आरती-२, चाह रहे सिद्धि॥ ओम् जय...
१. चौंषठ-चौंषठ ऋद्धि, ऋषि जिनके स्वामी। स्वामी ऋषि...
करके तपस्या पाएँ-२, मुक्तिवधू रानी॥ ओम् जय...
२. ऋद्धि और ऋषिवर, साथ-साथ ऐसे। स्वामी साथ...
जैसे गुण गुणी होते-२, दूर रहें कैसे॥ ओम् जय...
३. ऋषि बिन धर्म न टिकता, पाप ना हो रित्ता। स्वामी पाप...
कौन शास्त्र को लिखता-२, मोक्ष नहीं दिखता॥ ओम् जय...
४. रोग शोक दुख संकट, कर्म हरें संता। स्वामी कर्म...
पाप श्राप विधि हरके-२, करते भगवंता॥ ओम् जय...
५. हम जग से घबराके, ऋद्धि पूज रहे। स्वामी ऋद्धि...
'सुव्रत' ऋषि को पाके-२, सिद्धि खोज रहे॥ ओम् जय...

===

विद्यागुरु बुंदेली विधान

स्थापना (ज्ञानोदय)

मोरे गुरुवर विद्यासागर, सब जन पूजत हैं तुमखों।
हम सोई पूजन खों आए, तारो गुरु झट्टईं हमखों॥
मोरे हिरदे आन विराजो, हाथ जोड कैं टेरत हैं।
और बाठ जइ हेर रये हम, हँस कैं गुरु कब हेरत हैं ॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट्...। (पुष्पांजलिं)

बाप मतारी दोइ जनौं नैं, बेर-बेर जनमों मोखों।
बालापन गव आइ जुवानी, आव बुढापौ फिर मोखों॥
नर्रा-नर्रा कैं हम मर गए, बात सुनैं नैं कोऊँ हमाई।
जीवौ मरबौ और बुढ़ापौ, मिटा देव मोरो दुखदाई॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं...।

मोरे भीतर आगी बर्रई, हम दिन रात बरत ओं में।
दुनियाँदारी की लपटों में, जूड़ापन नैं पाऔ मैं॥
मोय कबऊँ अपनौं नैं मारौ, कबऊँ पराये करत दुखी।
ऐंसी जा भव आग बुझादो, देव सबूरी करौ सुखी॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं...।

कबऊँ बना दव मोखों बड्डौ, आगैं-आगैं कर मारौ।
कबऊँ बना कैं मोखों नन्नौ, भौतइ मोय दबा डारौ॥
अब तौ मोरौ जी उकता गओ, चमक-धमक की दुनियाँ में।
अपने घाँई मोय बना लो, काय फिरा रये दुनियाँ में॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान्...।

कामदेव तौ तुमसैं हारौ, मोय कुलच्छी पिटवाबै।
सारौ जग तौ मोरे वश में, पर जौ मोखों हरवाबै॥

हाथ जोड़ कैं पाँव परै हम, गैल बता दो लड़बे की।
ये खौं जीतैं मार भगावैं, बह्मचर्य व्रत धरबे की॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पाणि...।

हम तौ भूखे नैं रै पावैं, लड्डुआ पेड़ा सब चाने।
लुचई ठडूला खीच औंरिया, तातौ वासौ सब खाने॥
इनसैं अब तौ भौत दुखी भये, देव मुक्ति इनसैं मोखों।
मोय पिला दो आतम-इमरत, नैवज से पूजत तोखों॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं...

दुनियाँ कौ जो अँधयारौ तौ, मिटा लेत है हर कोऊ।
मोह रऔ कजरारौ कारौ, मिटा सके नैं हर कोऊ॥
ज्ञान-जोत सैं ये करिया कौ, तुमने करिया मौं कर दऔ।
ऊँसई जोत जगा दो मोरी, दीया जौ सुपरत कर दऔ॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीपं...

खूबइ होरी हमने बारी, मोरी काया राख करी।
पथरा सी छाती बारे जै, करम बरैं नैं राख भयी॥
तुम तौ खूबइ करौ तपस्या, ओइ ताप सैं करम बरैं।
मोय सिखा दो ऐंसे लच्छन, तुम सौ हम भी ध्यान धरैं॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं...।

तुम तौ कौनऊँ फल नइँ खाउत, पीउत कौंनऊँ रस नँइयाँ।
फिर भी देखौ कैसे चमकत, तुम जैसो कौंनऊँ नँइयाँ॥
हम फल खाकैं ऊबै नइयाँ, फिर भी चाने शिवफल खौं।
ओई सैं तौ चढ़ा रये हम, तुम चरणों में इन फल खौं॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय मोक्षफल-प्राप्तये फलं...।

ऊँसईं-ऊँसईं अरघ चढ़ा कैं, मोरे दोनऊँ हाथ छिले।
ऊँसईं-ऊँसईं तीरथ करकैं, मोरे दोनऊँ पाँव छिले॥
नैं तो अनरघ हम बन पाए, नैं तीरथ सौ रूप बनौ।
येई सैं तौ तुमें पुकारें, दै दो आतम रूप घनौं॥

ॐ ह्रूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं...।

जयमाला

(दोहा)

विद्यागुरु सौ कोऊ नैं, जग में दूजौ नाँव।
सबइ जने पूजत जिनैं, और परत हैं पाँव॥
दर्शन पूजन दूर है, इनकौ नाँव महान।
बड़भागी पूजा करैं, और बनावैं काम॥

(ज्ञानोदय)

मल्लप्पा जू के तुम मौड़ा, श्रीमति मैया के लल्ला।
गाँव आपनौ तज कैं देखौ,करौ धरम कौ तुम हल्ला॥
दया धरम कौ डण्डा लै कैं, फैरा रय तुम तौ झण्डा।
ऐसै तुम हौ ज्ञानी ध्यानी, फोरत पापों कौ भण्डा॥१॥

एकईं बिरियाँ ठाडे हो कैं, खात लेत नैं हरयाई।
नौंन मसालौ माल मलीदा, कबउँ खाव नैं गुरयाई॥
जड़कारै में कबऊँ नैं ओढ़ौ, प्यांरौ चारौ और चिटाई।
जेठमास में गर्मी सैनें, पिऔ कबऊँ नैं ठण्डाई॥२॥

तुम बैरागी हौ निरमोही, सच्ची मुच्ची में भज्जा।
बन कैं जिनवाणी के लल्ला, पूजौ जिनवाणी मज्जा॥
सब जग के तुम गुरुवर बन गय, ये में का कैंसौ अचरज।
गुरु के संगै मात-पिता के, गुरु बन गय जौ है अचरज॥३॥

मोय तुमारी चर्या भा गई, तबइ करत अर्चा तोरी।
तीनईं बिरियाँ माला फेरत, रोज करत चर्चा तोरी॥
अर जौ मोरौ पगला मनवा, तुम खौं तज कैं नैं जावै।
कहूँ रमैं नैं जौ बंदरा सौ, उचक-उचक कैं इत आवै॥ ४॥
कबउँ-कबउँ जौ मोरइ बन कैं, खूबइ खूब नचत भैया।
सो सब हम खों कहें दिवानौ, और कैत का-का दैया॥
भौत बडे आसामी तुम तौ, तुम व्यापार करौ नगदी।
सौदा कौ नैं काम करौ तुम, नैं दुकान नैं है गद्‌दी॥५॥
जग जाहिर मुस्कान तुमारी, तुम सी कला कहूँ नईंयाँ।
नैं कोऊ खों हामी भरते, नाहीं कँबऊँ करत नईंयाँ॥
मूड़ उठा कैं हेरत नईंयाँ, और कैत देखौ- देखौ।
चिटिया जीव-जन्तु दिख जावै, पै भक्तों खों नैं देखौ॥६॥
महावीर कौ समोसरण तौ, राजगिरी पै खूब लगौ।
ऊँसइ बुन्देली में शोभै, संघ तुमारौ खूब बड़ौ॥
करी बड़ेबाबा की सेवा, सो बन गए छोटेबाबा।
काम करौ तुम बड़े - बड़े पै, काय कैत छोटे बाबा॥७॥
कबउँ-कबउँ तौ तुम बोलत हौ, आगम कौ तब ध्यान रखौ।
समयसार खों खूबइ घोकौ, आतम रस खौं खूब चखौ॥
नौंने-नौंने ग्रन्थ रचा दय, भौत बना दय तीरथ हैं।
दुखियों की करुणा खों सुनकैं हाथ दया कौ फेरत हैं॥८॥
ये की का का कथा कहें हम, कबउँ होय जा नैं पूरी।
भक्तों खों भगवान बना कैं, हरलई उनकी मजबूरी॥

इतनौ सब उपकार करत हौ, फिर भी कछू कैत नईंयाँ।
येई सें तौ जग जौ कैरव, तुम सौ कोऊ है नईंयाँ॥९॥

अब किरपा ऐसी कर दइयो, पाँव-छाँव में मोय रखौ।
अपने घाँई मोय बना लो, अपने से नैं दूर करौ॥
'सुव्रत' की जा अरज सुनीजै,और तनक सौ मुस्कादो।
भवसागर सैं मोरी नैया, झट्टई-झट्टई तिरवा दो॥१०॥

ॐ ह्वूं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

गुण गावैं पूजा करैं, करैं भगति दिन रैन।
बस इत्तइ किरपा करौ, मोय देव सुख चैन॥
तुम तौ बड़े उदार हो, और गुणी धनवान।
पूजा जयमाला करी, मैं मौड़ा नादान॥
विद्यागुरु खों कैत सब, बुन्देली के नाथ।
सो बुन्देली गीत गा, तुमें झुकारय माथ॥

(पुष्पांजलिं)

अर्घ्यावली

पंचाचार (ज्ञानोदय)

बालपने सें प्रभु दर्शन कौ, तुम पै रंग चढ़ौ ऐंसौ।
सम्यग्दर्शन पाकें गुरु सें, रूप बना लऔ प्रभु जैंसौ॥
तन्नक सौ तौ तकौ नांय खों, दर्शन दै दइऔ हमखों।
हे! दर्शन आचारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं दर्शनाचार-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१॥

ज्ञानगुरू नें कैसी घुट्टी, तुमें पिला दई ज्ञानइं की।
भोले भाले हम भक्तों में, जोत जगा दई ज्ञानइं की॥

अठ पहरी घी अष्टांगी सौ, ज्ञान देत रइऔ हमखों।
ज्ञानाचारी हे! विद्यागुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं ज्ञानाचार-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२॥

मोय लगत कै चंदा सूरज, तोये देखबे खों निकरें।
तेरा विध चारित्र देख कें, भाग्य हमौरों के निखरें॥
कंजूसी तन्नक सी तजकें, अपनौ धन दइऔ हमखों।
हे! चारित्राचारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं चारित्राचार-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३॥

सहौ अमरकण्टक में जाड़ौ, कुण्डलपुर में गर्मी खों।
हरयाइ गुरयाइ नौन मिठाई, भा नईं रइ इन धर्मी खों॥
मस्कइं मस्कइं तप के रसखों, लै कें दै दइऔ हमखों।
तपाचार के हे! भण्डारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं तपाचार-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥४॥

तुम तौ अपने दम सें जादा, करौ तपस्या तूफानी।
जबईं तुमारे इन चरनों में, भरें सुरासुर नर पानी॥
वीर्यशक्ति जब बांटौ तब तौ, बिसरा नें दइऔ हमखों।
वीर्याचारी हे! विद्या गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं वीर्याचार-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥५॥

<u>बारह तप</u>

ढूँढ तनक सी कहूँ कौनियाँ, खाबौ पीवौ सब तज कें।
उपवासों की लैन लगा दइ, आतम परमातम भज कें॥
फिर भी आलस करौ नें ये कौ, राज बता दइऔ हमखों।
हे! अनशन तपधारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं अनशनतपो-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥६॥

तन्नक–मन्नक एकइ बिरियाँ, रूखौ सूखौ सौ खाऔ।
फिर भी कबउँ करौ नें गुस्सा, कबउं पेट भर नें खाऔ॥
लें के तनक बांटवौ मुतकौ, जौइ सिखा दइऔ हमखों।
हे! ऊनोदरतपधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं अवमौदर्यतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥७॥

एकइँ बिरियाँ खात ओइ पै, बन्न–बन्न के लेत नियम।
निजी पुण्य की जाँच परख खों, आसक्ती खों त्यागौ तुम॥
खूबई करौ परीक्षा लेकिन, फैल नें कर दइऔ हमखों।
वृत्ति परिसंख्यान धरौ सौ, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं वृत्तिपरिसंख्यानतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥८॥

खट्टे मीठे खारे चिपरे, कड़वे आदि छै रस खों।
बखत–बखत पैं तजकें तुमतौ, लेत–रेत आतमरस खों॥
अपने जैसों सरस रसीलौ, जीवन दे दइऔ हमखों।
हे ! रसत्यागी विद्या गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं रसपरित्यागतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥९॥

कित्तउ लुकलौ छुपलौ फिर भी, बच नें सकौ तुम भक्तों सें।
सो क्षेत्रों पै जाकें बैठौ, तन्नक सोत करौटों सें॥
रहौ भीड़ में आप अकेले, दूर भगइऔ नें हमखों।
विविक्त शैयासन तप धारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं विविक्तशैय्यासनतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१०॥

जड़कारे में बिना चटाई, गर्मी में बिन हरयाई।
खड़गासन शीर्षासन करकैं, खुद में खोऔ सुखदाई॥

बन्न–बन्न सें तपा–तपा तन, निजसम चमकइऔ हमखों।
कायक्लेश तपधारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥
ॐ ह्रूं कायक्लेशतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥११॥
वैसें तो निर्दोष रहौ तुम, फिर भी दोष लगें कौनउं।
तौ खुद खौं, खुद के सिस्सौं खों, दै कें मौन रहौ मोनउं॥
निन्दा गर्हा आलोचन से, शुद्ध बनइऔ अब हमखों।
तुम तप प्रायश्चित्त धरौ सौ, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥
ॐ ह्रूं प्रायश्चित्ततपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१२॥
पूज्य जनों की चार बन्न की, झुक कें भौत विनय करते।
भक्तों की जब सुनौ नमोऽस्तु, दै आशीष प्रेम रखते॥
अब तौ खोलौ मोक्ष किवाड़े, तीर्थंकर घांईं हमखों।
विनय तपोगुण धारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥
ॐ ह्रूं विनयतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१३॥
आलस तज कें जैन धरम के, जब तुम समझौ शास्त्रों खों।
तब तौ नांय–मांय नें हेरौ, पढ़ौ पढ़ाऔ सिस्सों खों॥
तोखों पढ़वें बारी विद्या, सिस्स बना दइऔ हमखों।
हे ! स्वाध्याय तपो गुणधारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥
ॐ ह्रूं स्वाध्यायतपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१४॥
जो भी तोखों हेरै टेरै, ओकी खबर रखौ तुम तौ।
त्यागी व्रतियों के रखवारे, टेरें हेरें अब हम तौ॥
खबर हमारी भी लँय रइयौ, चरण शरण दइयौ हमखों।
वैयावृत्त तपोगुणधारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥
ॐ ह्रूं वैयावृत्ततपो–गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१५॥
बाप मतारी भाई बन्धु तज, दुनियाँदारी भी छोड़ी।

और कहें का तुमने अपनी, काया सें ममता मोड़ी॥
जब बारात मोक्ष लै जइऔ, संगै लै चलियौ हमखों।
हे ! व्युत्सर्ग तपो गुणधारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं व्युत्सर्गतपो-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१६॥

जग कौ सार दिगम्बर मुद्रा, तप कौ सार ध्यान धरते।
जब तुम ध्यान धरौ सौ साँचउं, सिद्धों के जैंसे लगते॥
जित्तौ ध्यान धरत हौ अपनों, उत्तई तारौ गुरु हमखौं।
ध्यान तपो गुणधारी गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं ध्यानतपो-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१७॥

दसलक्षण धर्म

चौका में मौका खों पाके, कौनउं कछू सुना देवै।
अथवा उल्टी सुल्टी कै कें, उपसर्गों सौ कर लेवै॥
फिर भी मुस्काऔं सो ऐंसे, लच्छन दै दइऔ हमखों।
उत्तम क्षमा धरमधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं उत्तमक्षमाधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१८॥

तुमसौ नें खबसूरत कौनउं, नें त्यागी ज्ञानी ध्यानी।
हीरे सें मजबूत तुमइं हौ, फिर भी हौ नंईयां मानी॥
चर्या में मुलाम मक्खन से, नरियल सौ करियौ हमखों।
उत्तम मार्दव धर्मधुरन्धर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं उत्तममार्दवधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥१९॥

माया ठगनी छल कपटों से, तुम तौ कोशों दूर रहौ।
एक नजर में टेड़े-टाड़े, छलियों खों भी ठीक करौ॥
सीधी सादी गैल तुमारी, तन्नक तौ तकियौ हमखों।
उत्तम आर्जव धर्मधुरन्धर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्वूं उत्तम-आर्जवधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२०॥

कैंसे हो तुम तौ निर्लोभी, जौ नें कोनउँ समझ सकै।
लोभ त्याग कें धरम रतन कौ, तुममें खूबई लोभ दिखै॥
कंजूसी अब तनक त्याग कें, धरम बाँट दइऔ हमखों।
उत्तम शौच धरमधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमशौचधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२१॥

झूठी मों से कबउँ नें निकरै, साँचउं-साँचउं तुम बोलौ।
सबके दिल पै राज करौ तुम, कानों में मिसरी घोलौ॥
बानी पै जिनबानी बैठी, जबइ खूब मोहौ हमखों।
उत्तम सत्य धर्मधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमसत्यधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२२॥

इन्द्री संयम प्राणी संयम, जब सें तुमनें ओढ़े हैं।
तब सें वौ तीरथ सौ बन गऔ, जितै जमा दय गोड़े हैं॥
सुनकैं अब तौ अरज हमारी, दीक्षा दे दइऔ हमखों।
उत्तम संयम धर्म धुरन्धर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमसंयमधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२३॥

रखौ नें इच्छा फिर भी सबकी, इच्छा पूरी करौ भली।
देख तुमारी कठन तपस्या, हल्ला हौ रऔ गली-गली॥
सफल साधना करौ हमारी, तनक निहारौ तौ हमखों।
उत्तम तपधारी हे ! गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमतपधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२४॥

मुठी भरौ तौ खाऔ पीऔ, बांटौ झोली भर-भर कें।
त्यागी तोरौ त्याग देख कें, मनवा नांचै सर धर कें॥
परिग्रह जैसौ हमें नें छोड़ौ, वैरागी करियौ हमखों।
उत्तम त्याग धर्मधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमत्यागधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२५॥

कित्तौ तौ उपकार करत हो, फिर भी अपनौ नें मानौ।
तन्नक-मन्नक राग रखौ नें, अपनौ बस आतम जानौ॥
अपने जैंसौ नगन दिगम्बर, झट्ट बना लइऔ हमखों।
हे ! आकिंचन धर्म धुरन्धर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तम-आकिंचनधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२६॥

तुमें देख कें ऐंसौ लागै, परम वीतरागी मिल गए।
जबइँ हजारौ भाई बैन खौं, ब्रह्मचर्य के पथ मिल गए॥
जल में कमल सरीखे तुम तौ, ब्रह्म रमण दइऔ हमखों।
ब्रह्मचर्य व्रत धर्म धुरन्धर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं उत्तमब्रह्मचर्यधर्मधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२७॥

षट्-आवश्यक

नें तौ सुख में सुखी होत तुम, नें दुख में तुम होत दुखी।
बहिर्मुखी कौ भाव त्याग जौ, बन गए अंतर मुखी-सुखी॥
देख तुमारी सामायिक खों, सिद्धशिला झलकै हमखों।
हे ! सामायिक कर्ता गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं सामायिक-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२८॥

कोउ एक तीर्थंकर प्रभु की, तीनइं बिरियाँ जाप करौ।
भक्ति भाव सें तन्मय होकें, करकें नमोऽस्तु पाप हरौ॥
भक्त और भगवान मिलन को, दृश्य दिखा दइऔ हमखों।
पूज्य वन्दना गुणधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं वन्दना-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥२९॥

तीनइं बिरियाँ बड़ौ स्वयंभू, करकें जब भगवान भजौ।
तबतौ ऐंसौ लगै हमें कै, चौबीसी कौ धाम सजौ॥
आदिनाथ सें महावीर के, दर्श करा दइऔ हमखों।
हे ! आवश्यक स्तुतिकर्ता, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं स्तवन-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३०॥

आंगे को अनुमान लगा कें, तुमतौ अपने काम करौ।
मस्कईं मस्कईं करौ साधना, तनक भौत आराम करौ॥
लगबै से पैलें दोषों कौ, त्याग सिखा दईयौ हमखों।
प्रत्याख्यान कर्म गुण धारी, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं प्रत्याख्यान-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३१॥

वैसें तौ हुशयार भौत हौ, फिर भी कौनउं दोष लगें।
तौ निन्दा आलोचन करकें, साँचे गुरु निर्दोष बनें॥
तुम सौ शुद्ध दिखै नै कौनउँ, शुद्ध बना दइऔ हमखों।
प्रतिक्रमण के कर्ता गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं प्रतिक्रमण-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३२॥

जित्ते सुन्दर उत्ते कोमल, फिर भी तन सें मोह नहीं।
छाले फोले आएँ तौ भी, मन में तन्नक क्षोभ नहीं॥
खड़गासन में बाहुबली से, शोभ रहे हौ गुरु हमखों।
कायोत्सर्ग ध्यानधारी गुरु, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं कायोत्सर्ग-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३३॥

<u>तीन गुप्तियाँ</u>

तुमरे मन की कोउ नें जानें, तुम सबके मन की जानौ।
अपने मन की कबउं करौ नें, अरज कोउ की नें मानौ॥
फिरभी मन की करा लेत तुम, मन की कै दइयौ हमखों।
मनोगुप्ति धारी हे ! गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं मनोगुप्ति-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३४॥

या तौ मौन रहौ तुम या फिर, बोलो तन्नक-मन्नक सौ।
वचनों खों ऐंसें बरसाऔ, जैंसें बरसै अमृत सौ॥
कित्तउ सुनलौ बचन आपके, होए नें संतुष्टि हमखों।
वचनगुप्ति धारी हे ! गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं वचनगुप्ति-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३५॥

देख तुमारी कोमल काया, सांचउं हमें लगै ऐंसौ।
चलते फिरते तीरथ हौ तुम, कौनउ नंइयां तुम जैंसौ॥
देख ध्यान मुद्रा खों तोरी, सिद्धालय झलकै हमखों।
कायगुप्ति धारी हे ! गुरुवर, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं कायगुप्ति-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अर्घ्यं...॥३६॥

पूर्णार्घ्य

एड़ी और चुटइया तक लौं, मूलगुणों सें तुम सोहौ।
मन्द-मन्द मुस्कान बाँट कें, बुन्देली खों तुम मोहौ॥
भाग्य तुमईं बुन्देलखण्ड के, तनकथाम लईओ हमखों।
तुमईं सरीखौ अनरघ बनबे, करें नमोऽस्तु हम तुमखों॥

ॐ ह्रूं षट्त्रिंश-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय पूर्णार्घ्यं...।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

विद्यागुरु की भक्ति में, धूप लगै नें ठण्ड।
जयमाला में रम रहौ, सांचउं बुन्देलखण्ड॥

(जोगीरासा)

दुनियाँ में सबसे न्यारी है, भारत भूम हमारी।
भारत में बुन्देलखण्ड की, का कैनें बलिहारी॥
जब लौं कौनउं समझ सकौ नें, ये की महिमा न्यारी।
तब लों माटी कूरा जैसी, लुटी-पिटी सी भारी॥१॥
लेकिन जा कैनात सुनें कें, घूरे के दिन फिरबें।
फिर जौ तौ बुन्देलखण्ड है, भाग्य काय नें चमकें॥
जितै कबउं मुनियों के दर्शन, मिलबौ बड़ौ कठिन थौ।
सुनौ इतईं तो चतुर्मास कौ, होवौ लगै सुपन सौ॥२॥

जाड़े में जब परै माइआ, कुकर-कुकर सब जाबें।
ज्वांर बाजरा कोदों खा कें, मौं करिया पर जाबें॥
गेहूँ मिलबौ बड़ौ कठिन थौ, फैली भूख गरीबी।
लगै दण्ड बुन्देलखण्ड जौ, दिखै नें कोउ करीबी॥३॥

महावीर सें अब लों जित्ते, मुनी अज्जका वीरा।
उनमें इक्के दुक्के भये हैं, बुन्देली के हीरा॥
लेकिन बुन्देली पै जबसें, पंइयां परे तुमारे।
साँची कै दउं ये माटी के, हो गए बारे-न्यारे॥४॥

भूख गरीबी सबरी मिट गई, कोउ दिखै नें दुखिया।
खण्ड-खण्ड बुन्देलखण्ड जौ, अखण्ड हो गऔ सुखिया॥
टलें फावडों से जड़ माया, चेतन धन का कईये।
बुन्देली में समौसरण कौ, देख नजारौ रइये॥५॥

बुन्देली के भाग्य विधाता, तुमें कैत जग सारौ।
भाग्य हमौरों कौ चमकइऔ, अब नें पल्ला झारौ॥
हम बुन्देली तुम बुन्देली, रिश्तौ गजब हमारौ।
सो बुन्देली चेला चेली, अर 'सुव्रत' खों तारौ॥६॥

ॐ ह्रूं षट्त्रिंश-गुणधारी आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्राय अनर्घपद-प्राप्तये समुच्चय जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

बुन्देली सें का बँधें, विद्यागुरु के गान।
फिर भी नमोऽस्तु हम करें, करबै खों कल्यान॥

(पुष्पांजलिं...)

===

बुंदेली आरती

(तर्ज : कैसे धरे मन धीरा रे-तीनों...)

गुरुवर की हो रई जय-जय रे, आरतिया उतारौ।
हाँ-हाँ रे! आरतिया उतारौ॥
मल्लप्पा श्रीमति के मौड़ा[२], ज्ञान गुरु से नाता जोड़ा[२]
शिष्य बनें गुरु स्वामी रे, गुरु-चरणा पखारौ,
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥
थाल सजाऔ दीप जलाऔ, मंगल-मंगल महिमा गाऔ॥
नाचौ, गाऔ, झूमौ रे, गुरु-मूरत निहारौ,
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥
चलते फिरते तीरथ गुरुजी, सब खौं भव से तारत गुरुजी॥
गुरु की शरणा पाऔ रे, गुरुवर खौं पुकारौ,
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥
नगन दिगम्बर चारितधारी, ज्ञानी ध्यानी पाप निवारी॥
जगत्-पूज्य परमेष्ठी रे; मोरी किस्मत सँवारो,
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥
गुरु दयालु करुणाधारी, अब तौ सुन लो विनय हमारी॥
मुस्का कैं 'सुव्रत' खौं तारो रे, भव दुख सै निकारौ,
हाँ-हाँ रे, आरतिया उतारौ॥

===

स्तुति खण्ड

स्वयंभू स्तोत्र (हिन्दी)

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! **वृषभनाथ** की, हुए प्रथम जो तीर्थंकर।
सागर तक वसुधा को तजकर, बने स्वयंभू क्षेमंकर॥
परम दयालु निर्दय बनकर, किए भस्म मोहादिक को।
निकट आपके आने हम भी, करें नमोऽस्तु चरणादिक को॥ १॥

जय हो! जय हो! **अजितनाथ** की, रिपु-विजयी मृत्युंजय की।
जिन-प्रभाव से बंधुवर्ग ने, शत्रु धरा निज-पर जय की॥
सार्थक नाम अमंगल हर्त्ता, भव्य कमल विकसित करते।
अपराजित! अपराजित बनने, तुमको नमोऽस्तु हम करते॥ २॥

जय हो! जय हो! **शम्भवप्रभु** की, दुखहारक सुखकारक की।
भोग-विषय तृष्णा रोगों के, हर्त्ता आत्म चिकित्सक की॥
गुण गाने में दक्ष न कोई, तो गुणगान करें क्या हम?
अहंकार ममकार मिटाने, करते नमोऽस्तु फिर भी हम॥ ३॥

जय हो! जय हो! **अभिनन्दनप्रभु**, अंतर-बाह्य निरम्बर की।
क्षमा सखी सह दया-वधू ले, चुन ली राह दिगम्बर की॥
नश्वर तन में कुछ ना अपना, आसक्ति तज हित होता।
तत्त्वज्ञान को शाश्वत सुख को, नमोऽस्तु करने मन होता॥ ४॥

जय हो! जय हो! **सुमतिनाथ** की, ऋद्धि-सिद्धि के दायक की।
परम भेद-विज्ञानी सार्थक, आत्म ज्योति के नायक की॥
तजे अपेक्षा और उपेक्षा, दिशा-दशा को जो बदलें।
अन्तर दीप जलाने हम तो, जिनको नमोऽस्तु भी कर लें॥ ५॥

जय हो! जय हो! **पद्मनाथ** की, सुन्दर निर्मल सूरत की।
हुए भव्य कमलों में शोभित, सूरज सी चिन्मूरत की॥
सरस्वती लक्ष्मी शान्ति के, योग सर्व हित जो धरते।
चरण कमल भज, मोक्षमहल को, पल पल नमोऽस्तु हम करते॥ ६॥

जय हो! जय हो! **सुपार्श्वनाथ** की, जो अविनाशी स्वस्थ हुए।
भोग प्रयोजन नहीं हमारा, भोगों से तो कष्ट हुए॥
सभी मृत्यु से डरते लेकिन, माँ सी तुम करते रक्षा।
निजी प्रयोजन सिद्ध करें हम, इससे नमोऽस्तु की इच्छा॥ ७॥

जय हो! जय हो! **चन्द्रनाथ** की, जिनसा तप-धन त्याग नहीं।
चंदा जैसे शीतल हैं पर, चंदा जैसा दाग नहीं॥
रहे सूर्य से बहु तेजस्वी, पर सूरज सम आग नहीं।
आग दाग हर वीतराग को, नमोऽस्तु करना राग नहीं॥ ८॥

जय हो! जय हो! **सुविधिनाथ** की, सुविधि कहें जो शिवपथ की।
अनेकान्त का दया धर्म दे, शुद्धातम उद्घाटित की॥
क्रोध वैर एकान्त धर्म तज, जिन-शासन जीवंत किया।
शत्रु विरोध त्यागने हमने, नमोऽस्तु जय-जयवंत किया॥ ९॥

जय हो! जय हो! **शीतलप्रभु** की, करें चराचर शीतल जो।
जो शीतलता प्रभु से मिलती, चंदन चंदा में ना वो॥
विषय काम धन सुत तृष्णा की, ज्वाला गंगाजल न हरे।
सम्यक् श्रम से आत्मप्रीति को, नमोऽस्तु कर भी मन न भरे॥ १०॥

जय हो! जय हो! **श्रेयनाथ** की, विघ्न हरें जो राह करें।
मधुर वचन से मोक्षमार्ग दें, ज्ञानावरणी आह हरें॥

न्याय-बाण के ब्रह्म-अस्त्र से, आतम के सम्राट हुए।
कष्ट विघ्न बाधाएँ हरने, नमोऽस्तु कर निज ठाठ हुए॥ ११॥

जय हो! जय हो! **वासुपूज्य** की, इन्द्र-पूज्य जग नायक की।
जिन्हें न पूजा निन्दा से कुछ, किन्तु शुद्धि हो पूजक की॥
सिन्धु पुण्य में बिन्दु पाप सम, पूजक की सावद्य क्रिया।
फिर भी 'पुण्यफला' बनने को, नमोऽस्तु बारम्बार किया॥ १२॥

जय हो! जय हो! **विमलनाथ** की, जो निज-पर उपकारक हैं।
अंतरंग बहिरंग दोष के, जो निष्पृह हो हारक हैं॥
विमल ज्योति से कर्म पटल को, पूर्ण हटाने के अवसर।
आत्म सूर्य को उदित कराने, करते नमोऽस्तु हम झुककर॥ १३॥

जय हो! जय हो! **अनन्तनाथ** की, अनन्त गुण भण्डार भरे।
तन की श्रम जल भोग नदी को, तप रवि से परिहार करे॥
भक्त-पुरुष भव पार उतरते, अभक्त जन भव दुखी हुए।
दुखी न हों भव पार उतरने, कर नमोऽस्तु हम सुखी हुए॥ १४॥

जय हो! जय हो! **धर्मनाथ** की, धर्म-तीर्थ प्रतिपादक की।
भव्य सितारों के जो चंदा, कर्म-भर्म संहारक की॥
नाथ! आपकी चेष्टाओं के, दर्शन हुए प्रसन्न हुए।
देही हम भी बनें विदेही, सो नमोऽस्तु कर धन्य हुए॥ १५॥

जय हो! जय हो! **शान्तिनाथ** की, प्रजा सुरक्षक राज हुए।
धार सुदर्शन चक्र विजय कर, चक्रवर्ति अधिराज हुए॥
धर्मचक्र धर समाधिचक्र से, कर्मचक्र हर शुद्ध हुए।
विश्वशान्ति को आत्मशान्ति को, हम नमोऽस्तु करबद्ध हुए॥ १६॥

जय हो! जय हो! **कुन्थुनाथ** की, तीन-तीन पद धारी की।

विषयाशा तज बने तपस्वी, लोकालोक निहारी की॥
जीव मात्र के परम हितैषी, कष्ट निवारक शिवधामी।
करुणा कर करुणाकर! बनने, है नमोऽस्तु है प्रणमामि॥ १७॥

जय हो! जय हो! **अरहनाथ** की, तृष्णा जल जो सुखा दिए।
मोह पाप यम गर्व सैन्य का, डमरू बाजा बजा दिए॥
कामदेव चक्री तीर्थंकर, रत्नत्रय धर मुक्त हुए।
विद्यारथ से मुक्तिपथ को, हम नमोऽस्तु में युक्त हुए॥ १८॥

जय हो! जय हो! **मल्लिनाथ** की, चमत्कार उद्धार किए।
कर्मेन्धन को ध्यान अग्नि से, जला आत्म श्रृंगार किए॥
सर्व जगत् सर्वज्ञ-भक्त बन, नम्रीभूत शरण आगम।
मोहमल्ल की शल्य हरण को, करें चरण में नमोऽस्तु हम॥ १९॥

जय हो! जय हो! **मुनिसुव्रतप्रभु**, नाथ अनाथों के स्वामी।
मुनिपुंगव जो नक्षत्रों के, बीच चाँद सम कल्याणी॥
मोरकण्ठ सम देह सुगंधित, गए मोक्ष शाश्वत सुख में।
मोह शनीश्चर संकट हरने, नमोऽस्तु करके हम खुश हैं॥ २०॥

जय हो! जय हो! **नमिनाथ** की, भक्तों के आराध्य रहे।
चित्परिणाम शुद्ध करने को, साधक के शिव साध्य रहे॥
श्रायस पथ पर बने दयालु, निःश्रेयस निर्वाण रहे।
आप सुनो या नहीं सुनो पर, हम तो नमोऽस्तु कर हि रहे॥ २१॥

जय हो! जय हो! **नेमिनाथ** की, नीलकमल से नैन रहे।
णमो जिणाणं, णमो जिणाणं, चरण ताकते जैन रहे॥
राजुल राज-रमा के त्यागी, आत्म रसिक गिरनार चढ़े।
निज अरिहंत अवस्था पाने, कर नमोऽस्तु हम पाँव पड़ें॥ २२॥

जय हो! जय हो! **पार्श्वनाथ** की, अद्वितीय पौरुष जिनका।
वज्रपात आधी तूफां से, बाल न बाँका हो जिनका॥
लोहा स्वर्ण बनाते पारस, पर पारस पारस करते।
कर्म कीच हर पारस बनने, नमोऽस्तु सादर हम करते॥ २३॥

जय हो! जय हो! **महावीर** की, जो जग में विख्यात हुए।
जिनके सूत्र जियो जीने दो, अब भी तो जयवंत हुए॥
प्रातिहार्य पा जिनशासन का, शंख फूँक ऐलान करें।
आप रहो या नहीं रहो हम, कर नमोऽस्तु सम्मान करें॥ २४॥

ये चौबीसों तीर्थंकर प्रभु, मुक्ति वल्लभा कहलाते।
नवग्रह उनका क्या कर लें जो, कर्म परिग्रह नशवाते॥
सो '**सुव्रत**' जग कार्य छोड़कर, चौबीसी को नमन करो।
अब तक जो शुभ कार्य किया ना, वो करके निज रमण करो॥ २५॥

===

गुरु वन्दना

यूँ तो अपनी गुरु भक्ति का, इस दुनियाँ में अंत नहीं।
और सुनो धरती अम्बर में, जिनवाणी सम ग्रन्थ नहीं॥
णमोकार सम मंत्र नहीं है, मोक्षमार्ग सम पंथ नहीं।
संयमस्वर्ण महोत्सव धारी, **विद्यागुरु** सम संत नहीं॥

(दोहा)

माथ रहे गुरु पाद में, हिय में गुरु का ध्यान।
हाथ करें गुरु वन्दना, वचन करें गुरु गान॥

===

लघु प्रतिक्रमण

हे भगवन्!, हे जिनेन्द्र देव!, हे अरिहंत प्रभु! हे पंचपरमेष्ठी! हे नव देवता भगवन्! आपके श्री चरणों में बारम्बार नमोऽस्तु! नमोऽस्तु! नमोऽस्तु!

हे भगवन्! मैंने अब तक जितने भी पाप, अपराध, दोष किए हों या जाने-अनजाने में हो गए हों उन सभी दोषों का क्षमायाचनापूर्वक प्रतिक्रमण करना चाहता हूँ।

हे भगवन्! पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक रूप एकेन्द्रिय, द्वि-इन्द्रिय, त्रि-इन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी-संज्ञी पंचेन्द्रिय आदि त्रस-स्थावर किसी भी जीव का घात किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो, मन-वचन-काय से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

हे भगवन्! हिंसा-झूठ-चोरी-कुशील-परिग्रह रूप पाँच पापों में, जुआ-माँसभक्षण-मद्यपान-शिकार-चोरी-परस्त्रीसेवन-वेश्यागमन रूप सप्त व्यसनों में, क्रोध-मान-माया-लोभपूर्वक, मन-वचन-काय-समरम्भ-समारम्भ-आरम्भ-कृत-कारित-अनुमोदना से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

हे भगवन्! मद्य-माँस-मधुत्याग एवं पंच उदम्बर फलों के त्याग रूप अष्टमूलगुण का पालन करते हुए मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदना से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

हे भगवन्! तीन कुलाचार का पालन करते हुए देवदर्शन करने में-रात्रिभोजन त्याग में, पानी छानने की विधि में मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदना से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

हे भगवन्! वीतरागी देव-जिनशास्त्र-दिगम्बर गुरु, पंचपरमेष्ठी, नवदेवताओं की विनय करने में प्रमाद वश, अज्ञानतावश मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदना से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

हे भगवन्! मेरे द्वारा दिन भर में आने-जाने में, उठने-बैठने में, खाने-पीने में, बोलने-चालने में, रखने-उठाने में, लेने-देने में, सोने-जागने में, पढ़ने-लिखने में, घर-गृहस्थी के कार्यों में, नौकरी-धंधे में, खेती-वाड़ी में, भवन-वास्तु में, टी.व्ही.-मोबाइल-कम्प्यूटर आदि भौतिक साधनों के प्रयोग में और भी जो जाने-अनजाने में प्रमाद वश, अज्ञानतावश, मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदना से जो भी दोष लगे हों वे सब मिथ्या हों।

मैं अपने समस्त प्रत्यक्ष-परोक्ष दोषों की आलोचना करता हूँ, निन्दा करता हूँ, गर्हा करता हूँ, प्रतिक्रमण करता हूँ, प्रायश्चित्त करता हूँ, कायोत्सर्ग करता हूँ। (नौ बार णमोकार मंत्र का जाप)

हे भगवन्! जब तक मुझे मोक्ष की प्राप्ति ना हो तब तक आपके चरणकमल मेरे हृदय में मेरा हृदय आपके चरणों में लीन रहे ऐसी भावना भाता हूँ।

हे भगवन्! मेरे दुखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय हो, बोधि (रत्नत्रय) की प्राप्ति हो, सुगति गमन हो, समाधिमरण हो, जिनगुण की प्राप्ति हो, ऐसी मेरी भावना है।

अंत में यही भावना भाता हूँ-

तेरा मंगल मेरा मंगल, सबका मंगल होवे।
सुखिया होवे सारी दुनियाँ, कोई दुखी न होवे॥
कण-कण मंगल क्षण-क्षण मंगल, जन-जन मंगल होवे।
हे प्रभु! निज मंगल के पहले, जग का मंगल होवे॥

===

आलोचना पाठ

(दोहा)

चौबीसों प्रभु को नमूँ, परमेष्ठी जिनराज।
कर लूँ निज आलोचना, आत्म शुद्धि के काज॥१॥

(सखी)

हे परम दयालू भगवन्, मैं करके नमोऽस्तु दर्शन।
चरणों में अरज लगाऊँ, कैसे निज दोष नशाऊँ॥२॥
मैं होकर क्रोधी मानी, कपटी लोभी अज्ञानी।
दिन भर चर्या करने में, आना-जाना करने में॥३॥
पढ़ने-लिखने लड़ने में, निन्दा ईर्ष्या करने में।
सुख-दुख रोने-हँसने में, या छींक जँभाई खांसी में॥४॥
सोने-जगने सपने में, मल-मूत्र थूक तजने में।
चूल्हा चक्की चौका में, बर्तन झाड़ू पौंछा में॥५॥
भोजन जल-बिलछानी में, धोने व न्हवन पानी में।
शैम्पू सोड़ा साबुन में, फैशन अंजन-मंजन में॥६॥
या टी. व्ही. मोबाइल में, या नेट मनोरंजन में।
कृषि नौकरी धंधे में, जो हुए व्यसन अंधे में॥७॥
या दवा कीटनाशक में, बिजली मकान पावक में।
हिंसा असत्य चोरी में, अब्रह्म परिग्रह ही में॥८॥
फल पंच उदम्बर खाके, या मद्य-माँस-मधु पाके।
जो नहीं मूलगुण धारे, बाईस अभक्ष्य अहारे॥९॥
या नित्य देव दर्शन में, या कभी रात्रि भोजन में।
जल पिया कभी अनछाना, त्रय [1]कुलाचार न जाना॥१०॥
जो लेकर नियम न पाले, प्रतिकूल धरम के चाले।
या देव-शास्त्र-गुरुओं में, या अपने या औरों में॥११॥

१. तीन कुलाचार—नित देवदर्शन, रात्रिभोजन त्याग, बिना छने पानी का त्याग।

मैंने कर पापाचारी, जो करुणा ना हो धारी।
उससे जो जीव मरे हों, या पीड़ित घात करे हों॥१२॥
या पर से पाप कराए, या अनुमोदन मन भाए।
वह मन-वच-तन के द्वारे, टल जाएँ कषाय सारे॥१३॥
पच्चीस दोष दर्शन के, या ज्ञान चरित आगम के।
दिन रात कभी भी कैसे, जाने अनजाने जैसे॥१४॥
जो पाप हुए हों मुझसे, प्रभु आप बचालो उनसे।
धिक्! धिक्! धिक्कारो मुझको, प्रभु क्षमादान दो मुझको॥१५॥
सीता द्रोपदि या मैंना, या अंजन चंदन मैं ना।
पर नाथ! भक्त तेरा हूँ, सो शुद्धि आप सम चाहूँ॥१६॥
बस बोधि-समाधि हो मेरी, हो छत्रच्छाया तेरी।
कर 'सुव्रत' अब ना देरी, प्रभु! शरण न छूटे तेरी॥१७॥

(दोहा)

वीतराग निर्दोष हैं, परमेष्ठी जिनराज।
बन जाऊँ निर्दोष मैं, सो नमोऽस्तु हो आज॥

===

बारह भावना

(शुद्ध गीता)

चलो चेतन यहाँ क्या है?, हमें अब मोक्ष पाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

१. अनित्य भावना

गए राजा गए राणा, सभी को एक दिन मरना।
अमर कोई नहीं जग में, अथिर संसार का झरना॥
हमें फिर मौत न लूटे, भरम ये तो मिटाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

२. अशरण भावना

गुरु चेला सखा बंधु, किला सेना सुरक्षाएँ।
दवा विद्या हवन वैभव, नहीं कुछ काम में आएँ॥
बचाएँ ना मरण से ये, धरम साँचा ठिकाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

३. संसार भावना

महासंसार वन में हम, शुभाशुभ कर्म-फल पाते।
भटकते चार गतियों में, कहीं सुख लेश ना पाते॥
मिले सुख पाँचवी गति में, वही सत्सार धामा है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

४. एकत्व भावना

मरें जन्में अकेले हम, भटकते हैं अकेले ही।
अकेले कर्म सब करते, सहें सुख दुख अकेले ही॥
अकेली आतमा जग में, अकेले मोक्ष जाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

५. अन्यत्व भावना

पराई चीज को अपनी, कहें अज्ञान से मोही।
इन्हीं से कष्ट पाते वे, इन्हीं को त्यागते योगी॥
कहें किसको सगा अपना, सगा जब तन गँवाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

६. अशुचि भावना

मनोहर देह बाहर पर, पिटारा मैल का अन्दर।
बहे नव द्वार से मैला, लगे फिर भी हमें सुन्दर॥
तजें अनुराग तो सुख का, यहीं बनता खजाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

७. आस्रव भावना

शुभाशुभ भाव योगों से, शुभाशुभ कर्म आते हैं।
शुभाशुभ कर्म आतम को, दुखी करके घुमाते हैं॥
शुभाशुभ को समझ खुद को, निरास्रव बुध बनाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

८. संवर भावना

रही छेदों सहित नैय्या, भरे पानी डुबाती है।
लगे गर डाँट मोरी में, वही भव पार जाती है॥
शुभाशुभ आगमन रोके, धरम संवर सुहाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

९. निर्जरा भावना

पकाते पाल से फल ज्यों, सुखाते ताप से पानी।
सकल जब निर्जरा हो तो, मिले मुक्ति महारानी॥
हमें भी कर्म तप द्वारा, पकाकर के झड़ाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

१०. लोक भावना

नहीं कर्त्ता नहीं धर्त्ता, नहीं कोई चलाता है।
पुरुष के कर कटी पर ज्यों, सहज यों लोक गाथा है॥
अनादि से इसी में ही, भटकते जीव नाना हैं।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

११. बोधिदुर्लभ भावना

महासागर में ज्यों हीरा, बड़े सौभाग्य से मिलता।
हमें वैसे मनुज जीवन, धरम साधन यहाँ मिलता॥
इसी से रत्न दुर्लभ पा, हमें आतम सजाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

१२. धर्म भावना

कुदेवों को सदा त्यागो, तजो भव पाप हिंसा को।
कहा सर्वज्ञ देवों ने, धरम सच्ची अहिंसा को॥
अरे! 'सुव्रत' धरम-रथ से, हमें शिव साध्य पाना है।
नहीं संसार में फँसना, सही वैराग्य बाना है॥

सामायिक पाठ (द्वात्रिंशतिका)

(सखी)

मैं मैत्री कर लूँ सबसे, गुणियों को लख हर्षाऊँ।
माध्यस्थ रहूँ दुर्जन पर, दुखियों पर करुणा लाऊँ॥१॥
मैं भिन्न करूँ तन चेतन, तलवार म्यान के जैसे।
निर्दोष नन्तगुण आतम, झट पाऊँ प्रभु कृपा से॥२॥
सुख दुख शत्रु मित्रों में, वन भवन मिलन विछुड़न में।
पर ममत्व बुद्धि तज के, प्रभु! समता हो मम मन में॥३॥
प्रभु! चरण दीप तमहर सम, मम हृदय वसें कुछ ऐसे।
थिर लीन सदा कीलित हों, उत्कीर्ण बिम्ब के जैसे॥४॥
प्रभु! यहाँ-वहाँ चलने में, जो जीव हुए क्षत मुझसे।
या छिन्न-भिन्न पीड़ित हों, वह पाप मिटे प्रभु पद से॥५॥
जिनपथ प्रतिकूल प्रवर्तन, जो हुआ कर्मवश मुझसे।
या चर्या लोप हुई हो, वह पाप मिटे प्रभु पद से॥६॥
ज्यों वैद्य मंत्र विष हर्त्ता, त्यों जो आलोचन करता।
या निन्दा गर्हा कर वो, भव दुख से पार उतरता॥७॥
यदि प्रमाद से चर्या में, अतिक्रम व्यतिक्रम अतिचारा।
अनाचार हुआ तो शुद्धि, मैं कर लूँ प्रतिक्रम द्वारा॥८॥
मन-शुद्धि का क्षय अतिक्रम, व्यतिक्रम है शील बिगारा।
है विषय रमण अतिचारा, अति आसक्ति अनाचारा॥९॥

यदि अर्थ वाक्य पद मात्रा, कुछ कहा प्रमाद से कम हो।
वह क्षमा सरस्वती देवी, कर केवलज्ञान दो मुझको॥१०॥
हे चिंतामणि सम देवी! मुझको दो बोधि समाधि।
परिणाम विशुद्धि शिवसुख, हो आत्मोपलब्धि की सिद्धि॥११॥
जिनको सुर नर मुनि ध्याएँ, जिनके गुण ग्रंथ सुनाएँ।
अरिहंत देव श्री जिनवर, वह मेरे हिय वस जाएँ॥१२॥
सुख दर्शन-ज्ञानमयी जो, जो बाह्य विकार नशाएँ।
जो समाधिगम्य परमात्मा, वो मेरे हिय वस जाएँ॥१३॥
जो भव दुख जाल नशाएँ, भव अंतराल लख पाएँ।
अंतस्थ योगि अवलोकी, वो मेरे हिय वस जाएँ॥१४॥
जो जन्म मृत्यु दुख हर्त्ता, जो मोक्षमार्ग दिखलाएँ।
अकलंक विकल जगदृष्टा, वो मेरे हिय वस जाएँ॥१५॥
जो राग आदि जग जन में, वो जिनमें कभी न पाएँ।
अनपाये अतिन्द्रिय ज्ञानी, वो मेरे हिय वस जाएँ॥१६॥
जो व्याप्य सिद्ध ज्ञायक हैं, चिंतन दुर्भाव नशाएँ।
निष्कर्म विश्वकल्याणी, वो मेरे हिय वस जाएँ॥१७॥
निकलंक सूर्य सम निर्मल, जो आप्त कर्ममल हर्त्ता।
जो एक अनेकी नित्यं, वह शरण प्राप्त मैं करता॥१८॥
यह जगत प्रकाशी सूरज, जो आप्त अग्र ना टिकता।
यों निजथित ज्ञान प्रकाशी, वह शरण प्राप्त मैं करता॥१९॥
शिव शान्त शुद्ध जिन-दर्शन, कर जगत-पृथक ही दिखता।
जो आप्त अनादि अनन्ता, वह शरण प्राप्त मैं करता॥२०॥
रति मान शोक भय मूर्च्छा, या विषाद निद्रा चिंता।
जो आप्त अग्नि सम हरते, वह शरण प्राप्त मैं करता॥२१॥

पाषाण काष्ठ तृण भूमि, ये नहीं समाधि के आसन।
बिन विषय कषाय चिदातम, वह ज्ञानी कहते साधन॥२२॥
क्योंकि लोकपूजा या आसन, या संघों के सम्मेलन।
ये नहीं समाधि के साधन, सो बाह्य त्याग भज चेतन॥२३॥
ये बाह्य जगत ना मेरा, ना मैं हूँ बाह्य जगत का।
यह निश्चय कर भद्रातम, तज बाह्य ध्यान कर निज का॥२४॥
तुम निज को निज में देखो, हो शुद्ध ज्ञान दर्शन से।
यों जहाँ कहीं बन ध्यानी, तो हो समाधि निश्चय से॥२५॥
मम आतम ज्ञान स्वभावी, एकाकी निर्मल शाश्वत।
यह कर्म जनित जग सारा, ना अपना है ना शाश्वत॥२६॥
तन भी जब जिसका ना तो, क्या पुत्र मित्र तिय साथी।
ज्यों चर्म दूर होने पर, क्या रोमकूप हों साथी॥२७॥
इस संसारी प्राणी को, संयोग दुखों के द्वारे।
सो इच्छुक निज मुक्ति के, संयोग त्याग दें सारे॥२८॥
संसार रूप दुख वन में, हर विकल्प पतन का हेतु।
सो इन्हें त्यागकर केवल, निज को लख निज में रम तू॥२९॥
जो पहले कर्म किए हैं, शुभ अशुभ वही फल पाएँ।
सुख दुख दें अगर पराये, तो निजकृत निष्फल जाएँ॥३०॥
अपने कर्मों बिन कोई, देता न किसी को किंचन।
यों चिंतन कर हे! आत्मन्, पर बुद्धि त्याग परमातम॥३१॥
हैं वंद्य 'अमितगति' द्वारा, निर्दोष मुक्त परमातम।
जो इनको मन से ध्याते, वे पाते मोक्ष महल धन॥३२॥

(दोहा)

इन बत्तीस पदों सहित, 'सुव्रत' हो एकाग्र।
परमातम दर्शन करे, वह पाए लोकाग्र॥

===

समाधि भावना

१.जिनेन्द्र प्रभु को करके नमोऽस्तु, भाव हमारा
हो।
नाथ आपके चरण-शरण में, मरण हमारा हो॥
सदा आपकी छत्र-छाँव को, हम ललचाते हैं।
पुनः आपके दर्शन को हम, जाकर आते हैं॥
२. संवेदनमय श्रुत नचनों से, ध्याएँ भगवन् जी।
सदा शास्त्र अभ्याय करें हम, सन्त समागम भी ॥
साधुजनों के गुण गाकर हम, दोष नशाते हैं। पुनः...
३. सबसे हित मित प्रिय हम बोलें, आतम को ध्याएँ।
मोक्षमार्ग से प्रेम बढाएँ, प्रभु के गुण गाएँ॥
जब तक मोक्ष न पाएँ तब तक, तुमको ध्याते हैं। पुनः...
४. गुरु प्रभु चरणों में जिनवाणी माँ की गोदि में।
हो संन्यास मरण भव-भव में, सम्यक् बोधि में ॥
जनम मरण के पाप नशाने, तुम्हें बुलाते हैं। पुनः...
५. कल्पवृक्ष सम जिन-चरणों की, बचपन से सेवा।
अब तक जो की उसका फल यह, हम चाहें देवा॥
मरण समय तक णमोकर को, भूल न पाते हैं। पुनः...
६. नाथ! आपके चरण हमारे, रहें हृदय मन में।
हृदय हमारा नाथ! आपके, नित हो चरणन में॥
जब तक हम निर्वाण न पाएँ, ये ही ध्याते हैं। पुनः...
७. नाथ! आपकी भक्ति अकेली, सारे पाप हरे।
पुण्य सम्पदा मुक्ति प्रदाता, तन मन स्वस्थ करे॥
हे! जिनवर बस भक्त आपके, कर्म नशाते हैं। पुनः...
८. नाथ! आपके चरणकमल तो, भव का भ्रमण हरें।
अतः हमें भी शरण दीजिए, हम यह विनय करें॥

वीतराग सम हुए न हों सो, शीश झुकाते हैं। पुनः...
९. नाथ! आपके चरण-शरण हम, भव-भव में पाएँ।
भले दुखी दारिद्र रहें पर, तुम्हें न विसराएँ॥
तुमको पाने दुनियाँ के पद, हम ठुकराते हैं। पुनः...
१०. नाथ! आपकी छत्र छाँव तो, हमको प्यारी है।
चरण शरण में मरण समाधि, की तैयारी है॥
करें समाधि मरण यही हम, आश लगाते हैं। पुनः...
११. कष्ट दूर हों कर्म चूर हों, रत्नत्रय पाएँ।
सुगति गमन हो वीर मरण हो, जिनगुण धन पाएँ
'सुव्रत' बोधि-समाधि कारण, भाव बनाते हैं। पुनः...

आत्म भावना

(लय-दिन रात मेरे स्वामी...)

दिन-रात सिद्ध स्वामी, हम भावना ये भाएँ।
शुद्धात्म आप जैसा, हम अपना शीघ्र पाएँ॥
१. जो भाव हैं विकारी, वो राग द्वेष सारे।
सुख शान्ति अपनी छीनें, दुर्भाव ज्यों हुआ रे।
वो राग-द्वेष तुम सम, हम अपने जीत पाएँ॥ शुद्धात्म...
२. बचपन में खेल खेले, फिर तो जवानी भोगी।
खोया बुढ़ापा तो फिर, निज प्राप्ति कैसे होगी।
इस देह में रहें पर, ज्योति विदेही पाएँ॥ शुद्धात्म...
३. हम सोचते सदा हैं, तुमसे ना दूर जाएँ।
भव कर्म रोक लेते, कैसे तुम्हें मनाएँ।
हम काश! आप जैसे, कर्मों को जीत पाएँ॥ शुद्धात्म...
४. श्रृंगार हो हमारा, अलंकार हो तुम्हारा।
उज्ज्वल स्वरूप पाने, अध्यात्म हो तुम्हारा।
आतम के रत्न तुम सम, बोलो कहाँ से पाएँ॥ शुद्धात्म...
५. तुम शक्ति पिण्ड घन हो, चैतन्य में मगन हो।
दर्शन तुम्हारा करने, 'सुव्रत' का भाव मन हो।
तुम एक अंक बनना, हम शून्य रूप पाएँ॥ शुद्धात्म...

जिनवाणी स्तुति

(शुद्ध गीता) (लय—दयाकर दान भक्ति का...)

दयाकर ज्ञान तत्त्वों का, हमें दो भारती माता।
तिमिर अज्ञान पापों का, हरो जिन सरस्वती माता॥

कही अर्हन्त देवों ने, वही है पूज्य जिनवाणी।
रही है अंग बारहमय, रचे गणधर महाज्ञानी॥
हरें मन के अँधेरे हम, हमें श्रुत-दीप दो माता।
तिमिर अज्ञान...।

यही पैनी रही छैनी, जुदा जिय कर्म करती है।
हरे भव ताप दुख जड़ता, यही सुख शान्ति करती है॥
हमारी दूर भटकन हो, दिला दो राह जिनमाता।
तिमिर अज्ञान...।

रहें हम बाल अज्ञानी, नहीं कोई हमारा है।
शरण आए तुम्हारी माँ, यही साँचा सहारा है॥
भुलाकर भूल 'सुव्रत' की भला कर तार दो माता।
तिमिर अज्ञान...।

(दोहा)

तत्त्व पदारथ द्रव्य का, जिनवाणी दे ज्ञान।
जग कल्याणी मात को, बारम्बार प्रणाम॥
माँ जिनवाणी जो भजे, पाले उसकी बात।
पहले सुख दोनों मिलें, बाद मोक्ष मिल जात॥
परमेष्ठी का मंत्र जो, महामंत्र नवकार।
हम सब मिलकर अब यहाँ, मंत्र जपें नौ बार॥

===

श्री भक्तामर स्तोत्र

(वसन्ततिलका)

भक्तामर – प्रणत – मौलि – मणि –प्रभाणा–
मुद्योतकं दलित – पाप – तमो – वितानम्।
सम्यक् प्रणम्य जिन – पाद – युगं युगादा–
वालम्बनं भव – जले पततां जनानाम्॥१॥

यः संस्तुतः सकल–वाङ्मय – तत्त्व–बोधा–
दुद्भूत–बुद्धि – पटुभिः सुरलोक – नाथैः।
स्तोत्रैर्जगत्– त्रितय – चित्त – हरैरुदारैः,
स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम्॥२॥

बुद्ध्या विनापि विबुधार्चित – पाद – पीठ!
स्तोतुं समुद्यत – मतिर्विगत – त्रपोऽहम्।
बालं विहाय जल –संस्थित–मिन्दु–बिम्ब–
मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम् ॥३॥

वक्तुं गुणान्गुण – समुद्र ! शशाङ्क–कान्तान् ,
कस्ते क्षमः सुर – गुरु–प्रतिमोऽपि बुद्ध्या।
कल्पान्त–काल – पवनोद्धत – नक्र–चक्रम्,
को वा तरीतुमलमम्बु–निधिं भुजाभ्याम्॥४॥

सोऽहं तथापि तव भक्ति – वशान्मुनीश!
कर्तुं स्तवं विगत – शक्ति – रपि प्रवृत्तः।
प्रीत्यात्म – वीर्य – मविचार्य मृगी मृगेन्द्रम्
नाभ्येति किं निज–शिशोः परिपालनार्थम्॥५॥

अल्प– श्रुतं – श्रुतवतां परिहास धाम,
त्वद्–भक्तिरेव मुखरी कुरुते बलान्माम् ।
यत्कोकिलः किल मधौ मधुरं विरौति,
तच्चाम्र–चारु – कलिका–निकरैक –हेतुः॥६॥

त्वत्संस्तवेन भव - सन्तति-सन्निबद्धम्,
पापं क्षणात्क्षयमुपैति शरीरभाजाम्।
आक्रान्त-लोक - मलि -नील-मशेष-माशु,
सूर्यांशु- भिन्न-मिव शार्वर-मन्धकारम्॥७॥

मत्वेति नाथ ! तव संस्तवनं मयेद -
मारभ्यते तनु-धियापि तव प्रभावात्।
चेतो हरिष्यति सतां नलिनी-दलेषु ,
मुक्ता-फल-द्युति-मुपैति ननूद-बिन्दुः॥८॥

आस्तां तव स्तवन - मस्त-समस्त-दोषं,
त्वत्सङ्कथाऽपि जगतां दुरितानि हन्ति।
दूरे सहस्रकिरणः कुरुते प्रभैव,
पद्माकरेषु जलजानि विकासभाञ्जि॥९॥

नात्यद्-भुतं भुवन - भूषण! भूत-नाथ!,
भूतैर्गुणैर्भुवि भवन्त - मभिष्टुवन्तः।
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा,
भूत्याश्रितं य इह नात्मसमं करोति ॥१०॥

दृष्ट्वा भवन्त मनिमेष - विलोकनीयम्,
नान्यत्र - तोष- मुपयाति जनस्य चक्षुः।
पीत्वा पयः शशिकर - द्युति - दुग्ध-सिन्धोः,
क्षारं जलं जलनिधे रसितुं क इच्छेत् ?॥११॥

यैः शान्त-राग-रुचिभिः परमाणुभिस्-त्वम्,
निर्मापितस्- त्रि-भुवनैक - ललाम-भूत!
तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्याम्,
यत्ते समान- मपरं न हि रूप-मस्ति॥१२॥

वक्त्रं क्व ते सुर – नरोरग–नेत्र–हारि,
निःशेष – निर्जित – जगत्त्रितयोपमानम् ।
बिम्बं कलङ्क – मलिनं क्व निशाकरस्य,
यद्वासरे भवति पाण्डुपलाश–कल्पम्॥१३॥

सम्पूर्ण– मण्डल–शशाङ्क – कला–कलाप–
शुभ्रा गुणास्–त्रि–भुवनं तव लङ्घयन्ति।
ये संश्रितास्–त्रि–जगदीश्वर नाथ–मेकम्,
कस्तान् निवारयति सञ्चरतो यथेष्टम्॥१४॥

चित्रं – किमत्र यदि ते त्रिदशाङ्ग–नाभिर्–
नीतं मनागपि मनो न विकार – मार्गम्।
कल्पान्त – काल – मरुता चलिताचलेन,
किं मन्दराद्रि–शिखरं चलितं कदाचित्॥१५॥

निर्धूम – वर्ति – रपवर्जित – तैल–पूरः,
कृत्स्नं जगत्त्रय–मिदं प्रकटीकरोषि।
गम्यो न जातु मरुतां चलिताचलानाम्,
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ ! जगत्प्रकाशः॥१६॥

नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः,
स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्–जगन्ति।
नाम्भोधरोदर – निरुद्ध – महा– प्रभावः,
सूर्यातिशायि–महिमासि मुनीन्द्र ! लोके॥१७॥

नित्योदयं दलित – मोह – महान्धकारम्,
गम्यं न राहु – वदनस्य न वारिदानाम्।
विभ्राजते तव मुखाब्ज–मनल्पकान्ति,
विद्योतयज्–जगदपूर्व – शशाङ्क–बिम्बम्॥१८॥

किं शर्वरीषु शशिनाह्नि विवस्वता वा,
युष्मन्मुखेन्दु- दलितेषु तमः -सु नाथ!
निष्पन्न-शालि-वन-शालिनी जीव-लोके,
कार्यं कियज्जल - धरै-र्जल-भार-नम्रैः॥१९॥

ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाशम्,
नैवं तथा हरि - हरादिषु नायकेषु।
तेजो स्फुरन् मणिषु याति यथा महत्त्वम्,
नैवं तु काच-शकले किरणाकुलेऽपि ॥२०॥

मन्ये वरं हरि - हरादय एव दृष्टा,
दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोषमेति।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः,
कश्चिन्मनो हरति नाथ! भवान्तरेऽपि॥२१॥

स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्,
नान्या सुतं त्वदुपमं जननी प्रसूता।
सर्वा दिशो दधति भानि सहस्र-रश्मिम्,
प्राच्येव दिग् जनयति स्फुरदंशु-जालम् ॥२२॥

त्वामामनन्ति मुनयः परमं पुमांस-
मादित्य-वर्ण-ममलं तमसः पुरस्तात्।
त्वामेव सम्य-गुपलभ्य जयन्ति मृत्युं,
नान्यः शिवः शिवपदस्य मुनीन्द्र! पन्थाः॥२३॥

त्वा-मव्ययं विभु-मचिन्त्य-मसंख्य-माद्यम्,
ब्रह्माणमीश्वर - मनन्त - मनङ्ग - केतुम्।
योगीश्वरं विदित - योग-मनेक-मेकम्,
ज्ञान-स्वरूप-ममलं प्रवदन्ति सन्तः ॥२४॥

बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चित - बुद्धि-बोधात्,
त्वं शङ्करोऽसि भुवन-त्रय- शङ्करत्वात्।
धातासि धीर! शिव-मार्ग विधेर्विधानाद्,
व्यक्तं त्वमेव भगवन् पुरुषोत्तमोऽसि॥२५॥

तुभ्यं नमस्-त्रिभुवनार्ति - हराय नाथ!
तुभ्यं नमः क्षिति-तलामल - भूषणाय।
तुभ्यं नमस्-त्रिजगतः परमेश्वराय,
तुभ्यं नमो जिन! भवोदधि-शोषणाय॥२६॥

को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणै-रशेषैस्-
त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश!
दोषै - रुपात्त - विविधाश्रय-जात-गर्वैः,
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि॥२७॥

उच्चै - रशोक - तरु - संश्रितमुन्मयूख -
माभाति रूपममलं भवतो नितान्तम्।
स्पष्टोल्लसत्- किरण-मस्त-तमो-वितानम्,
बिम्बं रवेरिव पयोधर - पार्श्ववर्ति॥२८॥

सिंहासने मणि - मयूख - शिखा-विचित्रे,
विभ्राजते तव वपुः कनकावदातम्।
बिम्बं वियद् - विलस - दंशुलता-वितानम्
तुङ्गोदयाद्रि - शिरसीव सहस्र-रश्मेः ॥२९॥

कुन्दावदात - चल - चामर-चारु-शोभम्,
विभ्राजते तव वपुः कलधौत - कान्तम्।
उद्यच्छशाङ्क - शुचिनिर्झर - वारि -धार-
मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम् ॥३०॥

छत्र–त्रयं तव विभाति शशाङ्क–कान्त–
मुच्चैः स्थितं स्थगित – भानु–कर–प्रतापम्।
मुक्ता–फल – प्रकर–जाल–विवृद्ध–शोभं,
प्रख्यापयत्–त्रिजगतः परमेश्वरत्वम्॥३१॥

गम्भीर – तार–रव–पूरित – दिग्विभागस्–
त्रैलोक्य–लोक – शुभ–सङ्गम–भूति–दक्षः।
सद्धर्म – राज – जय – घोषण – घोषकः सन्,
खे दुन्दुभि–र्ध्वनति ते यशसः प्रवादी॥३२॥

मन्दार – सुन्दर – नमेरु – सुपारिजात–
सन्तानकादि – कुसुमोत्कर – वृष्टि–रुद्धा।
गन्धोद – बिन्दु– शुभ – मन्द – मरुत्प्रपाता,
दिव्या दिवः पतति ते वचसां ततिर्वा॥३३॥

शुम्भत्–प्रभा – वलय – भूरि – विभा–विभोस्ते,
लोक – त्रये – द्युतिमतां द्युति–माक्षिपन्ती।
प्रोद्यद्–दिवाकर – निरन्तर – भूरि–संख्या,
दीप्त्या जयत्यपि निशामपि सोम–सौम्याम्॥३४॥

स्वर्गापवर्ग – गम–मार्ग – विमार्गणेष्टः,
सद्धर्म–तत्त्व – कथनैक – पटुस्–त्रिलोक्याः।
दिव्य– ध्वनि–र्भवति ते विशदार्थ–सर्व–
भाषा–स्वभाव – परिणाम–गुणैः प्रयोज्यः॥३५॥

उन्निद्र – हेम – नव–पङ्कज – पुञ्ज–कान्ती,
पर्युल्–लसन्–नख – मयूख – शिखाभिरामौ।
पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र! धत्तः,
पद्मानि तत्र विबुधाः परिकल्पयन्ति॥३६॥

इत्थं यथा तव विभूति- रभूज् - जिनेन्द्र!
धर्मोपदेशन - विधौ न तथा परस्य।
यादृक् - प्रभा दिनकृतः प्रहतान्धकारा,
तादृक्-कुतो ग्रहगणस्य विकासिनोऽपि॥३७॥

श्च्यो-तन् - मदाविल-विलोल - कपोल-मूल,
मत्त- भ्रमद्- भ्रमर - नाद - विवृद्ध-कोपम्।
ऐरावताभमिभ - मुद्धत - मापतन्तम्
दृष्ट्वा भयं भवति नो भवदाश्रितानाम्॥३८॥

भिन्नेभ-कुम्भ- गल-दुज्ज्वल - शोणिताक्त,
मुक्ता - फल- प्रकरभूषित - भूमि - भागः।
बद्ध-क्रमः क्रम-गतं हरिणाधिपोऽपि,
नाक्रामति क्रम-युगाचल-संश्रितं ते॥३९॥

कल्पान्त-काल - पवनोद्धत - वह्नि -कल्पं,
दावानलं ज्वलित-मुज्ज्वल - मुत्स्फुलिङ्गम्।
विश्वं जिघत्सुमिव सम्मुख - मापतन्तं,
त्वन्नाम-कीर्तन-जलं शमयत्यशेषम्॥४०॥

रक्तेक्षणं समद - कोकिल - कण्ठ-नीलम्,
क्रोधोद्धतं फणिन - मुत्फण - मापतन्तम्।
आक्रामति क्रम - युगेण निरस्त - शङ्कस्-
त्वन्नाम - नागदमनी हृदि यस्य पुंसः॥४१॥

वल्गत् - तुरङ्ग - गज - गर्जित - भीमनाद,
माजौ बलं बलवता - मपि - भूपतीनाम्।
उद्यद् - दिवाकर - मयूख - शिखापविद्धम्
त्वत्कीर्तनात्तम - इवाशु भिदामुपैति॥४२॥

कुन्ताग्र–भिन्न – गज – शोणित – वारिवाह,
वेगावतार – तरणातुर – योध – भीमे।
युद्धे जयं विजित – दुर्जय – जेय – पक्षास्–
त्वत्पाद–पङ्कज – वनाश्रयिणो लभन्ते॥४३॥

अम्भोनिधौ क्षुभित – भीषण – नक्र – चक्र–
पाठीन–पीठ–भय–दोल्वण – वाडवाग्नौ।
रङ्गत्तरङ्ग –शिखर–स्थित – यान – पात्रास्–
त्रासं विहाय भवतः स्मरणाद्–व्रजन्ति॥४४॥

उद्भूत – भीषण – जलोदर – भार – भुग्नाः,
शोच्यां दशा–मुपगताश्–च्युत–जीविताशाः।
त्वत्पाद–पङ्कज – रजो–मृत – दिग्ध – देहाः,
मर्त्या भवन्ति मकर–ध्वज–तुल्यरूपाः॥४५॥

आपाद – कण्ठमुरु – शृङ्खल – वेष्टिताङ्गा,
गाढं–बृहन्–निगड – कोटि निघृष्ट – जङ्घाः।
त्वन्–नाम – मन्त्र – मनिशं मनुजाः स्मरन्तः,
सद्यः स्वयं विगत – बन्ध–भया भवन्ति॥४६॥

मत्त–द्विपेन्द्र – मृग–राज – दवानलाहि–
संग्राम–वारिधि–महोदर – बन्ध –नोत्थम्।
तस्याशु नाश – मुपयाति भयं भियेव,
यस्तावकं स्तव–मिमं मतिमान–धीते॥ ४७॥

स्तोत्र–स्रजं तव जिनेन्द्र गुणैर्निबद्धाम्,
भक्त्या मया रुचिर–वर्ण – विचित्र–पुष्पाम्।
धत्ते जनो य इह कण्ठ – गता– मजस्रम्,
तं मानतुङ्ग–मवशा–समुपैति लक्ष्मीः॥४८॥

===

तत्त्वार्थसूत्रम्

(अनुष्टुप)

मोक्ष-मार्गस्य नेतारं, भेत्तारं कर्म-भू-भृताम्।
ज्ञातारं विश्व तत्त्वानां, वन्दे तद्गुण-लब्धये॥

(स्त्रग्धरा)

त्रैकाल्यं द्रव्य-षट्कं, नव-पद-सहितं जीव षट्काय-लेश्याः।
पञ्चान्ये चास्ति-काया, व्रत-समिति-गति-ज्ञान-चारित्र-भेदाः॥
इत्ये-तन्मोक्षमूलं, त्रिभुवन-महितैः प्रोक्त-मर्हद्-भिरीशैः।
प्रत्येति श्रद्धधाति, स्पृशति च मतिमान् यः स वै शुद्ध-दृष्टिः॥ १॥

(आर्या)

सिद्धे जयप्प-सिद्धे, चउव्विहारा-हणाफलं पत्ते।
वंदित्ता अरहंते, वोच्छं आराहणा कमसो॥२॥
उज्जोवण-मुज्जवणं, णिव्वहणं साहणं च णिच्छरणं।
दंसण-णाण चरित्तं, तवाण-माराहणा भणिया॥३॥

प्रथमोऽध्यायः

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि मोक्षमार्गः ॥१॥ तत्त्वार्थ-श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्॥२॥ तन्-निसर्गा-दधिगमाद् वा॥३॥ जीवा-जीवास्त्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा मोक्षास्-तत्त्वम्॥ ४॥ नाम-स्थापना-द्रव्य-भाव-तस्तन्न्यासः ॥ ५॥ प्रमाण-नयै-रधिगमः ॥ ६॥ निर्देश-स्वामित्व-साधनाधिकरण-स्थिति-विधानतः॥ ७॥ सत्संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-कालान्तर-भावाल्प-बहुत्वैश्च॥८॥ मति-श्रुता-वधि-मनःपर्यय-केवलानि ज्ञानम्॥९॥ तत्प्रमाणे॥१०॥ आद्ये परोक्षम् ॥११॥ प्रत्यक्ष-मन्यत्॥१२॥ मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ता-भिनिबोध इत्य-नर्थान्तरम्॥१३॥ तदिन्द्रिया-निन्द्रिय-निमित्तम्॥१४॥ अवग्रहे-

हावाय-धारणाः॥१५॥ बहु-बहुविध-क्षिप्रा-निःसृता-नुक्त-ध्रुवाणां सेतराणाम्॥१६॥ अर्थस्य॥१७॥ व्यञ्जनस्यावग्रहः॥१८॥ न चक्षु-रनिन्द्रियाभ्याम्॥१९॥ श्रुतं मति-पूर्वं द्व्यनेक-द्वादश-भेदम्॥२०॥ भव-प्रत्ययोऽवधिर्देव-नारकाणाम्॥२१॥ क्षयोपशम-निमित्तः षड्-विकल्पः शेषाणाम्॥२२॥ ऋजु-विपुलमती मनःपर्ययः॥२३॥ विशुद्ध्य-प्रतिपाताभ्यां तद्विशेषः॥२४॥ विशुद्धि-क्षेत्र-स्वामि-विषयेभ्योऽवधि-मनःपर्यययोः ॥२५॥ मति-श्रुतयो-र्निबन्धो द्रव्येष्-वसर्व-पर्यायेषु॥२६॥ रूपिष्-ववधेः॥२७॥ त-दनन्त-भागे मनः पर्ययस्य॥२८॥ सर्व-द्रव्य-पर्यायेषु केवलस्य॥२९॥ एकादीनि भाज्यानि युगपदे-कस्मिन्ना-चतुर्भ्यः॥३०॥ मति-श्रुतावधयो विपर्ययश्च॥३१॥ स-दसतो-रवि-शेषाद्-यदृच्छोप-लब्धे-रुन्मत्तवत् ॥३२॥ नैगम-संग्रह-व्यवहारर्जु-सूत्र-शब्द-समभि-रूढैवंभूता नयाः॥३३॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रे प्रथमोऽध्यायः॥

द्वितीयोऽध्यायः

औप-शमिक-क्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्व-मौदयिक-पारिणामिकौ च॥१॥ द्वि-नवाष्टा-दशैक-विंशति-त्रि-भेदा यथा-क्रमम्॥२॥ सम्यक्त्व-चारित्रे॥३॥ ज्ञान-दर्शन-दान-लाभ-भोगोप-भोग-वीर्याणि च॥४॥ ज्ञाना-ज्ञान-दर्शन-लब्धयश्-चतुस्त्रि-त्रि पञ्चभेदाः सम्यक्त्व-चारित्र-संयमा-संयमाश्च॥५॥ गति-कषाय-लिङ्ग-मिथ्यादर्शना-ज्ञाना-संयता सिद्ध-लेश्याश्-चतुश्-चतुस्त्र्ये-कै-कै-कैक-षड्भेदाः॥६॥जीव-भव्या-भव्यत्वानि च॥७॥ उपयोगो लक्षणम्॥८॥ स द्विविधोऽष्ट-चतुर्भेदः॥९॥ संसारिणो मुक्ताश्च॥१०॥ सम-नस्का-मनस्काः॥११॥ संसारिणस्-

त्रस-स्थावराः॥१२॥ पृथिव्यप्तेजो-वायु-वनस्पतयः स्थावराः॥१३॥ द्वीन्द्रिया-दयस्त्रसाः॥१४॥ पञ्चेन्द्रियाणि॥१५॥ द्विविधानि ॥१६॥ निर्वृत्युप-करणे द्रव्येन्द्रियम्॥१७॥ लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ॥१८॥ स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षुः श्रोत्राणि॥१९॥ स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण-शब्दास्तदर्थाः॥२०॥ श्रुत-मनिन्द्रियस्य॥२१॥ वनस्पत्यन्ताना-मेकम् ॥२२॥ कृमि-पिपीलिका-भ्रमर-मनुष्यादीना-मेकैक-वृद्धानि ॥२३॥ संज्ञिनः समनस्काः॥२४॥ विग्रह-गतौ कर्म-योगः ॥२५॥ अनुश्रेणि गतिः॥२६॥ अविग्रहा जीवस्य॥२७॥ विग्रहवती च संसारिणः प्राक् चतुर्भ्यः॥२८॥ एक-समया-विग्रहा॥२९॥ एकं द्वौ त्रीन्वाना-हारकः॥३०॥ सम्मूर्च्छन-गर्भोपपादा जन्म॥३१॥ सचित्त-शीत-संवृताः सेतरा मिश्राश्‍-चैकशस्-तद्योनयः॥३२॥ जरायु-जाण्डज-पोतानां गर्भः॥३३॥ देव-नारकाणा-मुपपादः॥३४॥ शेषाणां सम्मूर्च्छनम् ॥३५॥ औदारिक-वैक्रियिकाहारक-तैजस-कार्मणानि शरीराणि ॥३६॥ परं परं सूक्ष्मम्॥३७॥ प्रदेशतोऽसंख्येय-गुणं प्राक् तैजसात् ॥३८॥ अनन्त-गुणे परे॥३९॥ अप्रतीघाते॥४०॥ अनादि-सम्बन्धे च॥४१॥ सर्वस्य॥४२॥ तदादीनि भाज्यानि युगपदे-कस्मिन्ना-चतुर्भ्यः॥४३॥ निरुप-भोग-मन्त्यम्॥४४॥ गर्भ-सम्मूर्च्छनज-माद्यम्॥४५॥ औपपादिकं वैक्रियिकम्॥ ४६॥ लब्धि-प्रत्ययं च॥४७॥ तैजस-मपि॥४८॥ शुभं विशुद्ध-मव्याघाति चाहारकं प्रमत्त-संयतस्यैव॥४९॥ नारक-सम्मूर्च्छिनो नपुंसकानि॥५०॥ न देवाः ॥५१॥ शेषास्-त्रिवेदाः॥५२॥ औपपादिक-चरमोत्तम-देहा-संख्येय-वर्षायुषोऽनप-वर्त्यायुषः ॥५३॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रे द्वितीयोऽध्यायः॥

तृतीयोऽध्यायः

रत्न-शर्करा-बालुका-पङ्क-धूम-तमो-महातमः-प्रभा-भूमयो घनाम्बु-वाता-काश-प्रतिष्ठाः सप्ता-धोऽधः॥१॥ तासु त्रिंशत्-पञ्च-विंशति-पञ्चदश-दश-त्रि-पञ्चोनैक-नरक-शत-सहस्राणि पञ्च चैव यथाक्रमम्॥२॥ नारका नित्या-शुभतर-लेश्याः परिणाम-देह-वेदना-विक्रियाः॥३॥ परस्परो-दीरित-दुःखाः॥४॥ संक्लिष्टा-सुरो-दीरित-दुःखाश्च प्राक्-चतुर्थ्याः॥५॥ तेष्वेक-त्रि-सप्त-दश-सप्तदश-द्वाविंशति-त्रयस्-त्रिंशत्-सागरो-पमा सत्त्वानां परा स्थितिः॥६॥ जम्बूद्वीप-लवणो-दादयः शुभ-नामानो द्वीप-समुद्राः॥७॥ द्वि-र्द्वि-र्विष्कम्भाः पूर्व-पूर्व-परिक्षेपिणो वलया-कृतयः॥८॥ तन्मध्ये मेरु-नाभि-र्वृत्तो योजन-शत-सहस्र-विष्कम्भो जम्बूद्वीपः॥९॥ भरत-हैमवत-हरि-विदेह-रम्यक-हैरण्य-वतैरा-वत-वर्षाः क्षेत्राणि॥१०॥ तद्-विभाजिनः पूर्वा-परायता हिमवन्-महाहिमवन्-निषध-नील-रुक्मि-शिखरिणो वर्षधर-पर्वताः॥११॥ हेमार्जुन-तपनीय-वैडूर्य-रजत-हेममयाः॥१२॥ मणि-विचित्र-पार्श्वा उपरि मूले च तुल्य-विस्ताराः॥१३॥ पद्म-महापद्म-तिगिञ्छ-केसरि-महापुण्डरीक-पुण्डरीका-ह्रदास्-तेषा-मुपरि॥१४॥ प्रथमो योजन-सहस्रायामस्-तदर्ध विष्कम्भो ह्रदः॥१५॥ दश-योजना-वगाहः॥१६॥ तन्मध्ये योजनं पुष्करम्॥१७॥ तद्-द्विगुण-द्विगुणा ह्रदाः पुष्कराणि च॥१८॥ तन्-निवासिन्यो देव्यः श्री-ह्री-धृति-कीर्ति-बुद्धि-लक्ष्म्यः पल्यो-पमस्थितयः ससामानिक-परिषत्काः॥१९॥ गङ्गा-सिन्धु-रोहि-द्रोहि-तास्या-हरिद्-धरिकान्ता-सीता-सीतोदा-नारी-नरकांता-सुवर्ण-रूप्यकूला-रक्ता-रक्तोदाः सरितस्-तन्मध्यगाः॥२०॥ द्वयो-र्द्वयोः पूर्वाः पूर्वगाः॥२१॥ शेषास्-त्वपरगाः॥

२२॥ चतुर्दश-नदी-सहस्र-परिवृता गङ्गा-सिन्ध्वादयो नद्यः॥२३॥ भरतः षड्विंशति-पञ्चयोजन-शत-विस्तारः षट्चैकोन-विंशति-भागा योजनस्य॥२४॥ तद्द्विगुण-द्विगुण-विस्तारा वर्षधर-वर्षा विदेहान्ताः॥२५॥ उत्तरा दक्षिण तुल्याः॥२६॥ भरतै-रावतयो-र्वृद्धि-ह्रासौ-षट्समयाभ्या-मुत्सर्पिण-यवसर्पिणीभ्याम्॥२७॥ ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिताः॥२८॥एक-द्वि-त्रि-पल्योपम-स्थितयो हैमवतक-हारिवर्षक-दैव-कुरवकाः॥२९॥ तथोत्तराः ॥३०॥ विदेहेषु संख्येय-कालाः॥३१॥ भरतस्य विष्कम्भो जम्बूद्वीपस्य नवति-शत-भागः॥ ३२॥ द्विर्धातकी-खण्डे॥३३॥ पुष्करार्द्धे च॥३४॥ प्राङ्-मानुषोत्तरान्-मनुष्याः॥३५॥ आर्या-म्लेच्छाश्च॥३६॥ भरतै-रावत-विदेहाः कर्म-भूमयोऽन्यत्र देव-कुरूत्तर-कुरुभ्यः॥३७॥ नृस्थिती परावरे त्रिपल्यो-पमान्त-र्मुहूर्ते॥३८॥ तिर्यग्योनि-जानां च॥३९॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रे तृतीयोऽध्यायः॥

चतुर्थोऽध्यायः

देवाश्-चतुर्णिकायाः॥१॥ आदितस्-त्रिषु पीतान्त-लेश्याः॥ २॥ दशाष्ट-पञ्च-द्वादश-विकल्पाः कल्पोप-पन्न-पर्यन्ताः॥३॥ इन्द्र-सामानिक-त्रायस्त्रिंश-पारिषदात्म-रक्ष-लोकपाला-नीक-प्रकीर्णका-भियोग्य-किल्विषि-काश्चैकशः॥४॥ त्रायस्-त्रिंश-लोकपाल-वर्ज्या व्यन्तर-ज्योतिष्काः॥५॥ पूर्वयो-र्द्वीन्द्राः॥६॥ काय-प्रवीचारा आ ऐशानात्॥७॥ शेषाः स्पर्श-रूप-शब्द-मनः प्रवीचाराः॥८॥ परेऽप्रवीचाराः॥९॥ भवन-वासिनोऽसुरनाग-विद्युत्-सुपर्णाग्नि-वातस्-तनितो-दधि-द्वीप-दिक्कुमाराः॥१०॥ व्यन्तराः किन्नर-किम्पुरुष-महोरग-गन्धर्व-यक्ष-राक्षस-भूत-पिशाचाः॥ ११॥ ज्योतिष्काः सूर्या-चन्द्र-मसौ ग्रह-नक्षत्र-प्रकीर्णक-तार-

काश्च॥१२॥ मेरु-प्रदक्षिणा नित्य-गतयो नृलोके॥१३॥ तत्कृतः काल-विभागः॥१४॥ बहि-रवस्थिताः॥१५॥ वैमानिकाः॥१६॥ कल्पोप-पन्नाः कल्पा-तीताश्च॥१७॥ उपर्युपरि॥१८॥ सौधर्मैशान-सानत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर-लान्तव-कापिष्ठ-शुक्र-महाशुक्र-शतार-सहस्रा-रेष्वानत-प्राणतयो-रारणा-च्युतयो र्नवसु ग्रैवेयकेषु विजय-वैजयन्त-जयन्ता-परा-जितेषु सर्वार्थ-सिद्धौ च॥ १९॥ स्थिति-प्रभाव-सुख-द्युति-लेश्या-विशुद्-धीन्द्रिया-वधि-विषयतोऽधिकाः॥२०॥ गति-शरीर-परिग्रहाभि-मानतो हीनाः॥२१॥ पीत-पद्म-शुक्ल-लेश्या द्वि-त्रि शेषेषु॥२२॥ प्राग्-ग्रैवेयकेभ्यः कल्पाः॥२३॥ ब्रह्म-लोकालया लौकांतिकाः॥२४॥ सारस्वता-दित्य-वह्न्य-रुण-गर्दतोय-तुषि-ताव्या-बाधा-रिष्टाश्च॥२५॥ विजयादिषु द्विचरमाः॥२६॥ औपपादिक-मनुष्येभ्यः शेषास्-तिर्यग्-योनयः॥२७॥ स्थिति-रसुर-नाग-सुपर्ण-द्वीप-शेषाणां सागरोपम-त्रिपल्यो-पमार्द्ध-हीन-मिताः॥२८॥ सौधर्मैशानयोः सागरोपमे-अधिके॥२९॥ सानत्कुमार-माहेन्द्रयोः सप्त॥३०॥ त्रि-सप्त-नवैका-दश-त्रयोदश-पञ्चदशभि-रधिकानि तु॥३१॥ आरणा-च्युता-दूर्ध्व-मेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च॥३२॥ अपरा पल्योपम-मधिकम्॥३३॥ परतःपरतः पूर्वा-पूर्वा-नन्तरा॥ ३४॥ नारकाणां च द्वितीयादिषु॥३५॥ दश-वर्ष-सहस्राणि प्रथमायाम्॥३६॥ भवनेषु च॥३७॥ व्यन्तराणां च॥३८॥ परा पल्योपम-मधिकम्॥३९॥ ज्योतिष्काणां च॥४०॥ तदष्ट-भागोऽपरा॥४१॥ लौकान्तिका-नामष्टौ सागरो-पमाणि सर्वेषाम्॥ ४२॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रे चतुर्थोऽध्यायः॥

पंचमोऽध्यायः

अजीव-काया-धर्मा-धर्मा-काश-पुद्गलाः॥१॥ द्रव्याणि॥२॥ जीवाश्च॥३॥ नित्या-वस्थितान्यरूपाणि॥४॥ रूपिणः पुद्गलाः॥५॥ आ आकाशा-देक-द्रव्याणि॥६॥ निष्क्रियाणि च॥७॥ असंख्येयाः प्रदेशा धर्मा-धर्मैक-जीवानाम्॥८॥ आका-शस्या-नन्ताः॥९॥ संख्येया-संख्ये-याश्च पुद्गलानाम्॥१०॥ नाणोः॥११॥ लोका-काशेऽवगाहः॥१२॥ धर्मा-धर्मयोः कृत्स्ने॥१३॥ एक-प्रदेशा-दिषु भाज्यः पुद्गलानाम्॥१४॥ असंख्येय-भागादिषु जीवानाम्॥१५॥ प्रदेश-संहार-विसर्पाभ्यां प्रदीपवत्॥१६॥ गति-स्थित्यु-पग्रहौ धर्मा-धर्मयो-रुपकारः॥१७॥ आकाशस्या-वगाहः॥१८॥ शरीर-वाङ्मनः प्राणा-पानाः पुद्गलानाम्॥१९॥ सुख-दुःख-जीवित-मरणो-पग्रहाश्च॥२०॥ परस्परो-पग्रहो जीवानाम्॥२१॥ वर्तना-परिणाम-क्रियाः परत्वा-परत्वे च कालस्य॥२२॥ स्पर्श-रस-गन्ध-वर्णवन्तः पुद्गलाः॥२३॥ शब्द-बन्ध-सौक्ष्म्य-स्थौल्य-संस्थान-भेद-तमश्छाया-तपोद्योत-वन्तश्च॥२४॥ अणवः स्कन्धाश्च॥२५॥ भेद-संघातेभ्यः उत्पद्यन्ते॥२६॥ भेदा-दणुः॥२७॥ भेद-संघाताभ्यां चाक्षुषः॥२८॥ सद् द्रव्य-लक्षणम्॥२९॥ उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य-युक्तं सत्॥३०॥ तद्-भावाव्ययं नित्यम्॥३१॥ अर्पिता-नर्पित-सिद्धेः॥३२॥ स्निग्ध-रूक्षत्वाद् बन्धः॥३३॥ न जघन्य-गुणानाम्॥३४॥ गुण-साम्ये सदृशानाम्॥३५॥ द्व्यधिकादि-गुणानां तु॥३६॥ बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च॥३७॥ गुण-पर्ययवद् द्रव्यम्॥३८॥ कालश्च॥३९॥ सोऽनन्त-समयः॥४०॥ द्रव्याश्रया निर्गुणाः गुणाः॥४१॥ तद्भावः परिणामः॥४२॥

॥ इति तत्त्वार्थसूत्रे पंचमोऽध्यायः॥

षष्ठोऽध्यायः

काय-वाङ्-मनः-कर्म योगः॥१॥ स आस्त्रवः॥२॥ शुभः पुण्यस्या-शुभः पापस्य॥३॥ सकषाया-कषाययोः साम्परायि-केर्या-पथयोः॥४॥ इन्द्रिय-कषाया-व्रतक्रियाः पञ्च चतुः पञ्च-पञ्चविंशति-संख्याः पूर्वस्य भेदाः॥५॥ तीव्र-मन्द-ज्ञाता-ज्ञात-भावाधि-करण-वीर्य-विशेषेभ्यस्-तद्-विशेषः॥६॥ अधिकरणं जीवा-जीवाः॥७॥ आद्यं संरम्भ-समा-रम्भा-रम्भ-योग-कृत-कारितानु-मत-कषाय-विशेषैस्-त्रिस्-त्रिस्-त्रिश्-चतुश्-चैकशः॥८॥ निर्वर्तना-निक्षेप-संयोग-निसर्गा द्वि-चतुर्द्वि-त्रि-भेदाः परम्॥९॥ तत्प्रदोष-निह्नव-मात्सर्यान्-तराया-सादनोप-घाता ज्ञान-दर्शनावरणयोः॥१०॥ दुःख-शोक-तापा-क्रन्दन-वध-परिदेव-नान्यात्म-परोभय-स्थानान्य-सद्-वेद्यस्य॥११॥भूत-व्रत्यनु-कम्पा-दान-सराग संयमादियोगः क्षान्तिः शौच-मिति सद्-वेद्यस्य॥१२॥ केवलि-श्रुत-संघ-धर्म-देवा-वर्णवादो दर्शन-मोहस्य॥१३॥ कषायो-दयात्तीव्र-परिणामश्-चारित्र-मोहस्य॥ १४॥ बह्वारम्भ-परिग्रहत्वं नारकस्यायुषः॥१५॥ माया तैर्यग्योनस्य॥१६॥ अल्पारम्भ परिग्रहत्वं मानुषस्य॥१७॥ स्वभाव-मार्दवं च॥१८॥ निः शील-व्रतत्वं च सर्वेषाम्॥१९॥ सराग-संयम-संयमासंयमा-कामनिर्जरा-बाल-तपांसि दैवस्य॥२०॥ सम्यक्त्वं च॥२१॥ योग-वक्रता विसंवादनं चा-शुभस्य नाम्नः॥२२॥ तद्-विपरीतं शुभस्य॥२३॥ दर्शन-विशुद्धि-र्विनय-सम्पन्नता शील-व्रतेष्वनती-चारोऽभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोग-संवेगौ शक्तितस्त्याग-तपसी साधु-समाधि-वैयावृत्त्य - करण - मर्हदा-चार्य बहुश्रुत-प्रवचन भक्ति-रावश्यका-परि-

